

15:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 15 अंक » 015 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, शुक्लपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080

### विदुर नीति

सामुद्रिकं वणिजं चोरपूर्वं शलाकधूर्तं च चिकित्सकं च।
आरिं च मित्रं च कुशीलवं च नैतन्साक्ष्ये त्वधिकुर्वीत सप्त॥

भावार्थ : सामुद्रिक शास्त्र का जानकार, चोरी के धन से व्यापार करनेवाला, जुआ खेलनेवाला/जुए में धूर्तता करनेवाला, चिकित्सक शत्रु, मित्र और बुरे शील वाली नर्तकी-इन सात को अपनी गवाही के लिए नियुक्त नहीं करना चाहिए।

### रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम 23.00 °c | मिनीमम 08.00 °c

सूर्यास्त (आज) » 17.23 बजे

सूर्योदय (कल) » 06.32 बजे

## ईडी पर हमले के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया

**कोलकाता:** ईडी पर हमले के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पिछले शुक्रवार को ईडी राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली स्थित तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर की तलाशी लेने गई थी। जब वे वहां गए तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। ईडी अधिकारियों की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की। तीन अधिकारियों को भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ईडी ने दावा किया कि शाहजहां के घर के सामने 800 से 1000 लोग जमा हुए। सभी तृणमूल नेताओं के अनुयायी हैं। इस घटना में संदेशखाली थाने में तीन प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। ईडी अधिकारियों के खिलाफ महिलाओं और बच्चों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसी पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से शाहजहां का पता नहीं चल पाया है। ईडी ने दावा किया कि घटना के दिन वह घर पर ही थे। वह ईडी अधिकारियों का विरोध करते हुए पिछले दरवाजे से भाग गए। पुलिस या ईडी ने अभी तक उस शाहजहां की सुध नहीं ली है। लेकिन ईडी पर हमले के सिलसिले में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। रविवार को पता चला कि इस घटना में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से रिश्ता तोड़ा

**मुंबई:** पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने पंजे से अपना रिश्ता तोड़ा है। अब उनका शिंदे के शिव सेना खेमे में शामिल हो गये हैं। इसके बाद भाजपा की ओर से राहुल गांधी को तंज कसा गया है। भगवा खेमा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय के ट्वीट में कहा गया, पहले पार्टी नेताओं के साथ न्याय करें। मिलिंद के परिवार से कांग्रेस का 55 साल पुराना रिश्ता है। उसे याद करते हुए नेता ने एक्स हैंडल पर लिखा, मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।" टीम के साथ 55 साल का पारिवारिक रिश्ता यहीं खत्म होता है। मैं उन सभी नेताओं, टीम के साथियों और अधिकारियों का आभारी हूं जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।

## अपने घर के अंदर बनाया ग्यारह फीट का राम मंदिर

**नागपुर:** अयोध्या के राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है, जिससे पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 जनवरी से अनुष्ठान शुरू कर दिया है। उद्घाटन का निमंत्रण पत्र देश के अलग-अलग हिस्सों (अयोध्या राम मंदिर समाचार) तक पहुंच चुका है। वहीं जो लोग नहीं पहुंच पा रहे हैं उनमें से कुछ लोग अपने घर में ही राम मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। ठीक वैसे ही जैसे महाराष्ट्र के नागपुर के सिविल इंजीनियर प्रफुल्ल माटेगांवकर ने किया है। उन्होंने घर के अंदर 11 फीट ऊंचा राम मंदिर बनाया, जो कि अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति है।

## जगन्नाथ पुरी धाम के परिक्रमा के नियम बदले

**पुरी:** जगन्नाथ धाम पुरी से एक विश्व विख्यात धार्मिक स्थल है। कहा जाता है कि श्री क्षेत्र जगन्नाथ दर्शन के दर्शन से लोगों को अनंत काल तक मोक्ष मिलता है। वह पूरा का पूरा जगन्नाथ धाम आमूलचूल बदल गया है। श्री मंदिर परिक्रमा या जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के उद्घाटन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वो भी अयोध्या में राम मंदिर से पहले। जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर की सभी संपत्तियां शुक्रवार को मंदिर अधिकारियों को सौंप दी गई हैं। आपका परिचित जगन्नाथ मंदिर परिसर पहली बार में बिल्कुल अपरिचित लग सकता है। लेकिन उस समय के नियम बदल गए हैं। समय के साथ-साथ जगन्नाथ मंदिर में भी बदलाव आया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्यक्रम** मल्लिकार्जुन खडगे ने राहुल सहित यात्रियों को झंडी दिखायी

# मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा रवाना

- मणिपुर की हालत पर मोदी की आलोचना
- भाजपा और आरएसएस नफरत के प्रतीक
- थौबल की जनसभा में एकत्रित हुई भारी भीड़

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटी :** बहुचर्चित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को आज मणिपुर के थौबल में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने थौबल के खोंगजोम में एक कार्यक्रम के दौरान यात्रा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेताओं ने हिस्सा लिया और राहुल गांधी ने राज्य के मौजूदा परिदृश्य को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए यात्रा का उद्घाटन किया।
सभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने मणिपुर की स्थिति के बारे में बात की और परेशान परिदृश्य के बीच राज्य की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने क्या देखा। उन्होंने कहा, मैं 2004 से राजनीति में हूं और पहली बार मैं भारत में एक ऐसी जगह गया जहां शासन का पूरा बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो गया है। 29 जून के बाद, मणिपुर मणिपुर नहीं रह गया, यह विभाजित हो गया और हर जगह नफरत फैल गई, लाखों लोगों को नुकसान हुआ। लोगों ने अपनी आंखों के सामने अपनों को खो दिया। अब तक, भारतीय पीएम आपके आंसू पोंछने और आपका हाथ पकड़ने के लिए यहां नहीं आए हैं। यह शर्मनाक बात है। शायद

» पेज 2 भी देखें

### यात्रा का मकसद अन्याय के युग को खत्म करना है:कांग्रेस

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि इस यात्रा का मकसद आगामी लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत अन्याय के युग को खत्म करना है। 67 दिनों से अधिक समय तक यात्रा का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी का उद्देश्य किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों सहित विभिन्न सामाजिक समूहों में यह यात्रा बसों में 6,713 किलोमीटर और पैदल यात्रा तय करेगी, जो 67 दिनों में 110 जिलों में 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। मार्च के 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होने की उम्मीद है। हालांकि छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत आज सुबह पहले नई दिल्ली पहुंचे और फिर दिग्गज कांग्रेस नेताओं के साथ विमान से मणिपुर के लिए रवाना हो गए, जहां वह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए हैं।

गड्ढे का झटका और मृत व्यक्ति जिंदा हो गया

# श्मशान के रास्ते से वापस अस्पताल गये



- गांव में दाह संस्कार की तैयारी थी
- तीन दिनों से वेंटिलेटर पर ही थे
- अब नजदीकी अस्पताल में ईलाज

राष्ट्रीय खबर

**चंडीगढ़:** श्मशान जाने के रास्ते में एक गड्ढा था। उस गड्ढे में एंबुलेंस का चक्का गया तो झटका लगा। इस झटके से अंदर मृत घोषित व्यक्ति जिंदा हो गया। उसे जिंदा पाकर उसके घरवाले फिर से उसे अस्पताल वापस ले गये। दरअसल करनाल के निसिंग की यह घटना है। कई दिनों तक बीमार रहने के बाद दर्शन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चार दिन तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद गुरुवार सुबह 9 बजे डॉक्टरों ने दर्शन को मृत घोषित कर दिया। 80 साल के दर्शन सिंह बराड़ को गंभीर रूप से बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दर्शन के शव को अस्पताल से श्मशान घाट तक एम्बुलेंस में ले जाते समय एक अवास्तविक घटना घटी। गड्ढे से टकराने के बाद दर्शन का शव अचानक जीवित हो उठा। दर्शन के परिजन तुरंत एंबुलेंस से श्मशान घाट से नजदीकी अस्पताल ले गए। दर्शन के पोते बलबन सिंह ने बताया कि कई दिनों तक बीमार रहने के बाद दर्शन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चार दिन तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद गुरुवार सुबह 9 बजे डॉक्टरों ने दर्शन को मृत घोषित कर दिया। दर्शन का गांव वाला घर अस्पताल से 100 किमी दूर था।
बलबन ने बताया कि उनके परिवार वाले दर्शन के शव को उस गांव के श्मशान घाट ले जा रहे थे। एंबुलेंस से गांव जाते समय कार का चक्का सड़क के बड़े गड्ढे में गिरी। बलबन ने कहा, हममें से कुछ लोग एम्बुलेंस के अंदर बैठे थे। झटके

» पेज 2 भी देखें

एनआईए की वेबसाइट में किशोर दा अब भी फरार दिख रहे हैं

# माओवादी की गिरफ्तारी का ईनाम किसे लेकर खींचतान

राष्ट्रीय खबर




**कोलकाता :** प्रसिद्ध माओवादी और इस प्रतिबंधित संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य किशोर दा यानी सब्यसाची गोस्वामी की गिरफ्तारी के बाद ईनाम का पैसे किसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल बन गया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि एनआईए द्वारा निर्धारित 10 लाख रुपये का ईनाम जिला पुलिस को दिया जाएगा या राज्य पुलिस को। या फिर उन्हें कोई बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा क्योंकि एनआईए ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। सब्यसाची के पुलिस जाल में फंसने के दो दिन बाद भी इस मुद्दे को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस बीच, राज्य पुलिस ने शीर्ष माओवादी नेता की गिरफ्तारी के बाद जंगलमहल के चार जिलों के 29 पुलिस स्टेशनों में रेड अलर्ट जारी किया है। इसके चलते कैंप, थाने, चौकियां हर जगह अलर्ट है। क्योंकि पूर्व में इस जंगल में माओवादी आंदोलन के दौरान उनके बड़े नेता के पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद उन्होंने तोड़फोड़ की थी। हालांकि अब जंगल महल में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। फिर भी सतर्क राज्य पुलिस कोई जोखिम नहीं लेना चाहती।
गिरफ्तार माओवादी नेता सब्यसाची को पूछताछ के लिए शुक्रवार रात बांकुड़ा ले जाया गया है। हालांकि राज्य पुलिस के आईजी (बांकुड़ा रेंज) भरतलाल मीणा शनिवार को उनसे पूछताछ करने पुरुलिया आये। पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बंद्योपाध्याय ने कहा, विभिन्न मामलों में पूछताछ जारी है। पुरुलिया जिला पुलिस गिरफ्तार सब्यसाची से शुक्रवार शाम से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार माओवादी नेता अक्टूबर 2003 में इसी जिले के बंदवान के कटागोरा जंगल में बारूदी सुरंग विस्फोट में बंदवान थाने के तत्कालीन ओसी नीलमाधव दास की मौत

» पेज 2 भी देखें

# इराक और सीरिया के ठिकानों पर तुर्किए का हवाई हमला



**इस्तांबुल:** तुर्किए ने इराक और सीरिया में हवाई हमले किए, बंकरों, आश्रयों और तेल सुविधाओं को नष्ट कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तुर्किए ने शनिवार को पड़ोसी इराक और सीरिया में सिलसिलेवार हवाई हमले किए। ये हमले तब हुए हैं जब अमेरिका और अन्य देशों ने शुक्रवार और शनिवार को यमन में अलग-अलग हमले शुरू किए। तुर्किए रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विमानों ने उत्तरी इराक में मेटिना, हाकुर्क, गारा और कंदील में कुर्द आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। ये हमले इराक में तुर्किए के सैन्य अड्डे पर हुए हमले के जवाब में थे, जिसमें नौ तुर्किए सैनिक मारे गए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लड़ाकू विमानों ने हमारे लोगों और सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी हमलों को खत्म करने और हमारी सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुफाओं, बंकरों, आश्रयों और तेल सुविधाओं को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि कई आतंकवादियों को निष्प्रभावी कर दिया गया। इसमें सीरिया में किसी हमले का जिक्र नहीं किया गया। मंत्रालय ने कहा कि ये लक्ष्य कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से संबद्ध थे, जो एक प्रतिबंधित कुर्द अलगाववादी समूह है, जो उत्तरी इराक में अपना आधार रखता है। पीकेके को संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में अन्य तुर्किए सहयोगियों द्वारा एक आतंकवादी संगठन माना जाता है। एरबिल स्थित इराकी समाचार वेबसाइट रुडॉ ने बताया कि शुक्रवार को जिस अड्डे पर हमला किया गया वह तुर्किए से लगभग 10 मील दूर अमेदी जिले में माउंट जैप पर स्थित था।

तीन मवेशियों की मौत के बाद भी सो रहा है वन विभाग

# हजारीबाग क्षेत्र में वर्षो बाद बाघ आने की घटना

- पन्ना टाईगर रिजर्व से गायब है कन्हैया
- तीन ग्रामीणों का पता चला, जो पीड़ित है
- घायल होकर लौटी गाय ने घर पर दम तोड़ा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** हजारीबाग नेशनल पार्क में दशकों बाद बाघ होने की सूचना के बाद भी वन विभाग की सुस्ती कई सवाल खड़े कर रही है। वन विभाग के अधिकारी बाघ के इस इलाके मे होने की न तो पुष्टि कर रहे हैं और ना ही खंडन कर रहे हैं। दूसरे सूत्र बता रहे हैं कि ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक वहां बाघ है और उसके पैरों के निशान से ही स्पष्ट है कि वह बहुत विशाल आकार का है।
मामले की छानबीन के क्रम में पता चला है कि पास के गांव के तीन लोगों के मवेशियों का अचानक शिकार हुआ था। जिन लोगों के मवेशी किसी अज्ञात जंगली जानवर द्वारा मारे गये हैं, उनके नाम उमेश यादव, गणेश यादव और राजेंद्र यादव बताया गया है। इनमें से एक ग्रामीण की गाय हमले में घायल होने के बाद किसी तरह भागकर लौट आयी थी और उसने घर लौटने के बाद दम तोड़ा है। पुराने लोग मान रहे हैं कि जिस तरीके से मवेशियों का शिकार किया गया था, वह किसी बाघ का ही काम हो सकता है। दूसरी तरफ वन विभाग की तरफ से इस बारे मे कोई पहल नहीं की गयी है। जानकारी मांगे जाने पर पहले तो बाघ होने से साफ तौर पर इंकार किया गया था। इस बीच ग्रामीणों से माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर जब मवेशियों के मारे जाने पर सवाल पूछा गया तो यह जानकारी दी गयी कि पंजों के निशान लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। वहां से पुष्टि होने के बाद ही यह बताया जा सकेगा कि यह बाघ है अथवा नहीं।
ऐसे बयान उनलोगों के हैं, जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान खास तौर पर जंगली जानवरों के पैरों के निशान पहचानने की जानकारी

» पेज 2 भी देखें

**निष्कर्ष** वैज्ञानिकों ने आधुनिक तकनीक से खोये हुए शहरों का पता लगाया

# अमेजन के जंगलों में एक नहीं कई प्राचीन शहर

- प्राचीन सभ्यता के निशान मिले हैं
- लेजर इमेजिंग के सड़कों का पता मिला
- पांच बड़ी और दस छोटी बस्तियां मिली हैं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पुरातत्वविदों ने अपनी एक खोज से दुनिया को हैरान किया है। उनकी शोध का निष्कर्ष है कि अमेजन का खोए हुए शहरों का प्राचीन परिसर एक हजार वर्षों तक फलता-फूलता रहा था। इन खोए हुए शहरों का एक समूह एक सहस्त्राब्दी तक फलता-फूलता रहा, जिसके निष्कर्ष गुरुवार को साइंस जर्नल में प्रकाशित हुए। लेजर इमेजरी से सड़कों, पड़ोसों और बगीचों के जटिल नेटवर्क का पता चला, जो माया सभ्यता द्वारा बनाए गए नेटवर्क की तरह ही जटिल थे। शहरों के निशान सबसे पहले फ्रांस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च (सीएनआरएस)

» पेज 2 भी देखें

### अमेजन को दुनिया का सबसे खतरनाक जंगल माना जाता है

अमेजन को दुनिया का सबसे खतरनाक जंगल माना जाता है, जिसमें घने, ऊंचे पेड़, उलझी हुई लताएं, शत्रु वन्यजीव और जहरीले कीड़े हैं। पुरातत्वविदों का मानना था कि यह ज्यादातर शिकारियों के लिए उपयुक्त है, लेकिन जटिल सभ्यताओं के लिए यह एक दुर्गम स्थान है। हालाँकि, पिछले दो दशकों में, वैज्ञानिकों को बोलीविया से लेकर ब्राजील तक अमेजन में टीले, पहाड़ी किले और पिरामिड सहित मानव बस्तियों के निशान मिले हैं। उपानो घाटी में नए मानचित्रित शहर पिछले निष्कर्षों की तुलना में 1,000 साल पुराने हैं, जिसमें बोलीविया में एक अमेजोनिया सोसायटी लल्लनोस डी मोजोस भी शामिल है, जिसकी खोज ने अमेजन वर्षावन में सभ्यताओं के बारे में वैज्ञानिकों की पहले की धारणा को तोड़ दिया था। दोनों स्थानों की संस्कृतियों का विवरण अभी सामने आना शुरू हुआ है।

चीन की तमाम चेतावनियों को मतदाताओं ने फिर से खारिज किया

# ताइवान के चुनाव में चीन विरोधी दल को तीसरी जीत मिली

राष्ट्रीय खबर



**ताइपेई:** ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की, क्योंकि मतदाताओं ने चीन की चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया कि उनके दोबारा चुने जाने से संघर्ष का खतरा बढ़ जाएगा। ताइवान के वर्तमान उपराष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने शनिवार शाम को जीत की घोषणा की, जबकि उनके दोनों विपक्षी प्रतिद्वंद्वियों ने हार मान ली। यह एक ऐसी रात है जो ताइवान की है। हम ताइवान को दुनिया के मानचित्र पर बनाए रखने में कामयाब रहे, लाई ने अपनी जीत के बाद एक रैली में हजारों उत्साही समर्थकों से कहा। उन्होंने कहा, चुनाव ने दुनिया को ताइवान के लोगों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता

» पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## सदानों के हक के लिए आर पार की लड़ाई होगी: राजेन्द्र प्रसाद

रांची: लवासी सदान मोर्चा की बैठक एक होटल में मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए राजनीतिक अधिकारों को लेकर विशेष चर्चा हुई। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं। लेकिन जनरल सीटों में मूलवासी सदानों के जगह में बाहर के व्यक्ति को राजनीतिक दल उम्मीदवार बनाकर सदानों की हकमारी कर रहे हैं, जिसे अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मूलवास सदान छात्र-छात्राओं और युवाओं से अपने अधिकारों के लिए सड़क में उतरने का आह्वान किया है।

**वोट बैंक**

### आदिवासी वोट बैंक को साधने की कवायद

# रांची में बीजेपी एसटी मोर्चा का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन, पीएम मोदी कर सकते हैं शिरकत

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** लोकसभा चुनाव 2024 में जनजाति वोट बैंक को साधने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मिशन मोड पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची और गुजरात के बड़ोदरा में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। रांची में 11 फरवरी और बड़ोदरा में 18 फरवरी को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

दोनों सम्मेलन की मेजबानी झारखंड करेगा। राज्य का सामाजिक-सांस्कृतिक जत्था प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रस्तुति देगा। तिलका मांझी की शहादत दिवस पर रांची में होनेवाले राष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी देते हुए भाजपा एसटी मोर्चा के प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शिरकत करने की संभावना है। हाल ही में हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि बीजेपी के प्रति जनजातियों का रुझान बढ़ा है।

इसके पीछे केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनजातियों के लिए किए गए कार्य को माना जा रहा है। जनजाति समाज राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से पीएम मोदी को आभार जताने का काम करेंगे।लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीजेपी जनजाति मोर्चा झारखंड सहित देशभर के एक लाख गांवों में चौपाल लगाएगा। इसके माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जनजातियों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी जनता को दी जाएगी। भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि राष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन में देश भर के जनजातियों का जुटान रांची और बड़ोदरा में होगा। इसके अलावा एसटी मोर्चा देश भर के 10 हजार जिलों में स्थानीय स्तर पर अलग-अलग जनजातियों के समूह का सम्मेलन करेगा। इसके जरिए जनजातियों के कल्याण के लिए मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी।इन सबके बीच जनजाति सम्मेलन को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक की गई। जिसमें भाजपा एसटी मोर्चा के प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, बीजेपी एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि मौजूद थे। बैठक में रांची में होनेवाले सम्मेलन के लिए पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव को संयोजक बनाया गया है।

## झामुमो व कांग्रेस अल्पसंख्यकों को बलि का बकरा बना रही : सुदेश

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आजसू पार्टी लगातार विस्तार कर रही है। इस कड़ी में आज आजसू पार्टी के रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें रांची विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने उनको पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को देखते हुए लगातार लोगों का पार्टी में आगमन हो रहा है। यह पार्टी के लिए भी अच्छी बात है। जिस तरह से पिछले कई महीनों से विभिन्न संगठनों व पार्टियों के लोग आजसू का दामन थाम रहे हैं इससे आने वाले चुनाव में पार्टी को और मजबूती मिलेगी, चाहे वह लोकसभा या विधानसभा चुनाव हो। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस अल्पसंख्यकों को बलि का बकरा बना रही हैं। उनको सिर्फ अल्पसंख्यक का वोट चाहिए ना कि विकास।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर गरमाई झारखंड की राजनीति, बीजेपी ने कहा

# पहली बार में तीन राज्य हारे

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**मणिपुर से मुंबई तक की राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर झारखंड में भी राजनीति गरमा गयी है। झारखंड बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के औचित्य पर सवाल उठाया है। उन्होंने हुए कहा कि जब राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा शुरू की तो तीन राज्यों में उनकी हार हो गयी। अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा का क्या औचित्य है। यह एक बड़ा सवाल है।भाजपा नेता ने कहा कि न्याय यात्रा के बाद कांग्रेस लोकसभा चुनाव हारेगी। भाजपा नेता ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की जहां-जहां सरकार है वहां भ्रष्टाचार चरम पर है। विधि व्यवस्था खराब है और लॉ-आर्डर ध्वस्त है। ऐसे में किसको न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी न्याय यात्रा पर निकले हैं, यह बड़ा सवाल है।वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भाजपा नेताओं की बयानबाजी को कांग्रेस ने बकवास करार दिया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजनीतिक यात्रा वहीं है। दूसरी बात यह कि जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा का प्रभाव नहीं पड़ेगा तो फिर भाजपा बेचैन क्यों है।वहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पक्ष में देशव्यापी माहौल बनने का दावा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेता यह नहीं कहें कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस तीन राज्य हारी है। बल्कि फैक्ट यह है कि कांग्रेस ने तीन राज्य हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना जीते हैं। जबकि भाजपा ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है। अभी मुकाबला 3-3 पर टाई है। अब न्याय यात्रा के बाद लोकसभा में इंडिया दलों की जीत तय है।

# झारखंड में 22 जनवरी के दिन को ड्राई डे घोषित करने की मांग पर सियासत तेज

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है। इसे लेकर पूरे देशभर में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। वहीं भाजपा 22 जनवरी के दिन को खास बनाने में जुटी है तो विपक्षी पार्टियां इस दिन को राजनीति का दिन बता रही है। झारखंड में भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूजा को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। दरअसल, भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर 22 जनवरी के दिन राज्य में मांस-मछली और मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।भारतीय जनता पार्टी यह मांग कर रही है कि 22 जनवरी का दिन सत्य, अहिंसा, त्याग और प्रेम का दिन है। इसलिए इस दिन किसी भी जीव का खून न बहे और लोग नशा का सेवन न करें। भारतीय जनता पार्टी की मांग पर झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि भाजपा जो मांग कर रही है क्या यह मांग भाजपा शासित अन्य प्रदेशों में लागू कर दी गई है। यदि भाजपा शासित प्रदेशों में 22 जनवरी के दिन मांस, मछली और मदिरा की बिक्री बंद कर दी जाती है तो उनके सुझाव को सही माना जा सकता है। उन्होंने सांसद दीपक प्रकाश के पत्र पर निशाना चाहते हुए कहा कि वह अपना सुझाव अपने पास रखें। झारखंड सरकार को पता है कि उन्हें क्या करना है।वहीं भाजपा की मांग पर भाकपा की तरफ से अजय सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोगों की अभिव्यक्ति पर रोक लगाना कहीं से भी जायज नहीं है। भाजपा नेता इस तरह की मांग कर अपनी बातों को लोगों पर थोपना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग अपनी इच्छा से उस दिन मांस, मछली या मदिरा का सेवन नहीं करते हैं तो हम उसका स्वागत करेंगे, लेकिन जबरदस्ती बिक्री पर रोक लगाकर लोगों के बीच भ्रम फैलाना उचित नहीं है।इधर भाजपा के द्वारा 22 जनवरी को ड्राई डे घोषित करने की मांग पर राष्ट्रीय जनता दल की तरफ से राजेश यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को किसी भी तरह का पर्व नहीं है, ना तो किसी भी तरह की राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा है। भारतीय जनता पार्टी इस दिन को खास बनाने के लिए लोगों के बीच भ्रम फैला रही है, जो इंडी गठबंधन में बैठे लोग पूरा नहीं होने देंगे।गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने जो मांग की है वह 22 जनवरी के दिन को खास बनाने के लिए किया है, लेकिन झारखंड में भाजपा के खिलाफ झामुमो, राजद, वाम दल का बयान आने के बाद यह तो स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी की इस मांग को सभी धर्म के नाम पर राजनीति बता रहे हैं।

## निकम्मी और बेशर्म भाजपा सरकार की अन्याय के खिलाफ है भारत जोड़ो न्याय यात्रा : आलोक दुब

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आज से सभी झारखंड के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता अपने फेसबुक,ट्युटर, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो लगाऐंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा उस मणिपुर से आज शुरू हो रही है जो पिछले साढ़े आठ महीनों से भाजपा के अन्याय का शिकार हो रही है। 6713 किलोमीटर 66 दिन 110 जिलों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी एवं मल्लिका अर्जुन खड़गे के नेतृत्व में ढींठ,निकम्मी और बेशर्म भाजपा सरकार की अन्याय के खिलाफ आज से शुरू हो रही है। तीनों नेताओं ने रविवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। मकरसंक्रांति के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू,फिरोज रिजवी मुन्ना,अनिकेत कुमार, पप्पू सिंह,बबलू वर्मा, अर्जुन किस्कू,कर्ण कुमार, विक्की महतो,सुशांक सौम्या सहित कई कांग्रेस नेताओं ने खुशी, आजादी,शुभता,एकता एवं अखंडता,भाईचारगी, सद्भावना का प्रतीक मकर संक्रांति त्योहार के शुभ अवसर पर राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पतंग उड़ाया एवं यात्रा के व्यापक सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा यह यात्रा इस देश के पीड़ित, वंचित, शोषित लोगों के लिए है, इस देश की महिलाओं को महंगाई,अत्याचार और दुष्कर्म से न्याय दिलाने के लिए है।

**राजनीति**

### सीटों को लेकर दिल्ली में कांग्रेसी नेताओं और झामुमो प्रतिनिधिमंडल के बीच प्रारंभिक चरण की वार्ता

# अनाप शनाप बयानबाजी से परहेज करें झामुमो प्रवक्ताः कांग्रेस

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों में से झारखंड मुक्ति मोर्चा कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा और वह सीटें कौन कौन सी होंगी, इस पर सहमति बनाने के लिए दिल्ली में कांग्रेसी नेताओं और झामुमो प्रतिनिधिमंडल के बीच प्रारंभिक चरण की वार्ता शनिवार को हो गयी है। दोनों दलों के नेता वार्ता को सकारात्मक बता रहे हैं।शनिवार को ही झामुमो शिष्टमंडल में शामिल सुप्रियो भट्टाचार्या ने यह कहकर झामुमो का रुख साफ कर दिया था कि 2024 लोकसभा चुनाव में झामुमो 2019 की तुलना में अधिक सीट पर उम्मीदवार खड़ा करेगा। जाहिर है कि यह संख्या 05 या उससे ऊपर की होगी क्योंकि 2019 में महागठबंधन में झामुमो को 04 सीटें मिली थी। जिसमें से राजमहल सीट झामुमो ने जीती थी। तब दुमका, गिरिडीह और जमशेदपुर से झामुमो के तीन दिग्गज शिबू सोरेन, जगरनाथ महतो और चंपई सोरेन की हार हो गयी थी।दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए सुप्रियो भट्टाचार्य रांची नहीं लौटे हैं तो अन्य तीन झामुमो नेता विनोद पांडेय, सुदिव्य कुमार सोनू और चम्पई सोरेन मीडिया से दूर रहना चाह रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय की ओर से पार्टी का अधिकृत बयान आया है जो सहयोगी कांग्रेस को परेशान करने वाला है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने दो टूक लहजे में कहा कि इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा 07 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ना चाहता है। यह बात शनिवार को कांग्रेस के आला नेताओं के साथ हुई बैठक में बता भी दिया गया है।झामुमो के नेता ने कहा कि 2019 में जिन 04 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ें उसके अलावा चाईबासा यानी सिंहभूम लोकसभा सीट, कोडरमा, लोहरदगा में पार्टी की मजबूत पकड़ है और झामुमो ही यहां पर भाजपा को शिकस्त दे सकता है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता द्वारा लोहरदगा, कोडरमा पर दावा वाले बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य प्रवक्ता जगदीश प्रसाद साहू ने कहा कि झामुमो के नेताओं को अनाप शनाप बयानबाजी कर भाजपा को मदद पहुंचाने का रास्ता नहीं बनाना चाहिए। जगदीश प्रसाद साहू ने कहा कि सिंहभूम हमारी जीती हुई लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस हर हाल में चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह लोहरदगा, खूंटी, कोडरमा, रांची सहित अन्य लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की मजबूत पकड़ है। इंडिया में कौन सा दल किस सीट पर चुनाव लड़ेगा, इसका फैसला आलाकमान पर छोड़ दें न कि बयानबाजी कर आपसी माहौल को खराब करें।लोकसभा सीटों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा 07 सीटों की दावेदारी और कांग्रेस की विनिंग सीट पर भी आंखें गड़ाए जाने के बाद। कांग्रेस की ओर से आई तीखी प्रतिक्रिया पर भाजपा मजे ले रही है। झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह से इंडी में नीतीश कुमार ने संयोजक का पद ठुकरा दिया है और झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अभी से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, उससे साफ है कि यह लोग आपस में ही लड़ेंगे और इंडी गठबंधन समाप्त हो जाएगा।

## पेज एक का शेष

### मणिपुर से भारत जोड़ो .. .. ..

पीएम मोदी, भाजपा और आरएसएस के लिए मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, 'मणिपुर भाजपा की राजनीति का प्रतीक है, मणिपुर भाजपा और आरएसएस की नफरत का प्रतीक है। मणिपुर भाजपा के दृष्टिकोण और विचारधारा का प्रतीक है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत से पहले राहुल गांधी ने खोंगजोम युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरी झंडी दिखाई। वहीं, बसपा से निष्कासित लोकसभा सदस्य दानिश अली भी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए। यात्रा शुरू होने से पहले राहुल गांधी ने स्थानीय लोगों को संबोधित किया और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आगे कहा कि हम आपसे वादा करते हैं कि आपने जो मूल्यवान माना है, हम उसे वापस लाएंगे, हम सद्भाव, शांति, स्नेह को वापस लाएंगे, जिसके लिए यह राज्य हमेशा जाना जाता रहा है। इस यात्रा में दिन के कार्यक्रम में इंफाल के कोइरेंगेई बाजार में शाम साढेन पांच बजे विश्राम और इंफाल के सेकमई में कौजेंगलीमा खेल संघ फुटबॉल ग्राउंड में रात्रि विश्राम शामिल है।

### श्मशान के रास्ते से वापस .. .. ..

के बाद अचानक मैंने देखा कि मेरे दादाजी का हाथ काँप रहा था। कुछ देर बाद मुझे एहसास हुआ कि दादू अभी भी जीवित हैं। तुरंत एम्बुलेंस मुड़ी और नजदीकी अस्पताल में चली गई। यह भगवान की कृपा है। अन्यथा, ऐसा चमत्कार कैसे हो सकता है? बलबन ने यह भी कहा कि उन्होंने अंतिम संस्कार की सारी व्यवस्था कर ली थी। गांव में तंबू लगा दिया गया। उन्होंने वहां ग्रामीणों के लिए कुछ भोजन की व्यवस्था की। वे दाह-संस्कार के लिए लकड़ियाँ भी लेकर आये। फिलहाल दर्शन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### माओवादी की गिरफ्तारी .. .. ..

का आरोपी है। इसके अलावा जंगलमहल बांकुरा, झाड़ग्राम और मेदिनीपुर में भी उसके नाम पर कई मामले दर्ज हैं। हालांकि उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन पुलिस सैद्धांतिक नेता के साथ अतिथि की तरह व्यवहार कर रही है। उसे एक जैकेट खरीद कर दी जाती है, उसका पसंदीदा खाना दिया जाता है।

दूसरी तरफ गिरफ्तारी के 72 घंटे बाद भी सब्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर एनआईए की वेबसाइट पर मोस्ट वांटेड माओवादी नेता हैं! उनकी तस्वीर और नाम मोस्ट वांटेड लिस्ट में टंगा हुआ है। उनकी प्रोफाइल पर अभी भी फरार शब्द चमक रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो एनआईए की वेबसाइट के मुताबिक, माओवादी सेंट्रल कमेटी के सदस्य और बंगाल प्रभारी सब्यसाची गोस्वामी उर्फ बाबू उर्फ किशोर उर्फ अजय उर्फ पंकज अभी भी भागे हुए या छिपे हुए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की वेबसाइट पर गिरफ्तारी की खबर अपडेट नहीं की गई है।

### हजारीबाग क्षेत्र में वर्षों बाद .. .. .. ..

विशेष तौर पर दी जाती है। एक जिम्मेदार वन अधिकारी के मुताबिक पंजों का यह निशान एक सप्ताह से पहले देखा गया था। उसकी जांच के लिए देहरादून भेजा गया है। वहां से सत्यापन होने के बाद ही यह कहा जा सकता है कि यह वास्तविक में किस मांसाहारी प्राणी के पग मार्क हैं। कभी रॉयल बंगाल टाईगर के लिए प्रसिद्ध इस जंगल में करीब तीस वर्षों से कभी बाघ नजर नहीं आया है। वहां पर लोमड़ियों की बहुतायत है। इसलिए विभाग के स्तर पर यह जताने की भी कोशिश हो रही है कि यह दरअसल लोमड़ियों का हमला भी हो सकता है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय खबर के पास जो पंजों के निशान आये हैं, उससे यह बाघ ही नजर आ रहा है और आकार की वजह से यह बहुत बड़े आकार का वयस्क बाघ है। छान बीन में यह जानकारी भी आयी है कि कन्हैया नाम का एक बाघ पन्ना टाईगर रिजर्व से अभी गायब है। अनुमान है कि वह जंगलों में इधर उधर भटकता हुआ पलामू और चतरा होते हुए यहां आ गया है। अब जानकारी मिली है कि विभाग ने अज्ञात प्राणी की तलाश के लिए जंगली इलाके में कैमरा लगाए हैं। बरकट्ठा के इलाके में बाघ के होने पर पूछे जाने पर विभागीय अधिकारियों ने कहा अभी एक टीम इसकी जांच कर रही है। वहां से टीम के लौट आने के बाद भी पक्के तौर पर कुछ बताया जा सकेगा।

### अमेजन के जंगलों में एक .. .. .. ..

के पुरातत्वविद् स्टीफन रोस्टेन ने 20 साल से भी पहले देखे थे, लेकिन साइंस को बताया, मेरे पास इस क्षेत्र का पूरा अवलोकन नहीं था। नई लेजर मैपिंग तकनीक, जिसे लिडार कहा जाता है, ने शोधकताओं को वन क्षेत्र के माध्यम से देखने और इक्वाडोर की उपानो घाटी की बस्तियों में टीलों और संरचनाओं के नए विवरण का पता लगाने में मदद की।

छवियों में ज्यामितीय पैटर्न में वितरित 6,000 से अधिक मिट्टी के टीले दिखाई दिए, जो सड़कों से जुड़े हुए हैं और एंडीज की पूर्वी तलहटी में एक शहरी कृषि सभ्यता के कृषि परिदृश्य और नदी जल निकासी के साथ जुड़े हुए हैं। सीएनआरएस में जांच का निर्देशन करने वाले रोस्टेन ने बताया, यह शहरों की एक खोई हुई घाटी थी। जनसंख्या का आकार अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। टीम को घाटी में 116 वर्ग मील में आवासीय और औपचारिक संरचनाओं के साथ पांच बड़ी बस्तियां और 10 छोटी बस्तियां मिलीं, एक विशालता जो उन्हें अन्य प्रमुख पुरातात्विक स्थलों के बराबर रखती है। उपानो समाजों का परिदृश्य माया के उद्यान शहरों का प्रतिद्वंद्वी हो सकता है, जहां घर कृषि भूमि से घिरे होते थे, और अधिकांश निवासियों द्वारा खाया जाने वाला भोजन शहर में उगाया जाता था। इक्वाडोर के पोंटिफिकल कैथोलिक विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद्, सह-लेखक फर्नांडो मेजिया ने कहा कि उपानो साइटों की खोज इक्वाडोर के अमेजन में जो कुछ भी पाया जा सकता है, वह अब तक खोज का एक छोटा सा हिस्सा भर है।

### ताइवान के चुनाव में चीन विरोधी .. .. ..

दिखाई है, मुझे उम्मीद है कि चीन समझ सकता है।

लाई के चल रहे साथी ह्सियाओ बी-खिम, जिन्होंने हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका में ताइवान के शीर्ष दूत के रूप में कार्य किया, को उपराष्ट्रपति चुना गया। ताइवान के केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) के अनुसार, वोटों की गिनती समाप्त हो गई है, ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के उम्मीदवार लाई को कुल वोटों का सिर्फ 40 फीसद से अधिक वोट मिले हैं। ताइवान की विपक्षी कुओमितांग (केएमटी) पार्टी के उम्मीदवार होउ यू-इह को 33.49 फीसद वोट मिले, जबकि ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के उम्मीदवार को वेन-जे को 26.45 फीसद वोट मिले। 14 मिलियन से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसका अर्थ है कि मतदान प्रतिशत 71 फीसद से कुछ अधिक रहा।

परिणाम से पता चलता है कि मतदाता डीपीपी के इस विचार का समर्थन कर रहे हैं कि ताइवान एक वास्तविक संप्रभु राष्ट्र है जिसे चीन की धमकियों के खिलाफ सुरक्षा बढ़ानी चाहिए और साथी लोकतांत्रिक देशों के साथ संबंधों को गहरा करना चाहिए, भले ही इसका मतलब बीजिंग द्वारा आर्थिक दंड या सैन्य धमकी हो।

यह शी के नेतृत्व में ताइवान के प्रति आठ साल की बढ़ती मजबूत रणनीति का एक और अपमान है, जिन्होंने कसम खाई है कि मुख्य भूमि के साथ द्वीप का अंततः पुनर्मिलन एक ऐतिहासिक अनिवार्यता है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि चुनाव परिणाम द्वीप पर मुख्यधारा के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। ताइवान, चीन का ताइवान है। यह चुनाव क्रॉस-स्ट्रेट संबंधों में विकास के बुनियादी लेआउट और पाठ्यक्रम को नहीं बदलेगा। इससे दोनों पक्षों के हमवतन लोगों की एक-दूसरे के करीब आने की आम इच्छा नहीं बदलेगी; इससे यह तथ्य नहीं बदलेगा कि मातृभूमि अनिवार्य रूप से फिर से एकीकृत होगी,' प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि चीन की राज्य समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने उद्धृत किया है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

## कूप निर्माण के लक्ष्य को पूरा कराए

रांची: ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने राज्य के सभी उप विकास आयुक्तों से कहा है कि बिरसा सिंचाई कूप संदर्धन योजना के तहत कूप निर्माण के लिए जिन जिलों को जो लक्ष्य दिया गया है उसके अनुरूप अविलंब स्वीकृति की प्रक्रिया करते हुए काम पूरा कराएं। सचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि उन्होंने यह भी कहा है कि जिन जिलों में लक्ष्य पूर्ण नहीं होने की संभावना है वे पूरी स्पष्टता के साथ कारण बतायें ताकि उस पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। ऐसे जिलों के लिए स्वीकृत लक्ष्य को अन्य जिलो में ट्रांसफर किया जायेगा। आवश्यकतानुसार कूप निर्माण का आवंटन किया जायेगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से झारखंड सरकार ने एक लाख कुंआ निर्माण का लक्ष्य रखा है। ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत के अनुसार कुंआ निर्माण किया जायेगा।

मांग

विशेष वाहनों से सेंटर पर आपूर्ति की व्यवस्था

# मकर संक्रांति को लेकर राज्य में बढ़ी दूध और दही की मांग

▶▶ झारखंड में दूध और दही के लिए लोगों के बीच खासा मांग देखा जा रहा है

▶▶ दही का ऑर्डर 75 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है



राष्ट्रीय खबर

रांची: मकर संक्रांति को लेकर दूध व्यापारियों और दूध से जुड़े कारोबार करने वाले लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। राजधानी रांची में दूध कंपनियों ने भी ग्राहकों के बीच दूध आपूर्ति के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।झारखंड सरकार की मेधा दूध फैक्ट्री ने राज्य भर में ग्राहकों के बीच दूध और दही मुहैया कराने के लिए अपने पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए हैं तो वहीं सुधा दूध फैक्ट्री ने भी अपने पदाधिकारियों के बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। मेधा दूध फैक्ट्री के जेनरल मैनेजर पवन कुमार मारवा ने बताया कि मकर संक्रांति को लेकर पूरे राज्य में दूध और दही की मांग दोगुनी हो गई है। पवन कुमार मारवा ने बताया कि साढ़े आठ लाख लीटर दूध का ऑर्डर आ चुका है, जबकि दही का ऑर्डर 75 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है।

पिछले वर्ष के आंकड़े की तुलना करें तो इस वर्ष करीब एक लाख लीटर दूध और 15 मीट्रिक टन दही में वृद्धि हुई है।वहीं सुधा दूध कंपनी के मुख्य कार्यपालक राकेश कुमार बताते हैं कि उनकी कंपनी ने भी लगभग 8 लाख लीटर दूध और 50 टन दही की बिक्री की है। इसके अलावा उनक१ कंपनी के द्वारा फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी बनाई गई है, जो मकर संक्रांति के दिन किसी भी रिटेलर के पास आकस्मिक आपूर्ति कराएंगे। वहीं राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि मकर संक्रांति के मौके पर किसी भी रिटेलर के द्वारा ज्यादा दाम पर दही या दूध बेचा जा रहा हो तो उस पर भी रोक लगाई जाएगी।वहीं दूध कंपनियों के द्वारा दही खाओ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। आगामी 20 जनवरी और 22 जनवरी को दही खाओ कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि झारखंड में दूध और दही के लिए लोगों के बीच खासा मांग देखा जा रहा है, अब देखने वाली बात होगी कि इस बार दही और दूध की कितनी बिक्री हो पाती है।

## दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की उत्सव की तैयारी



राष्ट्रीय खबर

रांची: 14 जनवरी को दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर परिसर मे एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता शशिभूषण ओझा जी एवं संचालन अभिषेक मिश्रा जी के द्वारा की गई। उक्त बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के उद्घाटन व प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की पुनीत अवसर पर दलादली चौक समीप अवस्थित हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, एवं शिव मंदिर में भव्य से भव्य रूप से उत्सव कैसे मनाएं, इन सारी विषयों पर उपस्थित सभी राम भक्तों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया गया। जिसमे उक्त कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने के लिए सर्वसम्मति से समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया जैसे- संकट मोचन मंदिर परिसर को विद्युत रंग विरंगी लरियों से अथवा ताजे फूलों से सजाया जाना, 24 घंटे की संपूर्ण रामायण पाठ, भजन कीर्तन, दिव्य दीपोत्सव मनाना, अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की लाईव प्रसारित किये जाने की व्यवस्था, मंदिर के आस पास के चौक चौराहों व क्षेत्रों को श्री राम हनुमान झंडों को लगाकर उक्त क्षेत्रों को राममय बनाना, पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार करना, उपस्थित श्रधालुओं के लिए खीर की भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण आदि.के साथ . कार्यक्रम की तैयारी की मूर्तरूप दिया गया। जिसमे सभी रामभक्तों ने उत्सव मनाने के लिए तन मन धन से सेवा देने की बात कही। इस पुनीत कार्य की तैयारी बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सत्येंद्र नारायण शर्मा जी, जनार्दन ओझा जी, जितेंद्र दुबे जी, बिरेंद्र सिंह जी, उमेश्व ओझा जी, धर्मेंद्र उपाध्याय जी, राजेंद्र चौधरी जी, लाल लोकनाथ सहदेव जी, बबंन सिंह जी, अमरजीत कुमार, जितेंद्र तिवारी जी, गौतम राय जी, अनिल कुमार पांडेय जी, प्रांजल कुमार सिंह जी, लवकुश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार अग्रवाल, राजनंदन जी, निरंजन भगत, राम कृष्ण माली, राजकुमार यादव, नवीन कुमार, सहित कई अन्य रामभक्त शामिल थे।

## जमशेदपुर और बोकारो को मिलेंगे 500-500 बेड के अस्पताल

राष्ट्रीय खबर

रांची : राज्य में अब मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। वहीं हॉस्पिटलों में भी बेड बढ़ाए जा रहे है। अब सरकार की पहल पर राज्य के दो जिलों जमशेदपुर और बोकारो में बड़े अस्पतालों की सुविधा मरीजों को मिलेगी। जिसके लिए सरकार ने राशि का आवंटन भी कर दिया है। ऐसे में जमशेदपुर में पहले 500 बेड का अस्पताल लोगों को मिल जाएगा। वहीं, बोकारो के लिए लोगों को इंतजार करना होगा। बता दें कि राज्य में नए मेडिकल कालेज खोलने पर सरकार का जोर है। जिससे कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए यहां के बच्चों को बाहर न जाना पड़े।साकची जमशेदपुर में 500 बेड का अस्पताल का काम चल रहा है। जिसके लिए 43,446 लाख रुपए सरकार ने आवंटित किए है। इस अस्पताल का काम तेजी से चल रहा है। काम पूरा होने के बाद एमजीएम के बाद दूसरा बड़ा अस्पताल लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध होगा। वहीं, मरीजों को इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।बोकारो में मेडिकल कालेज के साथ 500 बेड का हॉस्पिटल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 68,849 लाख रुपए आवंटित कर दिया गया है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यहां पर मेडिकल की पढ़ाई भी होगी और मरीजों का इलाज भी। ऐसे में रिसर्च की संभावनाएं भी बढ़ेगी। मेडिकोज को रिसर्च के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

फिजियोथेरेपी काउंसिल ने दिया अल्टीमेटम

## 15 दिन में नहीं कराया रजिस्ट्रेशन तो सेंटर पर लगेगा ताला



राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड में अब किसी भी फिजियोथेरेपी सेंटर के संचालन के लिए काउंसिल से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसके तहत काउंसिल की ओर से आम सूचना जारी की गई थी। जिसमें राज्य भर के फिजियोथेरेपिस्ट को प्रैक्टिस से पहले भी रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया था। अब उसकी डेडलाइन भी खत्म हो चुकी है। ऐसे में फिजियोथेरेपी काउंसिल ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इसी के तहत टीम ने हरमू चौक स्थित रांची फिजियोथेरेपी क्लिनिक और पहाड़ी मंदिर स्थित सरस्वती फिजियोथेरेपी क्लीनिक में औचक निरीक्षण किया था। दोनों ही जगह रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। ऐसे में उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद काउंसिल इन सेंटरों पर तला लगा देगा।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले कराटे खिलाड़ी सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

रांची: इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) की द रांची प्रेस क्लब शाखा की ओर से क्लब सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को पदक दिला कर देश की गरिमा को बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन और विशिष्ट अतिथि सचिव अमरकांत थे। जिन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पो?ा ने प्रेस क्लब के नए निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रेस क्लब में भी कराटे खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ताकि भविष्य में यहां के कराटे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सके। सचिव अमरकांत ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के साथ-साथ एक ऐसा खेल है जो कि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे में खिलाड़ियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पो?ा ने कहा की देश को गौरवान्वित करने वाले इन खिलाड़ियों को सम्मानित करना इमा के लिए भी सम्मान की बात है। इससे आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

घटना

हजारीबाग जेल में बिगड़ी थी तबीयत

# रिम्स में इलाज के दौरान दो कैदियों की मौत

▶▶ दूसरे कैदी को 12 जनवरी 2024 को भर्ती कराया गया था

▶▶ दोनों कैदियों की मौत होने के बाद अब आगे की प्रकिया जारी है



राष्ट्रीय खबर

रांची: रिम्स में इलाज के दौरान हजारीबाग केंद्रीय कारा के दो कैदियों की मौत शनिवार को हो गई है। मृतक कैदियों में बालकिशुन महतो और अरुण ठाकुर शामिल हैं। रिम्स के कैदी वार्ड में दोनों कैदियों को भर्ती कराया गया था। जिसमें एक कैदी को 10 जनवरी 2024 को भर्ती कराया गया था, जबकि दूसरे कैदी को 12 जनवरी 2024 को भर्ती कराया गया था। दोनों ही कैदियों को हजारीबाग जेल प्रशासन के द्वारा रिम्स में भर्ती कराया गया था।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सात जनवरी 2024 को 78 वर्षीय बाल किशुन महतो को अचानक पेट में दर्द और उल्टी होने लगी। जिसके बाद उसे जेल में तैनात डॉक्टर राहुल कुमार के सुझाव पर शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती कराया गया। 7 जनवरी 2024 से 8 जनवरी 2024 तक हजारीबाग के शेख बिहार मेडिकल कॉलेज में कैदी बालकिशुन महतो की तबीयत में सुधार नहीं होता देख डॉक्टरों ने उसे 9 जनवरी 2024 को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन जेल प्रबंधन के प्रक्रिया में देरी होने की वजह से कैदी को 10 जनवरी को रिम्स में भर्ती कराया गया, लेकिन लगातार इलाज चलने के बावजूद भी 12 जनवरी 2024 की देर रात सजायाफ्ता कैदी बालकिशुन महतो ने अपना दम तोड़ दिया।वहीं अरुण ठाकुर नाम के कैदी की भी हजारीबाग केंद्रीय कारा में ही तबीयत खराब हुई थी। तबीयत खराब होने के बाद कैदी को 9 जनवरी 2024 को हजारीबाग केंद्रीय कारा के चिकत्सक डॉ राहुल कुमार ने उसे बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दो दिनों के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया। 12 जनवरी को कैदी अरुण को रिम्स में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान मौत हो गई। अरुण ठाकुर मूल रूप से कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र का निवासी था, जबकि बालकिशुन महतो हजारीबाग का ही रहने वाला था।

बताते चलें कि बालकिशुन महतो और अरुण ठाकुर दोनों ही कैदी उम्रकैद की सजा काट रहे थे। दोनों कैदियों की मौत होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद दोनों कैदियों के शवों को उनके परिवार वालों को सौंप दिया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दोनों कैदियों की मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। बता दें कि पिछले दिनों कोर्ट की तरफ से भी झारखंड के जेलों में तैनात पदाधिकारियों को जेल की व्यवस्था सुधारने के लिए फटकार लगाई गई थी।

### रांची विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स फील्ड विजिट के लिए पहुंचे खड़गपुर

रांची: रांची विश्वविद्यालय रांची में मानव विज्ञान विभाग में संचालित ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के कुल 32 स्टूडेंट्स क्षेत्र कार्य जो उनके पाठ्यक्रम में शामिल हैं, उसे पूर्ण करने के लिए अपने शिक्षकों के साथ खड़गपुर पहुंचे। ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के शिक्षक डॉ अटल पाण्डेय ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। जब स्टूडेंट्स कार्य में जाते हैं तब उन्हें इस बात का प्रत्यक्ष अनुभव होता है। क्षेत्र कार्य इस पाठ्यक्रम की आत्मा है। ग्रामीण विकास के स्टूडेंट्स सुदूरवर्ती गांवों में जाकर वहां चल रही सरकार की विभिन्न योजना, खेती के तरीके, उनके स्वास्थ्य की स्थिति, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा में हो रहे व्यापक परिवर्तन, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण रोजगार एवं बाजार, आदि विषयों पर गहन अध्ययन करेंगे।प्राध्यापिका शीरीन गुल ने क्षेत्र और उनके कार्य के बारे में बताया कि लगभग दो सप्ताह तक स्टूडेंट्स नारायणगढ़ प्रखंड के मकरामपुर, डहरपुर, आदि पंचायत के ग्रामीण और उनके दिनचर्या से अवगत होंगे।

## न्यूज फटाफट

### आरक्षी नियुक्ति परीक्षा का आवेदन अब 22 जनवरी से 21 फरवरी तक लिए जायेंगे

रांची: झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का ओर से आरक्षी नियुक्ति परीक्षा का आवेदन अब 22 जनवरी से 21 फरवरी तक लिए जायेंगे। जेएसएससी ने तकनीकी वजहों से आवेदन की तिथि में फेरबदल कर दिया है। पूर्व में इस पद के लिए 15 जनवरी से 14 फरवरी तक फॉर्म भरे जाने थे। जेएसएससी ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दिया है। जेएसएससी द्वारा जारी विज्ञापन के जरिये सिपाही के नियमित और बैकलॉग दोनों तरह की रिक्तियों में नियुक्तियां की जाएंगी। रिक्त कुल पदों में 3799 पद नियमित और 1120 बैकलॉग के पद शामिल हैं। नोटिफिकेशन के अनुसार होमगार्ड के वैसे जवान जिन्होंने ट्रेनिंग पूरी कर ली है, उन्हें नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। होमगार्ड के पदों पर उम्मीदवार नहीं मिलने पर उन पदों पर गैर होमगार्ड के जवानों को भरा जाएगा।

### लोग एकजुटता बनाये रखें और हिम्मत से कार्य करें: डॉ कृष्ण

रांची: अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में हरमू स्थित होटल क्रेडल इन में अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में यूपी के पूर्व मंत्री सह प्रभारी भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के लोग एकजुटता बनाये रखें और हिम्मत रखकर कार्यों को करे, समय के अनुसार उचित फल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हमारी भागीदारी होनी चाहिए इसके लिए हम सबको प्रयास करना होगा। समाज की जो भी कुरीतियां हैं उसको दूर करते हुए संगठति होकर काम करें। कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि जल्द ही झारखंड के प्रत्येक जिला में संगठन को दुरूस्त कर दिया जायेगा और झारखंड की राजधानी रांची में महारैली का आयोजन होगा। इसमें पूरे राज्य से विश्वकर्मा वंशज रैली में शामिल होंगे और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखायेंगे। इस समारोह में प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रदेश सलाहकार श्रीकांत शर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव विक्रांत विश्वकर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रजापति, राची जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला सचिव सुनील विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति को लेकर सजा रांची का बाजार, खरीदारी के लिए लोगों की भीड़

रांची: मकर संक्रांति के अवसर पर राजधानी रांची में हर जगह बाजार सज चुका है। बाजारों में तिलकुट से लेकर पतंग तक की तेजी से बिक्री हो रही है। तिलकुट के साथ तिल के लड्डू और अन्य चीजों की डिमांड बढ़ गई है। गुड़ के तिलकुट की खुशबू के साथ बाजार खुशनुमा हो गया है और मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। झारखंड और बिहार में तिलकुट की डिमांड सबसे अधिक रहती है, लोग यहां मकर संक्रांति पूरे धूमधाम से मनाते हैं। इस बार भी दुकानदारों ने तिलकुट भरपूर मात्रा में बनाया है और उसके साथ ही रेवाड़ी, चूड़ा और गुड़ की भी बिक्री हो रही है। इस बार मकर संक्रांति का त्योहार 14 व 15 जनवरी दोनों दिन मनाए जाने की तैयारी है। पर्व से पहले बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। देर शाम तक मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट, चूड़ा, गुड़ आदि की बिक्री से बाजार गुलजार रहा। मकर संक्रांति आने के साथ ही बाजारों में भी पतंग और मांझे की डिमांड बढ़ जाती है। बाजारों में रंग-बिरंगे पतंग बिक रही है। इसी बीच रांची के कई जगहों पर बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगी पतंगे खूब बिक रही हैं।

### लोक सेवा समिति की 33 वीं वर्षगांठ मार्च में

रांची: लोक सेवा समिति अपनी 33 वीं वर्षगांठ मार्च में मनायेगी। यह निर्णय समिति की आज पीपी कंपाउंड में हुई बैठक में लिया गया। समिति के अध्यक्ष मो नौशाद ने बताया कि 33 वीं वर्षगांठ कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को समर्पित होगी। इसके अलावा उक्त अवसर पर समिति के द्वारा चयनित शख्सियतों को नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि झारखंड राज्य के जनजातीय क्षेत्रीय भाषा एवं अल्पसंख्यक भाषाओं एवं संस्कृति के विकास एवं इसकी पढ़ाई सुनिश्चित करने हेतु पहली कक्षा से सुनिश्चित करने के लिए सरकार से मांग की जायेगी। इसके अलावा भाषा साहित्य एकेडमी के गठन के लिए भी सरकार से मांग की जायेगी। सेवा कार्यों को जारी रखने का निर्णय लिया गया। समिति की ओर से कहा गया कि देश एवं राज्य के सभी स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग का गठन किया जाये ताकि सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान मिल सके । साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पाठयक्रम में पढ़ाया जाये ताकि भावी पीढ़ी उनके बारे में जान सके। कहा गया कि इस मामले में सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। आज की बैठक की अध्यक्षता डॉ त्रिवेणी साहू ने की। इसके साथ ही डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ हरमिंदरवीर सिंह, अमर तिग्गा, निर्मल तिग्गा, सुदेश कुमार साहू, सीमा कुमारी, गुणवंत कौर सहित अन्य उपस्थित थे.

### चिरौंदी में जर्जर आवास में रह रहे लोग

रांची: चिरौंदी चौक से बोड़ेया जानेवाले रास्ते में मुख्य सड़क से हटकर एक आवासीय कॉलोनी नजर आती है। कॉलोनी के घर जर्जर और बेहद खस्ताहाल है। ज्यादातर घरों के पलास्तर झड़ चुके हैं और कई जगह दीवारों पर ईंट दरकती हुई नजर आ रही है। घरों के छज्जे भी झड़ गये हैं और उनमें से सरिया झांकने लगी है। इनमें कुछ घरों की खिड़कियां नहीं है तो कुछ में दरवाजे। जिन घरों में ये बचे हुए हैं उनकी हालत भी बेहद खराब है। बता दें कि रांची नगर निगम के द्वारा आज से 10 -12 साल पहले इन आवासों का निर्माण कराया गया था और गरीब वर्ग के लोगों को आवंटित किया गया था। इस कॉलोनी में रहनेवाले लोग छोटा मोटा काम करके अपने परिवार की आजीविका चला रहे हैं। ये इतने सक्षम भी नहीं है कि अपने बूते इन घरों की मरम्मत करा सकें। घरों के आसपास कचरे का अंबार है। जहां पहुंचते ही दुर्गंध से सांस लेना भी दूभर हो जाता है। इन घरों के आसपास शायद ही नगर निगम की कचरा उठानेवाली गाड़ियां पहुंचती है क्योंकि अगर पहुंचती तो घरों के आसपास कचरे का अंबार नहीं होता। इन मजबूर लोगों को स्वच्छ पेयजल भी नसीब नहीं है।

### रांची पहुंची अफगानिस्तान की अभिनेत्री फिरदौस खान

रांची: द सर्वाइवल बॉस रियलिटी शो का ऑडिशन को ऑड्रे हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अफगानिस्तान की अभिनेत्री फिरदौस खान ने कहा कि पूरे देश के प्रतिभा जो छोटे-छोटे गांव में रहते हैं उनकी प्रतिभा को पहचान कर उसे एक मुकाम देना ही इसका मकसद है। इसी क्रम में झारखंड में 14और 15 जनवरी को ऑड्रे हाउस में ऑडिशन होगा। इस ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जिसके लिए वह 91422 48625 और 6 200577897 पर संपर्क कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि इस ऑडिशन में सिंगिंग ,डांसिंग और एक्टिंग के वैसे बच्चे जिनमे प्रतिभा है वह इस ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। मौके पर बोलते हुए रानी राय एक्टर एंड डांसर झारखंड ने कहा कि जिस बच्चे में टैलेंट है ,वह जाकर अपनी प्रतिभा का यहां ऑडिशन में दिखा सकते हैं । रिपु सूदन साहू ने कहा कि यह ऑडिशन देश के हर एक राज्य में आयोजित किया जा रहा है ,जिसमें कि पूरे देश की ऐसी प्रतिभा जो आर्थिक या गरीबों के कारण प्रतिभा होते हुए भी दिख नहीं पाते हैं। वह इस प्लेटफार्म पर जाकर अपना प्रतिभा दिखा सकते हैं। झारखंड ऑडिशन से चुने गए 20 लोगों को मुंबई में 8 दिन का ऑडिशन होगा जहां वह अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता प्रतिभागी को 10 लख रुपए का इनाम दिया जाएगा साथ ही साक्षात एंटरटेनमेंट और सर्वाइवल बॉस के द्वारा ओटीटी में वैसे लोगों को काम दिया जाएगा इसके अलावा जितने भी 20 प्रतिभागी जो झारखंड से चुनकर जाएंगे उन्हें आगे प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा ।

## शहर >> अपडेट

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 83 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रखंड मुख्यालय में अमीन प्रशिक्षण

**बुढ़मू :** सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान के तत्वाधान में बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय के पंचायत भवन में अमीन प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण दो माह तक का चल रहा है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रभारी महादेव कुमार साहु के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अभी तक एक सप्ताह पूर्ण हो चुका है। वही प्रशिक्षण अभी जारी रहेगा। प्रशिक्षण अगले माह फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर प्रशिक्षक दे रहे प्रभारी महादेव कुमार साहु के द्वारा प्रशिक्षण में भाग ले रहे लोगों के लिए प्रखंड के तिरु फॉल में पिकनिक आयोजन रखा गया। इस दौरान पिकनिक आयोजन में प्रशिक्षण ले रहे सभी लोग तिरु फॉल पहुंचकर मनोरंजन किया। मौके पर तिरु फॉल आयोजन में प्रशिक्षक प्रभारी महादेव कुमार साहु, राजीव राम, दिवाकर प्रसाद, सुषमा कुमारी, संजना देवी, सीता, रेणु कुमारी, राजू पाहन, विनोद पाहन, सरतू मुंडा, चेतलाल महतो, प्रकाश कुमार, शिव कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मुंडा समाज ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**अड़की :** मुण्डा समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति की अगुआई में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुण्डा समाज के लगभग 150 से भी अधिक संख्या में समाज के लोग भगवान बिरसा मुण्डा जी के जन्मस्थली गांव उलीहातु का भ्रमण में पहुंच कर उनके समाधि स्थल पर उनके पोता सुखराम मुण्डा के साथ पूजा अर्चना कर उन्हें नमन करते हुए माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर पहुंच कर सभी मुण्डा समाज के लोग अपने आप को लोग गौरवान्वित महसूस किये। इस भ्रमण में मुख्य रूप से भारत मुण्डा समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति के पदाधिकारी-शंकर राम बारला, किसुन राम बारला, महेन्द्र बारला, रीना बारला, अनीता बारला, सुनीता बारला, मुकेश इंदवार, बिन्देश्वर बघेल, सुजाता मुण्डा आदि और भारत मुण्डा समाज, झारखण्ड प्रदेश समिति के पदाधिकारी- सुशील पहान, ब्रजेन्द्र हेमरोम, भीम मुण्डा न झारखण्ड प्रदेश की ओर से सभी छत्तीसगढ़ के मुण्डा समाज के लोगों का उलीहातु में स्वागत करते हुए पूरे भ्रमण के दौरान उन लोगों के साथ में उपस्थित थे।

श्रद्धा

दूर दराज से आते हैं श्रद्धालु

# उत्तरी विस्थापित क्षेत्र का बरवाघाट श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र

- यहां नदी को बांध कर बड़ा चैक डैम बनाया गया है
- बाबा बरवाहरि के प्रति है लोगों की अटूट आस्था है
- यंहा16 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर मेला भी लगता है



राष्ट्रीय खबर

**तुपकाडीह :** उत्तरी विस्थापित क्षेत्र का बरवाघाट श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र है। एक ओर बेरमो कोयलांचल, तो दूसरी ओर लोहाचल यानी बोकारो स्टील सिटी बसा हुआ है। सिटी के सेक्टर 9 से करीब 7 किमी, तुपकाडीह से महज 5 किमी, तो चंद्रपुरा दुगदा से 5 किमी दूरी पर यह पचौरा गांव के निकट दामोदर नदी घाट में स्थित है। दामोदर की लहरों और प्राकृतिक छटा तथा प्रकृति के नजारा से लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यहां नदी को बांध कर बड़ा चैक डैम बनाया गया है। तथा चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट तथा उसकी ऊंची चिमनी भी लोगों को आकर्षित करता है।

चैक डैम से झरना की तरह गिरता पानी एक अगल ही छटा बिखेरता है। उत्तर विस्थापित क्षेत्र के लगभग 27 गांवों के अलावे धनबाद, बोकारो व अन्य जिलों से भी काफी संख्या में लोग यहां हर साल यहां पूजा-पाठ और मन्नत मांगने तथा मेला देखने आते हैं। पहले चंद्रपुर दुग्धा और धनबाद के लोग बरवाघाट नाव और बांस पुल होकर आया-जाया करते थे। जो स्थानीय गांव वाले का जीविका साधन था। लेकिन बास्तेजी बस्ती के पास पुल बनने के बाद इस बांस पुल का अस्तित्व हमेशा के लिए खत्म हो गया। बाबा बरवाहरि के प्रति है लोगों की अटूट आस्था है। यहां प्रत्येक साल 16 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर मेला भी लगता है। इस मेले के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दूसरे प्रदेशों एवं महानगरों में रहने वाले सैकड़ों लोग पूजा अर्चना और मन्नत मांगने आते हैं और मन्नत पूरी होने पर पूजा करते हैं। इसी प्रकार मानगो पंचायत के कलाली मोड़ के समीप बाबा चरकापत्थर पर आस्था रखने वाले लोग पूजा करने ओर मेला देखने आते है।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** रविवार को बोकारो क्लब में कवियों का संगम कवि सम्मेलन में कवि-कवयित्रियों ने काव्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कवयित्री सोनी कुमारी के संयोजन में सूफी इवेंट्स के सहयोग से आयोजित इस कवि सम्मेलन में रीना यादव, अरुण कुमार पाठक, सोनी कुमारी, अमृता शर्मा, करुणा कालिका, गीता कुमारी गुस्ताख, गंगेश कुमार पाठक, अनिल कुमार श्रीवास्तव, क्रांति श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, माला, सुप्रिया सरस व जाहिद सूफी ने विभिन्न रस की रचनाएं सुनाकर सबकी वाहवाही ली। कवि अरुण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित इस कवि सम्मेलन की शुरूआत कवयित्री रीना यादव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।

# रंजय कुमार बने केंद्रीय ठेका श्रमिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने यूनियन कार्यालय में रंजय कुमार को केंद्रीय ठेका श्रमिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य मनोनीत किए जाने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर महामंत्री बिनोद कुमार ने इस उपलब्धि को मजदूर की उपलब्धि बताया। संयुक्त महामंत्री अतुल सिंह ने कहा कि रंजय कुमार अब सेल सहित देश के तमाम उद्योगों में ठेका श्रमिकों पर हो रहे शोषण को इस पटल पर रखेंगे और ठेका श्रमिकों को समान काम समान वेतन समान सुविधा दिलाने की बात को आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर आरजीबीएस की ओर से संगठन मंत्री अरविंद कुमार, भीष्म नारायण सिंह, अशोक कुमार ने शुभकामनायें प्रेषित किए। जल प्रबंधन विभाग के विवेक सिंह और केवट ने रंजय कुमार का स्वागत किया। रंजय कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बोकारो के मजदूरों की उपलब्धि है। रंजय कुमार ने कहा कि वे मजदूरों को मिनिमम वेज के साथ साथ मजदूरों के लिए बने सभी श्रम कानूनों को सेल सहित देश के तमाम उद्योगों में लागू कराने के लिए काम करेंगे जिससे ठेका श्रमिकों का शोषण बंद हो और उन्हें उनका हक मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बादल बाउरी ने की। मौके पर सचिव शशि भूषण, उपाध्यक्ष तपन गिरी, सीआरएम के शाखा सचिव राजेश कुमार महतो, ओम प्रकाश, अशोक सोरेन, ठेका श्रमिक नेता रवि कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चास के जगदंबा मंदिर धर्मशाला में स्वामी सहजानंद सेवा समाज की हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**चास :** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज चास शाखा की बैठक जगदंबा मंदिर चास स्थित धर्मशाला में संपन्न हुई। अध्यक्षता अरुण शर्मा एवं संचालन कौशल किशोर ने किया। बैठक में आगामी 11 फरवरी को सामाजिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से कार्य योजना बनाई गई। कार्यक्रम को सफल करने के लिए पूरे क्षेत्र को छह जोन चीरा चास, चेक पोस्ट, धर्मशाला मोड़, जोधाडीह मोड़, चास प्रखंड कार्यालय एवं आईटीआई मोड़ में समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर आमंत्रण कार्ड वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चास नगर निगम के निवर्तमान उप महापौर अविनाश कुमार ने कहा कि हमें अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करने की आवश्यकता है। समाज में दहेज प्रथा, अशिक्षा और असंतुलित खर्च सहित अन्य कुरीतियों पर जागरूकता फैलाकर दूर किया जाना अतिआवश्यक है। आज समाज में नारी शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण विषय है। समाज को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से स्वावलंबी और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज बोकारो के केंद्रीय महासचिव उमाशंकर प्रसाद सिंह उर्फ बोलबम ने कहा कि नव वर्ष 2024 में हमें अपने परिवार को सुदृढ़ करने के लिए कार्य योजना बननी चाहिए। जब परिवार सबल और सशक्त होता है तो समाज भी सशक्त बनता है। अपनी कमियों को अपने मे ही सुधार कर हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इन सभी विषयों को लेकर पारिवारिक मिलन सह वनभोज जैसा कार्यक्रम कारगर साबित होता है। बैठक में कौशल किशोर, राकेश कुमार मधु, बालकृष्ण कुमार, राजनीति सिंह, राम कृष्णा राय, अरविंद ठाकुर, अभय कुमार मुन्ना, सुबोध कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद सिंह, राम प्रवेश सिंह, नीरज कुमार सिंह, कृष्णा पांडेय, शैलेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अनिल सिंह, संजीव सिंह, प्रेम राय, अभिराम राय आदि शामिल हुए।

# नावाडीह में जबर टुसू प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**नावाडीह :** टुसू परब आयोजन समिति नावाडीह की ओर से बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में शनिवार को आयोजित जबर टुसू परब के अवसर पर टुसू प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छऊ नृत्य, झूमर नृत्य कई टोली की ओर से प्रस्तुत किया गया। टुसू गीत पर भी कलाकारों व लोगों ने नृत्य प्रस्तुत किए।गायिका सावित्री कर्मकार व गायक बबन सिंघ ने घुराय देबे तोरा टुसू पर्व मला, ले जीबो हथिया पत्थर मैला... आदि गीतों से लोगों को खूब झुमाया। जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारा पहचान है। उन्होंने कहा कि किसान के लिए धान बेटी के समान है। फसल तैयार होने के बाद धान को घर में प्रवेश कराने के खुशी में टुसू परब मनाया जाता है। झारखंड राज्य के 23 वर्ष पूरा होने के बावजूद यहां की संस्कृति व सभ्यता को लोग भुलते जा रहे हैं, अपनी संस्कृति व सभ्यता को कायम रखने के लिए प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कई कार्यक्रमो को किया जाता है। कहा कि टुसू को नावाडीह से मेन रोड फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पूल के समीप एवं हथिया पत्थर के दामोदर नदी घाट में विसर्जन किया जायेगा। साथ ही प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के केंद्रीय संयोजक मोती महतो, जिप सदस्य फूलमती देवी, कमलेश महतो, देवनारायन महतो, लालमोहन महतो, सुनील महतो, बालेश्वर महतो,आदि शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के दर्जनों युवाओं का अहम योगदान रहा।

## न्यूज फटाफट

### हाथियों ने मचाया जमकर तांडव



**चांडिल :** जंगली हाथियों का झुंड फिर एक बार शनिवार की रात एक बजे कुकडू प्रखंड के लेटेमदा टोला नतुनडीह में दो मकान के दीवार को तोड़ दिया। इसके साथ ही खेतों में लगी फसल को अपना निवाला बनाया। और रौंदकर बर्बाद कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों ने लेटेमदा टोला नुतनडीह में शनिवार की रात एक मकान का दीवार तोड़ कर मकान के अंदर रखे चावल व गेहूं को अपना निवाला बनाया जो अनाज संतोषी राशन डीलर का था। जिसे लाभुकों के बीच बांटा जाना था। इसके साथ ही हाीथयों के झुंड ने कुछ कपड़ा को नष्ट कर दिया है। हाथियों के झुंड ने गोपाल महतो के मकान का भी दीवार तोड़कर धान खाया और रवींद्र महतो के केला का पौधा और संतोष महतो के खेत में लगे आलू की फसल को भी नस्ट कर दिया। जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत है।

### जंगली हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त



**कसमार :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भस्की पंचायत के ग्राम लिपु टोला जाराटांड रेनाघुटू में शनिवार रात्रि करीब एक बजे जंगली हाथी द्वारा सोमरी देवी पति सोहन मांझी के घर का दरवाजा तोड़कर करीब दो क्विंटल धान खा गये। घर पर सो रहे सोमरी देवी तथा सोमर मांझी डरकर हो-हल्ला करने लगे इधर हो-हल्ला सुनकर गांव वाले घर से बाहर निकले और मशाल जलाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि सह वन अधिकार समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार महतो मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी वन विभाग को दी। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मी ठाकुर दास महतो पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी दी तथा वन से क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने की बात कही। इस दौरान मंटू कुमार, सुभाष चंद्र महतो, फुलचंद हेंब्रम, सोमर मांझी आदि उपस्थित थे।

### श्याम सखी मंडली करेगी 22 जनवरी को दीपदान एवं महाआरती : रितु रानी



**बोकारो :** चास के रामनगर कॉलोनी स्थित शीतला माता मंदिर के प्रांगण में श्याम सखी मंडली की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडली की संरक्षक सह समाजसेवी रितु रानी सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए रितु रानी सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सोमवार 22 जनवरी के दिन चास के चेक पोस्ट स्थित नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में श्याम सखी मंडली की बहनों के द्वारा संख्या 3 बजे से भजन कीर्तन, 2001 दीपदान महाआरती एवं महा प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रुप से रीना सिंह चौहान, बेबी सूरी, रुपा सिंह, कल्पना देवी, बेबी सिंह, सीमा बाउरी, सुधा सिंह, चिंता देवी, अनीता देवी, धर्मेंद्र रजक सहित दर्जनों पुरुष एवं महिला उपस्थित होकर कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर रणनीति बनाई।

### सहायक अध्यापक के निधन पर जताया शोक



**तालगड़िया :** चास प्रखंड के चंदाहा पंचायत अंतर्गत बुढ़ी बिनोर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक रॉकी रोशन पाठक के निधन पर शोक जताया गया। वे विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर मध्य विद्यालय बिजुलिया और धनडाबर के सहायक अध्यापकों ने दिग्वंत शिक्षक के स्वजनों को 46 हजार रुपये बतौर प्रोत्साहन राशि दिया गया। साथ ही शिक्षकों ने सरकार से सरकारी योजनाओं का लाभ देने की मांग की है। सहयोग करने वाले में प्रकाश रजक, शंकर महतो, कान्हाई महतो, सुनील सिंह, मंटू महतो, नकुल महतो, रतन राय, दीपक महतो, संतोष मांझी, राजेश चौबे समेत अन्य शामिल हैं।

मेला

फुटलाही में सलखू ओहदार टुसू मेला में उमड़ी भीड़

# टुसू परब को जीवंत बनाए रखने की जरूरत:योगेंद्र

- टुसू झारखंडी संस्कृति का महत्वपूर्ण परब है
- बेमरोटांड़ समेत आसपास के गांवों के लोग उमड़ पड़े
- इस परब को जीवंत बनाये रखने की जरूरत है



राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** मकर संक्रांति के अवसर पर कसमार प्रखंड के फुटलाही खांजो नदी किनारे आयोजित सलखू ओहदार टुसू मेला में रविवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कसमार, ओरमो मधुकरपुर, सुरजुडीह, चंडीपुर, बरईकला, हंसलता, कुलागूजू बेमरोटांड़ समेत आसपास के गांवों के लोग उमड़ पड़े।

इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के आये लोकगीत गायिका अंबिका महतो की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक टुसू-गीत एवं झारखंडी गीत प्रस्तुत की गई। मेला में पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, पूर्व बीस अध्यक्ष लक्ष्मण नायक, कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, करण ओहदार आदि मौजूद थे। दर्जा प्राप्त मंत्री श्री महतो ने कहा कि टुसू झारखंडी संस्कृति का महत्वपूर्ण परब है। जो धान फसल पर आधारित है। इस परब को जीवंत बनाये रखने की जरूरत है। इस अवसर पर टुस भी विसर्जन किया गया। मौके पर गोबर्धन महतो, मनोहर महतो, अनुप महतो, उमेश महतो, राघव चंद्र महतो, हरिशंकर महतो, कैलाश करमाली, विजय करमाली, बुधन करमाली, सिकंदर कपरदार, सोहेल अंसारी, परमेश्वर नायक, रामलाल ठाकुर आदि मौजूद थे।

# आजसू ने की प्रखंड स्तरीय प्रभारियों की नियुक्त



राष्ट्रीय खबर

**चास :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं केंद्रीय समिति के निणार्यानुसार नामित पदाधिकारियों को विधानसभा एवं प्रखंड प्रभारी का दायित्व दिया गया है। पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि दायित्व क्षेत्र में संगठन का विस्तार एवं कार्यक्रम का संचालन सुनिश्चित करेंगे। केंद्रीय, जिला, प्रखंड एवं पंचायत से लेकर चूल्हा प्रमुख तक पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के बीच समन्वय स्थापित करेंगे।

पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक को बोकारो, गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो को डुमरी, काशीनाथ सिंह को चन्दनकियारी, यशोदा देवी को बेरमो तथा अजय सिंह को गोमिया विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए है। तथा जिप सदस्य राजेश कुमार महतो को चन्दनकियारी, सुभाष शेखर एवं जयलाल महतो जैली को चास, नवीन कुमार महतो एवं प्रभात मिश्रा को बेरमो, सचिन कुमार को फुसरो, कुलदीप प्रजापति और अशोक हेंब्रम को पेटरवार, अमरदीप महाराज को गोमिया, सचिन महतो एवं दुर्गाचरण महतो को जरीडीह, अश्विनी कुमार महतो को कसमार, बिगन महतो, राजेश विश्वकर्मा एवं प्रो अलाउद्दीनआंसरी को नावाडीह प्रखंड प्रभारी नियुक्त किए। बधन शर्मा एवं संजय चक्रवर्ती को बोकारो ग्रामीण, लक्ष्मण प्रताप सिंह को बोकारो महानगर एवं जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एवं अनिल झा को चास नगर का प्रभारी नियुक्त किए है।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### बेरमो के संस्थापक सचिव की जयंती मनाई गई

**बेरमो** : रविवार को महाविद्यालय के प्रांगण में बरसर सह वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो० एल०एन० राय के नेतृत्व में के०बी०कॉलेज, बेरमो के संस्थापक सचिव व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे की प्रतिमा एवं प्रथम प्राचार्य स्वर्गीय आर० एन० प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्जित कर उनकी जयंती मनाई गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो** :फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर मे प्रभात मण्डल स्वयंसेवी संस्था के प्रधान कार्यालय में अभिनंदन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एचडी सिंह एवं श्रीमती रानी सिंह के सुपुत्र शुभम आंनद के लिए रखा गया। श्री शुभम आंनद ने एसएससी की प्रतियोगिता परीक्षा पास कर एक्साइज इंस्पेक्टर की नौकरी प्राप्त की` कार्यक्रम में प्रभात मण्डल के अध्यक्ष हीरामनी सर, सचिव असीम सेन गुप्ता ,बिजय कुमार सिन्हा एवं नि: शुल्क कोचिंग प्रभारी श्रीमती बिजया सरकार ने शुभम आंनद एवं उनके माता पिता को बुके, कलम और सॉल दे कर सम्मानित किए। कार्यक्रम में प्रभात मंडल लोक कला मंच के तन्मय डे,सदस्य चंदन बनर्जी,आर पी राजु, हराधन चक्रबर्ती, श्रीमती सुमोना बनर्जी ,सुश्री रिया बनर्जी,बबलू मण्डल, के मंडल, गणेश सोनी,कंचन कुमार, शेखर पासवान सहित कई लोगों ने शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शिक्षा को बढ़ावा देने से ही समाज का विकास होगा:रविंद्र

**बेरमो** :कौटिल्य महापरिवार बेरमो का 10 वां स्थापना दिवस को नवनिर्मित कौटिल्य भवन स्टेट बैंक करगली शाखा के सामने सद्भावना सम्मेलन के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महापरिवार के 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय,कांग्रेसी नेता गिरिजा शंकर पांडेय, संपूर्ण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ,मजदूर नेता देवतानंद दुबे ,रविंद्र कुमार मिश्रा ,दिनेश पांडेय और अमरेश जी ने भगवान परशुराम और चाणक्य के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि आज के परिवेश में ब्राह्मणों का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है, इसलिए सभी मिलकर इसे बढ़ावा दें शिक्षा को बढ़ावा देने से ही समाज का विकास होगा। आज की परिस्थिति ऐसी है कि शिक्षा समाप्त होती जा रही हैयह गंभीर विषय है। इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। कहा कि सभी एकजुट समाज हित मे काम करे तभी समाज का विकास संभव है। कांग्रेसी नेता गिरिजा शंकर पांडेय, संपूर्ण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ,मजदूर नेता देवतानंद दुबे ,रविंद्र कुमार मिश्रा ,दिनेश पांडेय और अमरेश जी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलना ही कौटिल्य परिवार का उद्देश्य है। इसकी पूर्ति के लिए समय-समय पर सामाजिक समरसता का कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापरिवार के अध्यक्ष अजय झा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महापरिवार के महासचिव ब्रिज बिहारी पांडेय, राम नरेश द्विवेदी, टुनटुन तिवारी,अनिल चंद्र झा, बसंत पाठक, संतोष ओझा, शंभू दुबे, मनोज पाठक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

**आश्वासन**

### स्कूल की बॉउंड्री तोड़े जाने का मामला

# टालमटोल रवैया के कारण अबतक नहीं जोड़ा गया टूटा बॉउंड्री

- प्राथमिकी में नहीं जोड़ा गया असामाजिक तत्वों का नाम
- वॉउंड्री तोड़ने वाले अब शिक्षकों को चिढ़ाने लगे हैं
- आनन फानन में लगा दिया था बड़ा सा दरवाजा

**मनोज मिश्र**



**गोला** : दो महीने पहले एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला का बॉउंड्री तोड़कर गेट लगाए जाने से सम्बंधित खबर दैनिक राष्ट्रीय खबर में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर गोला के अंचलाधिकारी समरेश कुमार भंडारी, अंचल निरीक्षक और कर्मचारियों ने बॉउंड्री वॉल का निरिक्षण किया था। तब से सीओ श्री भंडारी तोड़ा हुआ बॉउंड्री को जोड़े जाने का आश्वासन दे रहे हैं। परंतु बाउंड्री वॉल कब जोड़ा जाएगा यह नहीं बताते हैं। अधिकारी यह भी कहते हैं कि स्कूल परिसर क्षेत्र में किसी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन अतिक्रमण का शिकार स्कूल परिसर हो चुका है। अधिकारियों को यह कौन बतावे कि स्कूल संचालन के वक्त स्कूल परिसर क्षेत्र से आवागमन भी अतिक्रमण के समान है। दूसरी ओर स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनूप पुष्पा तिर्की के थाना में लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में गोला थाना कांड संख्या 107/2023 में स्कूल का बाउंड्री तोड़े जाने के मामले में पब्लिक की सम्पति बर्बाद करने के विरुद्ध धारा 1984 एवं 427/448/35 भादवि दर्ज है, परंतु प्राथमिक की जांच में अब तक किसी असामाजिक तत्वों का नाम इंगित नहीं किया गया है। जबकि बाउंड्री के दूसरी छोर पर गिने चुने लोग ही आवास बनाकर रह रहे हैं, जिन्होंने बाउंड्री वालों को तोड़ा। प्रशासनिक टालमटोल के रवैया के कारण टूटा हुआ बाउंड्री वॉल अब तक नहीं जोड़े जाने पर असामाजिक तत्वों की हद पार हो गयी है। यही कारण है कि यह लोग अब शिक्षको पर ताने कसते हैं। जिससे अजीज होकर शिक्षक गण अब टूटा हुआ बॉउंड्री को अपने से जोड़ना चाहते हैं, जिससे तनाव उत्पन्न होने की सम्भावना है।उल्लेखनीय है कि उपायुक्त के आदेशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को केस दर्ज करने का आदेश दिया था। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी संज्ञान ली। इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों के बीच खलबली भी मचा। स्कूल परिसर क्षेत्र की बाउंड्रीवॉल पर शुरू से ही राजनीति गर्म है। बाउंड्री को पहले भी तोड़ा गया था, उसपर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पुनः बाउंड्री दे दी गई थी, जिसे इसबार स्कूल की छुट्टी का नाजायज फायदा उठाकर तोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र का ख्याति प्राप्त इस स्कूल में सभी बच्चे अध्ययन करना चाहते हैं। इसकारण इस स्कूल में वर्तमान में 3500 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिसमें छात्राओं की संख्या 1700 है। स्कूल में वर्षों बाद स्कूल परिसर क्षेत्र की कुल 8 एकड़ 92 डिसमिल जमीन में लगभग साढ़े आठ एकड़ जमीन की चाहरदीवारी हुई, तो राजनीति के कारण चाहरदीवारी में एक प्रमुख द्वार के अलावे दो अन्य दरवाजा खोल दिया गया। स्कूल की बॉउंड्री वॉल के पीछे कुछ लोगों ने अपना मकान बनाया हुआ है। उन्हें स्कूल परिसर क्षेत्र से अपने घर जाने में सुविधा होती है। जबकि इससे स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल के समय में लोग परिसर क्षेत्र से बाइक से भी आना-जाना करते हैं। स्कूल में छात्रों की संख्या अधिक है और लंच पीरियड में अपने क्लास से बाहर होकर स्कूल मैदान में खेल रहे छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी होती है। यहां स्कूली छात्राओं से छेड़खानी की घटनाएं भी हुई है, तो बाइक से दुर्घटना भी हुई है। इसकारण ही बॉउंड्रीवॉल कराया गया था और मुख्य द्वार को स्कूल के समय पर बंद किया जाता था। लेकिन अब स्कूल का मैदान आम रास्ता बन कर रह गया है।

## राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो :राज कुमार राज



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो**:लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार राज को फुसरो मे भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जीएसटी मनोज कुमार सिंह के आवास पर प्रेस को बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी। एनडीए के सभी उम्मीदवारों को विजय बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीटों के लिए दावा पेश करेगी। झारखंड की वर्तमान सरकार सभी मुद्दे पर फेल है। झामुमो सरकार भले ही चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपनी खुशी का इजहार कर रही हो, लेकिन उसने जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होने राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाए। कहा कि झामुमो ने चुनाव से पहले वादा किया था कि पांच लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। जो नही दे सकी। झामुमो सरकार भले ही चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपनी खुशी का इजहार कर रही हो, लेकिन उसने जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। प्रधानमंत्री ने जिन योजनाओं को चालू किया, उन्हें राज्य में बंद करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास का काम शिथिल कर अबुआ आवास योजना शुरू की है। इसकी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि आसानी से गरीबों को आवास मिलने वाला नहीं है। इन चार साल में केवल धोखा देने का काम किया है। लूट और अपराध को बढ़ावा दिया है। कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का मजाक बनाया है। ईडी के बुलावे पर मुख्यमंत्री पेश नहीं हो रहे हैं।यूपीए की जब जब सरकार बनी है, तब तब राज्य को लूटने का काम हुआ है।

### दही चुड़ा कार्यक्रम आयोजत

**बेरमो** : मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बेरमो विधानसभा भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह के आवासीय कार्यालय शास्त्री नगर फुसरो में आज सभी के साथ दही चुडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी पत्रकार,भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दही चुडा का आनंद लिया गया और साथ में डेकोरेटर एसोसिएशन जोन 7 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,सचिव प्रेम रवानी एवं कोषाध्यक्ष संतोष महतो को भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।

## तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच मनाया गया टुसू पर्व



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : तेनुघाट जेल में बंदियों के द्वारा टुसू पर्व मनाया गया । इस बारे में जेल अधीक्षक अरूणाभ ने बताया कि जेल में बंदियों ने जेलर नीरज कुमार को बताया कि वह टुसू पर्व मनाना चाहते हैं। तब बंदियों को टुसू पर्व मनाने के लिए प्रोत्साहित किया और व्यवस्था किया गया । जिसके बाद बंदियों ने रविवार को टुसू पर्व मनाया । अमरा जे मां टुसू थापी, अघन सक्राईते गोर मंदर के गूंज पर नृत्य कर पूजा अर्चना किया । इस बारे में जेलर नीरज कुमार ने बताया कि टुसू पर्व झारखंड में कुडमी और आदिवासी का महत्वपूर्ण त्यौहार है । मकर संक्रान्ति के अवसर पर मनाए जाने वाला यह त्यौहार नाच गाने और सुबह स्नान कर उगते सूर्य की प्रार्थना कर यह पुजा किया जाता है ।इस पुजा के बारे में जानकारी दी जाती है कि राज्य में हाहाकार मच गया था ।किसान मारे गये टुसू भी सैनिकों की गिरफ्त में आने वाली थी। उसने राजा के आगे घुटने टेकने के बजाय जल-समाधि लेकर शहीद हो जाने का फैसला किया और उफनती नदी में कूद गई । टुसू की इस कुरबानी की याद में ही टुसू पर्व मनाया जाता है और टुसू की प्रतिमा बनाकर नदी में विसर्जित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है । मकर परब के दिन से महीनों तक झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में नदी तटों पर टुसू मेला का आयोजन किया जाता है । टुसू पूजा करते समय पूजा करने वाले बंदी पूरे श्रद्धा और आस्था पूर्वक पूजा किया और काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे । टुसू पूजा करने वाले में मुखलाल महतो, महेन्द्र मांझी, छोटू मांझी, सचिन महतो, आकाश वर्मा, मंशु प्रजापति, छत्रु महतो, मनोज गुप्ता, गोपाल राम, राजू महतो सहित कई बंदी मौजूद थे । वहीं पुजा को लेकर तैयारी में जेल में कार्यरत विजय कुमार सहित जेल कर्मी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## कथारा रेलवे कॉलोनी में भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा** : अयोध्या के श्री राम मंदिर से आए पूजित अक्षत को लेकर कलश का रविवार को कथारा स्थित रेलवे कॉलोनी पहाड़ी बाबा मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकाला गया जो रेलवे कॉलोनी होते हुए सीपीपी कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी और सीएनडी कॉलोनी से घूमते हुए वापस पहाड़ी बाबा मंदिर लाया गया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस कलश यात्रा में अयोध्या के श्री राम मंदिर से आए कलश को महिला, पुरुष और बच्चे अपने-अपने सिर में उठाकर नगर भ्रमण करवाया और भगवान श्री राम जी के गानों पर झूम- झूम के नाचे और जय श्री राम के नारे लगाते रहे। इस मौके पर पहाड़ी बाबा के पुजारी चंद्रहास मिश्रा ने कहा कि यह बहुत ही बड़ी सौगात की बात है कि हम लोगों को भी अयोध्या से आए कलश का नगर भ्रमण करवाने का पुण्य प्राप्त हुआ। आज कलश का नगर भ्रमण करवाया गया और आने वाले 22 जनवरी 2024 को पूरे कॉलोनी के वासी सामूहिक रूप से भंडारे का व्यवस्था पहाड़ी बाबा मंदिर में किया जाएगा।

**प्रभावित**

### यहां की गलियों में भाषाओं का मिश्रित सौंदर्य देखने लायक होता है

# गोला में 100 गज की दूरी में ही बदल जाती है भाषा

- व्यवसाय से जुड़कर कई लोग गोला में बस गए

**मनोज मिश्र**




**रामगढ़** : कोस-कोस पर बदले पानी दस कोश पर वाणी... यह कहावत हमारे देश की भाषाई और भौगोलिक विविधताओं को दशार्ता है। परंतु झारखंड के रामगढ़ जिला का गोला कस्बा इससे हटकर अलग तस्वीर पेश करता है। यहां की गलियों में भाषाओं का मिश्रित सौंदर्य देखने लायक होता है। यहां प्रत्येक 100 गज की दूरी पर भाषएं बदल जाती है। इसके पर्याप्त कारण भी है। यहां अलग-अलग जाति समाज के लगभग एक दर्जन मोहल्ले हैं, जहां भाषाई भिन्नता है। गोला में पाठक टोला, बनिया टोला, सुंडी टोला, अग्रवाल टोला, सोनार टोला, घासी टोला, मुंडा टोली, नौवा टोली, रजवार टोला, कोटवार टोला, कोटवार टोला, प्रधान टोला, बक्शी टोला, बाम्हण टोला, कोइरी टोला और धोबी टोला है। इसमें खोरठा, बांग्ला, मगही, पंचपरगनिया, नागपुरी, कुरमाली, मखीयारी, भोजपुरी, मैथिली, हिंदी बोली जाती है, जो खोरठा से प्रभावित दिखाई देता है। बुजुर्ग बताते हैं कि किस मुहल्ले में कौन कब आए यह कहना मुश्किल है, लेकिन गोला में यह खास है कि जाति के नाम पर बने मुहल्ले में ही उसी जाति के लोग रहते हैं और उनकी अपनी भाषा है। गोला के कुछ लोग बनिया टोला में बंगाली समाज के लोगों के साथ रहकर बांग्ला बोल लेते हैं, लेकिन कुरमाली, मखियारी नहीं बोल पाते हैं। नायक टोला में रखने वाले लोगमखियारी बोलते हैं। ब्राह्मण, अग्रवाल, बक्सी समाज के लोग मगध क्षेत्र से आए और मगही के साथ खोरठा बोलते हैं।

मोहल्ले में रहने वाले सभी



खतियानी हैं।हजारीबाग, धनबाद, पुरुलिया, रांची क्षेत्र का लाह और चपड़ा का प्रमुख व्यवसाय केंद्र झालदा और गोला था। व्यवसायी वर्ग के लोग यहां कारोबार के सिलसिले में आए और व्यवसाय से जुड़कर कई लोग गोला में बस गए। जिस समाज के लोग जहां रहे उनसे जुड़े उस जाति के लोग एक साथ आसपास बसे। फिर वह क्षेत्र उसी जाति और समाज के नाम से मुहल्ला बन गया।

### प्रकाश उत्सव को लेकर निकाली प्रभात फेरी



**कुजू** : कुजू गुरुद्वारा परिसर में आगामी 19 जनवरी को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव मानने को लेकर प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी 12 जनवरी से शुरू होकर 18 जनवरी तक जारी रहेगा। तत्पश्चात गुरुद्वारा परिसर में 18 जनवरी से श्री अखंड पाठ साहिब का जाप शुरू होगा। अखंड पाठ की समाप्ति 20 जनवरी को की जाएगी। पाठ समाप्ति के बाद गुरबाणी अरदास के पश्चात गुरु का अटूट लंगर का वितरण किया जाएगा। इससे पूर्व 19 जनवरी को नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। नगर कीर्तन का आरंभ कुजू गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अरविंदर सिंह के आवास डटमा मोड़ से आरंभ किया जाएगा। जिसमें पूरे सिख समाज शामिल होकर गाजे बाजे के साथ पूरे नगर का भ्रमण कर गुरबाणी पाठ अरदास करेंगे। प्रकाश उत्सव को लेकर पूरा सिख समाज तैयारी में जुट गया है। प्रभात फेरी के दूसरे दिन संगत की सेवा कुजू ट्रांसपोर्ट नगर निवासी सुखविंदर सिंह गिल(पाले )ने किया। जहां सुखविंदर सिंह गिल(पाले )ने निशान साहब की सेवा अरदास की। शब्द कीर्तन के बाद आए हुए सभी संगत को चाय नाश्ता की सेवा से निहाल किया गया। वही गुरुद्वारा प्रधान अरविंद सिंह ने सुखविंदर सिंह गिल (पाले )को सरोपा देकर कर सम्मानित किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रधान अरविंद सिंह ने सभी साध संगत को लोहड़ी की बधाई देते हुए संध्या बेला में गुरुद्वारा परिसर में शब्द कीर्तन पाठ में शामिल होने का आह्वान किया।

### बोकारो में मनाया सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस




**बेरमो** :सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय 775 बारी कोपरेटिव मे भगवान परशुराम को दिप प्रज्वलन, मंगलाचरण एवं पुष्पांजलि पुनीत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसमें पंडित रुद्र किशोर पांडे, प्रणव कु .पांडे, प्रांशु पांडे, पुरन्दर कुमार पांडे, प्रभंजन किशोर पांडे का सहयोग अतुलनीय रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र दूबे एवं संचालन करते हुए केन्द्रीय मंत्री डॉ .अशोक पांडे ने कहा कि संस्था अपने समाज मे आर्थिक पिछडेपन से उतपन्न ब्राह्मण बच्चो के संस्कार एवं शिक्षा के प्रति संवेदनशील होते हुए,उनको हर संभव मदद पहुचाने के लिए कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश चन्द्र दूबे ने कहा की समाज के निर्माण मे ब्राह्मणो का पूर्व से हि बहुमूल्य योगदान रहा है। विशिष्ट अतिथि नागेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज मे आर्थिक रुप से पिछड़े लोगो की आवश्यकता का ख्याल करना संस्था का पहला कर्तव्य बने। जिला अध्यक्ष श्यामल झा ने कहा कि संस्था प्रत्येक प्रखंड मे अपने सदस्यो की संख्या बढायेगी एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने का आवाहन किया। धन्यवाद् ज्ञापन उदय नाथ पांडे ने की। समाज के उपस्थित सदस्यों मे मुख्य रुप से उदय कुमार गोस्वामी, वित सचिव दिनेश चौबे, प्रदेश अध्यक्ष हरेराम पांडे, प्रदेश मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक, दिवाकर मिश्रा, बटेश्वर कुमार मिश्रा, अनिल कुमार तिवारी, बबलू चौबे, रमेश कुमार पांडे, नीतू मिश्रा, सीमा पांडे, विवेकानंद चतुवेर्दी, बसंती देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### स्कूली एवं साक्षरता विभाग द्वारा बनाए गए नियमावली का किया विरोध



**बेरमो** : झारखंड सरकार के अंतर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा एक नई नियमावली बनाई जा रही है ।इस नई नियमावली में उर्दू पद को सिरे से खारिज करने की बात की गई है। अगर झारखंड सरकार इस नियमावली को मानकर नोटिफिकेशन कर देती है तो आने वाले दिनों में उर्दू शिक्षकों की कोई बहाली नही होगी। उपर्युक्त बातें यूनाइटेड मिल्ली फोरम नावाडीह के कार्यकर्ता मो जफर इकबाल ने कही। उन्होंने कहा कि इस नियमावली को लेकर झारखंड में विरोध का स्वर उभरने लगा है। ऊपरघाट पैंक पंचायत में यूनाइटेड मिल्ली फोरम नावाडीह के कार्यकताओं ने उस नियमावली को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई ।इस विरोध में मो जफर अंसारी, यूसुफ अंसारी, अबरार अंसारी, मो सनाउल्लाह, मुस्ताक आलम, सुफियान, अमानुल्लाह, आरिफ, दिलकश, रिजवान, शकीला खातून,अजीमा खातून, रज़िया खातून, जमीला खातून, साजदा बानो वगैरह शामिल थे।

### प्रभात फेरी का आयोजन

**कुजू**: श्री श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव धूमधाम से मानने को लेकर कुजू गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रांगण से तीसरे दिन रविवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जहां पूरे कुजू क्षेत्र के सिख समाज के महिला पुरुष और बच्चे अमृत बेला में गुरुद्वारा परिसर पहुंचकर गुरु के चरणों में माथा टेका। तत्पश्चात गुरुद्वारा परिसर से निकल कर सिखों का समूह निशान साहिब लेकर गाजे- बजे के साथ गुरुबाणी पढ़ते हुए कुजू चौक होते हुए कुजू बस्ती आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए सरदार रणजीत सिंह तथा सरदार मनजीत सिंह के घर पहुंचे। जहां इन दोनों के द्वारा निशान साहिब जी का स्वागत फूल माला पहन कर किया। वही गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा ने दोनों गुरु घर के सेवकों को सरोपा भेंट देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात बाबा कुलबीर सिंह द्वारा कीर्तन, गुरबाणी, पाठ अरदास के बाद सभी संगतों के बीच चाय, नाश्ता, प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी नगर कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा परिसर पहुंचकर गुरु का अरदास के पश्चात प्रभात फेरी की समाप्ति की गई। चौथे दिन की प्रभात फेरी गुरु के सेवक सरदारनी दलजीत कौर के घर जाएगी उक्त जानकारी गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा ने दी। मौके पर सुरजीत सिंह, मनजीत सिंह ,गुरदीप सिंह बग्गा, चरणजीत सिंह बग्गा, जोगिंदर सिंह, गुरदीप सिंह (गुंडे), मनजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह भाटिया, कर्मदीप सिंह बलजीत सिंह राजवीर सिंह भाटिया, किरणदीप कौर,महेंद्र कौर, दलजीत कौर, बलबीर कौर, सुरजीत कौर, कमलजीत कौर, चरणजीत कौर, गुरमीत कौर, संदीप सिंह, छोटू , सुमित ,सिद्धार्थ,रौनक सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे।

संपादकीय

# दो युद्धों के बीच उभरता तीसरा खतरा

यूक्रेन वनाम रूस और इजरायल वनाम हमास का युद्ध अभी जारी है। दोनों के निकट भविष्य में समाप्त होने के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच हमास के साथ साथ लेबनान स्थित हिजबुल्लाह भी मैदान में उतर आया है। इनके अलावा ईरान समर्थन हाउती विद्रोहियों की कारगुजारियों ने पूरी दुनिया को प्रभावित कर दिया है। लाल सागर में स्वेज नहर के जरिये वाणिज्यिक पोतों के आवागमन पर मंडरा रहे संकट समाप्त होने का कोई संकेत फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। यह भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को जोड़ने वाला एक अहम मार्ग है और गाजा पट्?टी तथा उसके आसपास के इलाके में इजरायल-हमास जंग के कारण इसे लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। युद्ध के परिणामस्वरूप यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोही गठजोड़ ने यमन और जिबूती के बीच बाब-अल-मांदेब खाड़ी में नौवहन पर हमले शुरू कर दिए। विद्रोही गठबंधन आश्चर्यजनक रूप से हथियारों से अच्छी तरह लैस है। उसने पोतरोधी बैलिस्टिक मिसाइलों का



इस्तेमाल किया है। इससे पहले किसी लड़ाई में इतनी बड़ी तादाद में इनका इस्तेमाल नहीं किया गया था। इनके साथ ही विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं का उपयोग करके भी जहाजों पर हमला किया और उन्हें धमकाया। हाउती विद्रोहियों का दावा है कि उन्होंने इजरायल की ओर जा रहे पोतों पर हमले किए लेकिन वास्तव में यह सच नहीं है। ईरान के टेलीविजन पर एक अमेरिका जहाज को बंधक बनाने की खबर का वीडियो भी प्रसारित हुआ है। अब यह संभव ही नहीं है कि वे जान सकें कि कौन सा जहाज किस दिशा में जा रहा है। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई प्रमुख पोत संचालकों ने स्वेज नहर और लाल सागर का मार्ग छोड़ देने का निर्णय लिया। इन पोत संचालक कंपनियों में मेर्स्क, हपाग-लॉयड और मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी तथा कुछ प्रमुख तेल कंपनियां शामिल हैं। कुछ दिन पहले मेर्स्क ने इस बात की पुष्टि की थी कि उसके टैंकर निकट भविष्य में इस क्षेत्र से नहीं गुजरेंगे। ऐसी अपेक्षाएं थीं कि मेर्स्क तथा अन्य कंपनियां सामान्य सेवाएं बहाल कर देंगी क्योंकि अमेरिका ने घोषणा की थी कि एक नौसैनिक कार्य बल इस इलाके में जलपोतों की सुरक्षा करेगा। परंतु यह कार्य बल जमीन पर प्रभावी असर छोड़ने में नाकाम रहा और इसके चलते पोत संचालकों ने किफायत के बजाय सावधानी बरतने को अधिक तरजीह दी। ऐसे निर्णयों के परिणामस्वरूप भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बीच नौवहन में लगने वाला समय और व्यय बहुत अधिक बढ़ गया है। तमाम पोत अपनी यात्राओं को स्थगित कर रहे हैं और अगर उन्हें यात्रा करनी ही पड़ रही है तो वे दक्षिण अफ्रीका में आशा अंतरीप (केप ऑफ गुड होप) के रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। भारत के औद्योगिक संगठनों के हालिया अनुमानों के मुताबिक यूरोप तक पोत भेजने की लागत 70 फीसदी से 200 फीसदी तक बढ़ गई है। विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में भारत के निर्यात की बात करें तो इसका असर उनके मार्जिन और उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर पड़ सकता है। भारत के पूर्वी तटों में से एक से निकला डीजल और जेट फ्यूल कार्गो पोत पहले ही विलंब से चल रहा है और उसकी दिशा बदल दी गई है। अन्य वैश्विक एकीकरण वाले क्षेत्रों पर भी असर पड़ सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और साथ ही 2023-24 में भारत की अप्रत्याशित रूप से मजबूत वृद्धि के लिए भी लाल सागर के हालात निकट भविष्य में सर्वाधिक अनिश्चितता वाले हालात बने रहने वाले हैं। पोतों के आवागमन का इस तरह बाधित होना आर्थिक सुधार की प्रक्रिया को गहरी क्षति पहुंचाने वाला साबित होगा। यह मुद्रास्फीति के लिए भी बड़ा जोखिम साबित हो सकता है। इस संदर्भ में यह बात ध्यान देने लायक है कि अब जबकि स्वेज नहर के रास्ते का इस्तेमाल मुश्किल हो रहा है तो इसी बीच अमेरिका में इसकी जुड़वां नहर को भी वर्षों या दशकों में सबसे कम नौवहन के लिए विवश किया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की स्थिति बढ़ी है जिसके चलते वहां से गुजरना मुश्किल हुआ है। पिछला वर्ष मध्य अमेरिका के दर्ज इतिहास का सबसे सूखा वर्ष था। विश्व व्यापार के इन दो प्रमुख मार्गों के पूरी क्षमता से काम नहीं करने की स्थिति में भविष्य के व्यापार और वृद्धि के लिए कई अहम जोखिम उत्पन्न हुए हैं। कुल मिलाकर लाल सागर इलाके में हाउती विद्रोहियों के ड्रोन हमलों की वजह से अनेक देशों को अपने युद्ध पोत तैनात करने पड़े हैं। दूसरी तरफ इस रास्ते पर अड़चन होने की वजह से दूसरे रास्ते से तेल लाना अधिक खर्चीला होने वाला है। यह सभी उपाय अंततः आम आदमी की जेब पर बोझ डालने वाले हैं। लिहाजा वैश्विक गांव के परिदृश्य में यह समझा जा सकता है कि युद्ध कहीं का भी हो उसका कोई न कोई असर सभी देशों पर पड़ता है और इन सभी देशों में आखिर आम आदमी ही इनकी वजह से पिसता है।

# गंगासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

गंगासागर में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है।

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा

**15 जनवरी मकर संक्रान्ति पर विशेष**

भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया।

परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है। गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहां कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहां महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है।

गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है।

# कुएं की शादी

प्रेरक-प्रसंग

एक बार की बात है कि महाराज कृष्णदेव राय और तेनालीराम में किसी बात पर नोकझोंक हो गई। तेनालीराम नाराज होकर दरबार छोड़कर कहीं दूर चले गए।

महाराज ने अपने सेवकों से तेनालीराम को ढूंढने की बहुत कोशिश की परंतु तेलानीराम का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद राजा को तेनालीराम को ढूंढने का एक उपाय सूझा।

उन्होंने प्रत्येक राज्य के प्रत्येक गांव-कस्बों में मुनादी करवा दी कि महाराज अपने राजकीय कुएं का विवाह कर रहे ।हैं इसलिए प्रत्येक गांव व कस्बों के मुखिया अपने-अपने कुंओ के साथ विवाह में शामिल हो। जो मुखिया विवाह में शामिल नहीं होगा उसे 20000 स्वर्ण मुद्राएं जुमार्न के रुप में देनी होगी। इस घोषणा से सभी मुखिया परेशान हो गए और सोचने लगे, भला कुआं भी कहीं ले जाया जा सकता है। अवश्य ही महाराज का दिमाग फिर गया है। जिस गांव में तेलानीराम रुका हुआ था वहां का



मुखिया भी इस घोषणा को सुनकर परेशान हो गया। तेनालीराम समझ गया कि यह घोषणा राजा ने उसे ढूंढने के लिए कराई है।

इसलिए तेलानीराम मुखिया के पास जाकर बोला कि आप इस घोषणा से चिंतित ना हो। आपने मुझे इस गांव में आश्रय दिया है इसलिए मेरा भी कर्तव्य है कि मैं आपको इस मुसीबत से छुटकारा दिलाऊं।

आप मेरे साथ चलने की तैयारी शुरू करें। तेनालीराम, मुखिया और गांव के चार व्यक्ति विजय नगर की ओर चल दिए। विजयनगर के पास पहुंचकर वे लोग एक स्थान पर ठहर गए ।तेनालीराम के बताए हुए उपाय के अनुसार मुखिया, महाराज के पास जाकर बोला:-' महाराज, हमारे गांव के कुछ लोग आपके कुएं के विवाह में शामिल होने के लिए आए हैं। यदि नगर के सारे कुएं उनके स्वागत के लिए चलेंगे तो अच्छा होगा' ।यह सुनकर महाराज कृष्णदेव राय समझ गए कि यह तेनालीराम की सूझबूझ हो सकती है महाराज ने मुखिया से कहा:-

'सच सच बताओ, तुम्हें यह उपाय किसने बताया है'।

मुखिया बोला:- 'महाराज, हमारे गांव में एक परदेसी आकर ठहरा है, उसी ने हमें यह बात बताई है। वह व्यक्ति भी नगर के बाहर हमारे आदमियों के साथ ठहरा है'।

महाराज यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुए वह स्वयं नगर के बाहर गए और बड़ी धूमधाम के साथ तेनालीराम को अपने साथ ले आए तथा गांव वालों को पुरस्कार देकर विदा किया।

आस्था

# प्रकृति को समर्पित है मकर संक्रान्ति का त्योहार

भारतीय संस्कृति में मकर संक्रान्ति का विशेष महत्व है। यह कभी पौष मास में तो कभी माघ मास मेंआती है । इस कारण यह बंगलादेश एवं पश्चिम बंगाल में पौष संक्रान्ति तो नेपाल में माघेसंक्रान्ति एवंपंजाबमें माघी नाम से प्रसिद्ध है । यह सौरमास का दसवांमाहहै । प्रायः इस समय खरीफ फसलें कटकर घर को सम्पन्न कर चुकी होती है तथा रबी फसलों की बुआई हो चुकी होती है ।



ई0 प्रभातकिशोर
पत्रकार

खगोल शास्त्र के अनुसार, मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं या पृथ्वी का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर मुड़ जाताहै । सर्द ऋतु की ठिठुरन से राहत मिलती है तथा दिन बड़ा होने लगता है, जिससे शरीर उजार्वान हो जाता है । शिशिर, बसंत एवं ग्रीष्म ऋतु में सूर्य उत्तरायण तथा वर्षा, शरद एवं हेमंत ऋतु में दक्षिणायन होते है । राशि के अनुसार जब सूर्य मकर, कुंभ मीन, मेष, वृष एवं मिथुन राशि में भ्रमण करते हैं तो उत्तरायण और जब कर्क , वृश्चिक, सिंह, तुला, कन्या एवं धनु राशि में भ्रमण करते हैं तो दक्षिणायन होते है । दक्षिणायन देवताओं का शयनकाल तथा उत्तरायण प्रातःकाल होता है । भारतीय संस्कृति में दक्षिणायन को पितृकाल भोग मार्ग तथा उत्तरायण को देवयान मोक्ष मार्ग माना गया है ।

**धमार्चायों के अनुसार, प्रदोषे वा अर्द्धरात्रे वा स्नानं दानं परेहानि । यानी सायंकाल या मध्य रात्रि में मकर राशि में संक्रमण होने पर दूसरे दिन स्नान ध्यान का विधान है ।**

तदनुसार यज्ञोप विधि विधान उत्तरायण में शुभ माने जाते हैं ।

भारतीय पंचांग के अनुसार मकर संक्रान्ति खरमास की समाप्ति का दिवस है तथा इसके उपरान्त शुभ कार्य प्रारम्भ किये जाते हैं । गृहप्रवेशः त्रिदश प्रतिष्ठा विवाह चैल व्रतबंध दीक्षाः । सौम्यायने कर्म शुभम् विधेयं यत गर्हिततं खालु दक्षिणे च ।। अर्थात गृह-प्रवेश, देव-प्रतिष्ठा, विवाह, मुंडन, उपनयन, मंत्र-दीक्षा जैसे शुभ कर्म उत्तरायण में विहित हैं तथा अन्य कर्म दक्षिणायन में । मकर संक्रान्ति का पर्व हमारी देव संस्कृति का पुनीत अंग है । यह हमें उर्जा यानी सूर्य का उपासक बनाता है तथा अपनी मिट्टी से जोड़ता है ।

धमार्चायों के अनुसार, प्रदोषे वा अर्द्धरात्रे वा स्नानं दानं परेहानि । यानी सायंकाल या मध्य रात्रि में मकर राशि में संक्रमण होने पर दूसरे दिन स्नान ध्यान का विधान है । धर्म सिन्धु के अनुसार रात्री पूर्व भागे पर भागे निशीये वा मकर संक्रमें उतर दिनंपुण्यम ।। यानी रात्रि के पूर्वभाग, परभाग या मध्य रात्रि में संक्रान्ति होने परअगले दिन हीं पुण्यकाल मान्य है । भारतीय पंचांग में प्रत्येक माह की पूर्णिमा के बाद नये मास की शुरूआत होती है । भारतीय जनजीवन में पूर्णिमा एवं अमावस्या का विशेष महत्व है । अमावस्या कृष्ण पक्ष तथा पूर्णिमा शुक्लपक्ष का अंतिम दिवस होता है । पूर्णिमा यानीपूर्ण माः । माः यानी मास का अर्थ चन्द्र होता है यानी जिस दिन चन्द्रमा रात्रि में बिल्कुल दिखाई न दे उसे अमावस्या तथा जिस दिन चन्द्रमा का आकार पूर्ण होता है उसे पूर्णिमा कहा जाता है ।

प्रकृति पूजा से जुड़ा मकर संक्रान्ति का उत्सव जनजीवन मेंआरोग्य एवं आनंद का प्रतीक है । मकर संक्रांति से माघ मास प्रारंभ होता है, इसलिए इस दिन लगने वाले मेले को माघ मेला कहा जाता है। इस शुभ दिवस पर देश के विभिन्न हिस्सों में कई मेले आयोजित किए जातेहैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण कुंभ मेला और गंगासागर मेला है। कुंभमेलाहर 12 साल में चार पवित्र तीर्थस्थलों हरिद्वार, प्रयाग, नासिक और उज्जैन में आयोजित किया जाता है। श्रद्धालुजन नदियों या आसपास के अन्य जल स्त्रोतों में स्नान कर सूर्यदेव की पूजा और गायत्री मंत्र का जाप करते हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत भारत के सभी राज्यों में पतंग उड़ाने की परम्परा है । सूर्य धनुराशि से मकर राशि में प्रवेश करता है । यह पर्व देश के विभिन्न क्षेत्रों मेंअलग-अलग स्थानीय नामों यथा-पोंगल, भोगाली बिहू, उत्तरायण, पौष संक्रान्ति आदि नामों से भी जाना जाता है । विदेशों में यह त्योहार माघे संक्रान्ति (नेपाल), पौष संक्रान्ति (बंगला देश), सोंग क्रान्ति (श्याम/थाईलैंड), थिंग यान (बर्मा), मोहन सोंगक्रान्ति (कम्बोडिया) के नाम से प्रचलित है । मकर संक्रान्ति के एक दिन पूर्व नये फसलों के घर आने की खुशी में लोहड़ी मनायी जाती है ।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



औपनिवेशिक सरकार द्वारा उन गंभीर सामाजिक समस्याओं से निपटने के लिए कई उपाय शुरू किये गए जिनका सामना सिंगापुर को करना पड़ रहा था। चीनी समुदाय की जरूरतों को पूरा करने, विशेष रूप से कूली व्यापार की बुरी गालियों पर नियंत्रण करने और चीनी महिलाओं को जबरन वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने से रोकने के लिए 1877 में पिकरिंग के तहत एक चीनी संरक्षित राज्य की स्थापना की गयी। 1889 में गवर्नर सर सेसिल क्लेमेंटी स्मिथ ने गुप्त समाजों को प्रतिबंधित कर दिया जिससे उन्हें भूमिगत हो जाना पडा। फिर भी, युद्धोपरांत काल में कई सामाजिक समस्याएं बनी रहीं जिसमें एक गंभीर आवासीय कमी और खराब स्वास्थ्य और जीवन स्तर भी शामिल था। 1906 में एक क्रांतिकारी चीनी संगठन तोंग्मेंघुई ने किंग राजवंश को उखाड़ फेंकने में प्रतिबद्धता दिखाई और सन यात-सेन के नेतृत्व में सिंगापुर में अपनी नान्यांग शाखा की स्थापना की, जिसने दक्षिण पूर्व-एशिया में संगठन के मुख्यालय के रूप में काम किया।

# 50MP फ्रंट कैमरा के साथ Honor Magic 6 Pro लॉन्च

नई दिल्ली: Honor ने चीनी बाजार में Magic 6 के साथ अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन Magic 6 Pro लॉन्च किया है। Magic 6 Pro में 6.8-इंच की FHD+ कर्व्ड OLED LTPO डिस्प्ले दी गई है। Magic 6 Pro में Snapdragon 8 Gen 3 SoC है। आइए इस स्मार्टफोन के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत के बारे में जानते हैं।



**Honor Magic 6 Pro की कीमत और उपलब्धता**

Honor Magic 6 Pro के 12GB RAM/256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 5699 Yuan (लगभग 66,717 रुपये), 16GB RAM/512GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 6199 uan (लगभग 72,533 रुपये) और 16GB RAM/1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 6699 Yuan (लगभग 78,433 रुपये) है। Honor का यह स्मार्टफोन Lake Blue, Cloud Purple, Qilian Snow, Barley Green और Velvet Black में उपलब्ध है। स्मार्टफोन की प्री-सेल 11 जनवरी, 2024 को 21:08 बजे शुरू होने वाली है। यह ऑफिशियल तौर पर 18 जनवरी, 2024 को 10:08 बजे बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन Honor ऑनलाइन स्टोर, ऑथोराइज्ड ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, Honor एक्सपीरियंस स्टोर और ऑथोराइज्ड रिटेल आउटलेट समेत विभिन्न प्लेटफार्म्स के जरिए बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

**Honor Magic 6 Pro के फीचर्स और स्पेसिफिकेशन**

Honor Magic 6 Pro में 6.8 इंच की FHD+ कर्व्ड OLED LTPO डिस्प्ले दी गई है जिसका रेजोल्यूशन 28001280 पिक्सल, एडेप्टिव रिफ्रेश रेट 120Hz, 1600 निट्स की ब्राइटनेस और 5000 निट्स की लोकल पीक ब्राइटनेस है। Magic 6 Pro में Snapdragon 8 Gen 3 SoC दिया गया है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड पर बेस्ड Honor MagicOS 8.0 पर चलता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"आज मेरी राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन हुआ है। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और इसके साथ ही पार्टी से मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया है। वर्षों तक अटूट समर्थन के लिए मैं सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं।"

मिलिंद देवड़ा
कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री





"'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएं'गे के गाने 'मेहंदी लगा के रखना' का एक वीडियो शेयर किया है। गाने का वीडियो देखकर शाहरूख-काजोल के फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।"

आदित्य चोपड़ा
निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

## राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से मकरसंक्रांति के दिन मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरि झंडी दिखाकर रवाना करवा ।कांग्रेस के बड़े नेता इंफाल पहुंचे ।15 राज्य 110 जिलों और 337 विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा छह हजार किमी का सफर तय कर 20 मार्च को पूर्ण होगी ।लगातार चुनाव में कांग्रेस की करारी हार से घबराई पार्टी ने नायब रास्ता ढूंढ लिया है ।कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कई राज्यो में कांग्रेस घुटनो के बल पर आ गई है ।कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर आशावादी इसलिए है कि वो सत्ता का सुख भोगने की अपेक्षा रखे हुए है ।कांग्रेस सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक लड़ाई को लेकर यात्रा निकाल रही है ।जिससे दिग्गज नेताओं की खोई राजनीति को पुनः हासिल कर सके ।वैचारिक यात्रा को नाम देकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए निकली कांग्रेस को इस दौड़ से कुछ हासिल होगा?पूर्वोत्तर राज्यो को ध्यान में रखकर निकाली जाने वाली यात्रा का फोकस 25 सीटो पर है ।रामप्रतिष्ठा महोत्सव को ठुकराने वाली कांग्रेस बीस फीसद मतदाताओं को रिझाने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है ।ओडिसा मध्यप्रदेश पश्चिमी बंगाल और मणिपुर आदि राज्यो से यात्रा गुजरेगी और मुम्बई में इसका समापन होगा ।कांग्रेस के पास यात्रा के सिवा कोई मकसद नही है ।कांग्रेस अमेठी हार गई थी ।इस बार कांग्रेस यूपी भारत जोड़ो यात्रा में वाराणसी और अमेठी दोनों सीटो पर फोकस करेगी ।कांग्रेस के पास व्यक्ति विकास का कोई एजेंडा नही है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा सोनपुरा गांव

**बड़कागांव** :बड़कागांव सोनपुरा गांव में पचबहिनी मंदिर से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत को मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद के अध्यक्षता में घर-घर पहुंचाया गया। कार्यक्रम के पूर्व सोनपुरा गांव के हजारों की संख्या में लोग जय श्री राम का नारा लगाते हुए महिलाओ ने माथे पर कलश लेकर पूजित अक्षत को गाजे- बाजे के साथ झुमते-नाचते व जय श्री राम का नारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली।

## सिटी अपडेट्स >>

### समाजसेवी मो. कयूम के पिता का निधन, शोक की लहर

**बरही** : बरही विधान सभा के अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कयूम अंसारी के पिता हाजी नूर मोहम्मद का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे बरही विधानसभा में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है पिछले कुछ दिनों से उनके पिता बीमार चल रहे थे। जानकारी मिलने पर कई समाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास गरजामु पहुंचे और उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं मृत आत्मा का सुपुर्दे खाक के गरजामु स्थित कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम संस्कार में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डोमन पांडेय, एनसीपी नेता महेश ठाकुर, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मो. असलम, मनोज मंडल, पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव, बंधन यादव, किशोर यादव सहित अन्य ग्रामीण व उनके परिजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता ने छोड़ा कांग्रेस का साथ

**चौपारण** :चौपारण डेबो पंचायत से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव सहित पार्टी समर्थित सभी वार्ड सदस्य, पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा प्रखण्ड अध्यक्ष को सौंप दिया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव महेश यादव ने बताया कि हमलोग कांग्रेस पार्टी व विधायक अकेला यादव के साथ निःस्वार्थ भाव जुड़कर पार्टी हित के लिए कार्य करे थे। लेकिन हमलोगों ने विधायक से मिलकर डेबो पंचायत के हित में कई समस्याओं को रखा लेकिन उसका कोई समाधान नही हो पाया। बीते कई महीनों से स्थानीय विधायक अकेला यादव के कार्यशैली से हम सब नाराज है। विधायक ने डेबो पंचायत के कांग्रेस कार्यकताओं का जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ व अनदेखी करके सबके मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव ने कहा कि हमलोगों ने लिखित रूप से प्रखण्ड अध्यक्ष को त्याग पत्र सौंप दिया है।

### कांग्रेस नेता ने ईरगा स्थित चंडी स्थान मेले का किया उद्घाटन

**हजारीबाग** :हजारीबाग दारू प्रखंड अंतर्गत ग्राम ईरगा मे चंडी स्थान मेला का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह उपस्थित हुए जिसमें यहां के सैकड़ो महिलाएं व पुरुषों ने झारखंडी पारंपरिक वेशभूषा ढ़ोल नगाड़े से भव्य रूप से स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने सर्वप्रथम चंडी स्थान पर जाकर मां चंडी के समक्ष माथा टेका व पूजा अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। चंडी मेला के संरक्षक प्रदीप कुशवाहा ने मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह को पगड़ी बांधकर इनका स्वागत किया।

**घटना**

### आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन घंटे किया सड़क जाम

# हाईटेंशन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

- विधायक व पूर्व विधायक पहुंचे घटना स्थल पर
- आश्वासन मिलने के बाद हटाया गया जाम



राष्ट्रीय खबर

**बरही** :बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में इंडियन पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक लाइन होटल के बगल में 11 हजार तार के चपेट में आने से 38 वर्षीय पंचमाधव गांव निवासी गणेश ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे घटी। मृतक गणेश ठाकुर पेशाब करने के लिए होटल के बगल में गया था, इस दौरान उसके ऊपर 11 हजार की हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया और उसके चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। वही होटल में बैठे 3 से 4 लोग बाल बाल बच गए। बिजली विभाग के लापरवाही को देखते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों ओर से सड़क को जाम कर दिया, और सड़क पर ही बैठ गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, प्रमुख मनोज रजक, जेबीकेएसएस के नेता संजय मेहता, राजद के पूनम यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, थाना प्रभारी रोहित सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, छठू गोप, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, तौकीर रजा, बीरेंद्र यादव आदि घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व बरही प्रशासन से उचित मुआवजा, पीड़ित परिवार के घर से एक व्यक्ति को बिजली विभाग में नौकरी व लचर बिजली व्यवस्था को सुधार करने की मांग करने लगे और करीब 3 घंटे तक सड़क को जाम रखा। उचित मुवावजा और पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति के नौकरी मिलने के आश्वाशन के बाद जाम हटाया गया। वही बरही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के करना यह घटना घटी है।

उचित मुआवजा से लेकर एक व्यक्ति को नौकरी दिलाने काम में करूंगा। वही कहा की 2 क्विंटल चावल व 50 केजी गेहूं जल्द मृतक के घर भेजवाएंगे। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इस घटना का जिम्मेवार बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को बतलाया। कहा कई ग्रामीणों की जान जा रही है, सिर्फ विभाग पैसा वसूली पर ध्यान दे रहा है और जर्जर तारों को बदलने का काम नहीं किया जा रहा है। यदि ग्रामीण शिकायत भी करते हैं तो कोई सुनने वाला नहीं है, यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो हम लोग जल्द आंदोलन करेंगे। बता दे की मृतक गणेश ठाकुर घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था, वे होटल के बगल में एक सैलून दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिसमें दो बेटियां वह एक लड़का है। मृतक गणेश ठाकुर एक पैर से विकलांग भी था, और पूरा परिवार का भरण पोषण कर रहा था, उनके निधन से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया, इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।करीब 3 घंटे रहा सड़क जाम : - बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से अक्रोशित ग्रामीणों ने करीब 10:30 बजे सड़क को जाम कर दिया।

## पत्रकारों ने उठाया वन भोज का लुत्फ



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक पत्रकार संघ की ओर से वन भोज का आयोजन रविवार को किया गया। सल्पर्णी के सुंदर वादियों में आयोजित वन भोज में विभिन्न अखबारों के प्रतिनिधि और एस आई धनंजय सिंह शामिल हुए।वन भोज में शामिल पत्रकारों ने एक दूसरे को नए साल की शुभकामना देते हुए लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। जिसमे संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सचिव गणेश कुमार कोषाध्यक्ष रामवतार सोनी केंद्रीय सदस्य रामशरण शर्मा, एसआई धनंजय सिंह,विकाश सिंह,महेश कुमार मेहता,कुलदीप कुमार, श्यामदेव मेहता,अभिषेक कुमार,दीपक सिंह,अरुण वर्मा रमेश रंजन,सुशांत सोनी,सूरज दास,राजू पासवान,अनिल राम शामिल हुए।

## टुसू पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान और धरोहर है: योगेंद्र



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:** रविवार को माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड क्षेत्र गोपो के सुप्रसिद्ध गंधौनिया (भूकभुकिया) स्थित मुक्तेश्वरी धाम पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में मत्था टेक क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की मंगलकामना की। यहां वे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मकर संक्रांति और टुसू पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मंत्री श्री महतो जी ने कहा कि टुसू पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान और धरोहर है। इस दौरान टुसू पालकी लिए महिलाएं टुसू गीत गा रहीं थीं। मेला समितियों द्वारा मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री महतो को पारंपरिक गमछा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके अलावा मंत्री जी ने प्रखण्ड अंतर्गत किसान मजदूर उच्च विद्यालय, चुगनू के खेल का मैदान पहुंच, रक्त दान महादानग्रुप द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में सीजन 2 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विजेता पेटीएम11 पेटरवार व उपविजेता केदला को आयोजकों द्वारा घोषित पुरस्कार व विनर और रनरअप ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री श्री महतो ने आयोजक रक्तदान महादान ग्रुप के सामाजिक दायित्वों के कार्यों की खूब प्रशंसा की।

## भारत रत्न पुरस्कार की घोषणा से जिला अध्यक्ष ने दी बधाई

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** :हजारीबाग लोकसभा के सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार प्रदान किए जाने के घोषणा किए जाने पर हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक यादव भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिमन्यु प्रसाद ने अटल भवन के सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित होना हम हजारीबाग लोकसभा की जनता के लिए गर्व का विषय है। यह घोषणा जनवरी माह में घोषित किया गया है। पुरस्कार फरवरी माह में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए सांसद जयंत सिन्हा का चयन निर्णायक समिति के वरिष्ठ सदस्य गणों जिनमें माननीय केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं वरिष्ठ पूर्व चुनाव प्रमुख कृष्णमूर्ति सहित अन्य प्रमुख सदस्यों के द्वारा किया गया है। यादव ने आगे कहा कि 5 वर्षों के कार्यकाल में सांसद जयंत सिन्हा ने संसद में अपनी 100% उपस्थिति दर्ज किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने वर्ष 2019 से लेकर अभी तक के कार्यकाल में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र झारखंड देश हित से जुड़े लगभग 1000 प्रश्न उठाएं और उसका समाधान भी करवाया है। सांसद सिन्हा ने जीरो अवर के तहत 54 व नियम 377 के तहत 29 मुद्दों पर संसद का ध्यान आकृष्ट करवाया है। अपने कार्यकाल में सांसद जयंत सिन्हा ने देश हित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किए हैं। इस कार्यकाल में सांसद जयंत सिन्हा जन सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश हित में अनेकों सफल प्रयास किया। जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति को भी 5 वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ समिति के रूप में चयन किया गया है। जयंत सिन्हा के नेतृत्व वाली वित्त समिति महत्वपूर्ण विषय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है उसके आधार पर केंद्र सरकार के विकास की नीति बनती है। वित्त समिति वित्त मंत्रालय से जुड़े विधेयक का अध्ययन करती है और समिति के सुझावों के अध्ययन के आधार पर केंद्र सरकार संशोधनों को सदन में लाती है। जिससे देश का कानून बनता है। जयंत सिन्हा देश का बजट जनहित में हो और लोगों की भलाई सह सुविधा के लिए कानून बने यह सुनिश्चित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## डुमरौन में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक डुमरौन गाँव स्थित विनोबा भावे डी ए भी पब्लिक स्कूल मैं सदर सांसद प्रतिनिधि आशीष मेहता अनूप जी ने विद्यालय बच्चों को सिटी एवं चॉकलेट देकर प्रोत्साहित करते हुए सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन मैं भाग लेते हुए बच्चों को उत्साहित व जागरूक किया । विद्यालय संस्थापिका व सांसद प्रतिनिधि रजनी शर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का टिप्स बताई। प्रधानाध्यापक मो.समसूल होदा ने प्रतिदिन बच्चों को समय पर विद्यालय आने एवं पढ़ाई करने व पढ़ाई से लाभ के बारे में बताया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावे विद्यालय के शिक्षक इम्तियाज अंसारी संतोष कुमार ,शाहबाज अंसारी ,रमाशंकर उपाध्याय, शोभा कुमारी ,सुनीता कुमारी, पूजा कुमारी ,राजेश कुमार, उत्तम कुमार शर्मा ,ममता कुमारी मौजूद रहे।

## यूथ विंग ने गौशाला कर्मचारी के संग मनाया मकर संक्रांति

- यह त्यौहार भारत का एक प्रमुख त्यौहार मे से है
- यह त्योहार एक पारंपरिक त्यौहार जो की उत्तरायन के नाम से भी जाना जाता है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के संग हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मकर संक्रांति का महापर्व मनाया। इस पूर्व सभी लोगों ने गौ माता की सेवा कर उन्हें गुड,चोकर खिलाया। गौशाला में कार्य कर रहे 45 कर्मचारियों के बीच चूड़ा,गुड,तिलकुट सहित अन्य सामान का वितरण किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि गौशाला में इनकी सेवा एक अतुलनीय है जिस तरह गौ माता यह लोग सेवा करते है हमें भी इनकी उतनी ही ध्यान रखनी चाहिए इसी को देखते हुए आज गौशाला परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मकर संक्रांति पर चूड़ा,गुड, तिलकुट एवं अन्य सामान का वितरण किया साथ ही साथ सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी कहा कि मीठी बोली मीठी जुबान मकरसंक्रांति का है ये ही पैगाम। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सभी कर्मचारी बंधुओं को बताया गया की मकर संक्रांति एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। यह भारत में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है तथा यह हर साल 14 एवं 15 जनवरी को मनाया जाता है।

यह त्यौहार भारत का एक प्रमुख त्यौहार मे से है जो पूरे उत्साह से मनाया जाता है। यह त्योहार एक पारंपरिक त्यौहार जो की उत्तरायन के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग तिल, गुड़, रेवड़ी से बने पदार्थ खा कर आनंद उठाते हैं। और पतंग भी उड़ाते है। मौके पर :संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास केसरी, प्रमोद खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकाश तिवारी उदित तिवारी एवं सतेंद्र सिंह डॉ वी वेंकटेश, वसंता लक्ष्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### डीएसपी ने अभियान चलाकर 100 एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट



**हजारीबाग** :हजारीबाग पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देनुसार शनिवार को नजीर अख्तर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही एवं अनुज उराव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक संयुक्त समिति का गठन किया गया। यह टीम अवैध अफीम की खेती और अफीम की खरीद-बिक्री को रोकने का कार्य करेगी। साथ ही एक छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें सीआरपीएफ-22 बटालियन टंडवा के सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार सिंह, वन विभाग के एसीएफ एके परमार,आरएफओ सत्येन्द्र कुमार चौधरी, रेंजर, कमलेश कुमार सिंह, आरएफओ रामबाबू, शम्भू नंद ईश्वर चौपारण थाना प्रभारी एवं सीआरपीएफ-22 बटालियन के जवान एवं थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे। उक्त संयुक्त छापेमारी दल ने एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर चौपारण थाना क्षेत्र के ढोढ़िया एवं दुरगड़ा गांव में लगभग 90 से 100 एकड़ वन भूमि पर लगी अफीम को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस संदर्भ में चौपारण थाना प्रभारी को दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आस-पास के ग्रामीणों को नशामुक्ति एवं अफीम उन्मूलन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने के साथ-साथ अफीम की खेती/सेवन नहीं करने के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों से अफीम की खेती करने वाले लोगों की जानकारी गुप्त रूप से पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री संग विधायक ने माता मंदिर में माथा टेका



**हजारीबाग** :हजारीबाग भाजपा परिवार, इचाक प्रखंड द्वारा बुढ़िया माता मंदिर परिसर, इचाक में आयोजित दही-चूड़ा कार्यक्रम में शामिल होने पहुचें कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी संग हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भी यहां पहुंचकर प्राचीन बुढ़िया माता मंदिर में माथा टेका और क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की हजारीबाग जिला मुख्यालय से महज 17 किमी दूर इचाक का यह बुढ़िया माता मंदिर का इतिहास करीब 400 वर्षों का है। यहां प्रतिमा नहीं बल्कि मिट्टी और सिंदूर के पिंड की पूजा की जाती है। यहां मिट्टी के पिंड पर सिंदूर का लेप लगाया जाता है और माता लोगों की मन्नतें पूरी करती हैं। मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि जिसने भी यहां झोली फैलाया है मां उसकी मुरादे पूरी करती रही है। बुढ़िया माता मंदिर को लेकर कहा जाता है कि सदियों पूर्व जब इस इलाके में हैजा और कोलेरा का प्रकोप फैला तो क्षेत्र में मौत का तांडव शुरू हो गया। ऐसे में यहां बुढ़िया माता ने पिंड स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया और तब से क्षेत्र में अकाल मौत से लोग बचने लगे। यहां कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। पहले बुढ़िया माता का मंदिर छोटा था लेकिन अब विशाल और आकर्षक मंदिर का निर्माण हो रहा है बुढ़िया माता मंदिर दर्शन और पूजन के उपरांत केंद्रीय मंत्री अन्नपुर्णा देवी और हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ दही- चूड़ा का भी आनंद उठाया ।

### साई मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन



**हजारीबाग** : हजारीबाग साईं परिवार हजारीबाग के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर साईं भण्डारा का कार्यक्रम कराया जा रहा है। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में सोमवार को अहले साईं मंदिर में 5 बजे काकड़ आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी आने वाले मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर साईं परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में आगामी सोमवार 15 जनवरी 2024 को विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का इंतेजाम रहेगा। इसी दौरान विशेष उपस्थिति आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषी और भैयाजन की होगी। इन सभी के बीच साईं बाबा का प्रसाद वितरण भी किया जायेगा। साइन परिवार, हजारीबाग साईं भक्तों का एक समूह है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखना हेतु कार्य करता है। साईं परिवार, हजारीबाग समाज के जरूरतमंद वर्गों के बीच लगातार सेवा कार्य करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करता है तो विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी अपने कार्यों से सामाजिक जुड़ाव की ओर खुद को अग्रसर करता था। समाज के कई जरूरतमंदों को व्यक्तिगत रूप से भी यह समूह अपनी सक्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है। समूह का लक्ष्य है कि साईं भक्तों का एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है। साईं परिवार के सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संयोजक सुनील अग्रवाल , अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा , सचिव संजय कुमार , कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता , सुशील जायसवाल , राकेश सिन्हा , मनीष चौरसिया , प्रदीप मालाकार , डॉ० अमरेंद्र सिंह , बल्ली गुप्ता जैसे साईं परिवार के सदस्यों के द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। यह जानकारी साईं परिवार हजारीबाग के सदस्यों ने दी है।

### युवा सप्ताह के तहत सहभागिता दिवस का आयोजन

**हजारीबाग** :हजारीबाग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग की ओर से हजारीबाग में युवा सप्ताह के तहत सहभागिता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा जन भागीदारी पर कार्यशैली का आयोजन किया गया साथ ही भाषण, लोकगीत एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नेहरू युवा केंद्र के लेखा सह कार्यक्रम सहायक उमेश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वयंसेवक आकाश कुमार ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग की ओर से 12 से 19 जनवरी युवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।

**आस्था** श्रद्धालु वैतरणी नदी में स्नान कर राम के पदचिह्नों का करेंगे दर्शन

# मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** समाजसेवी तथा राम तीर्थ मंदिर विकास समिति अधिशासी सदस्य निसार अहमद ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर रामतीर्थ मंदिर परिसर में बहुत बड़ा मेला लगा है। दूर -दूर से यहां लोग नदी में स्नान करने पहुँच रहे हैं। सुबह से ही स्नान कर पूजा करने का सिलसिला शुरू हो जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि यहां झारखंड के अलावा ओडिशा के मयूरभंज और सुदंरगढ़ से भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। भगवान श्रीराम के पदचिह्नों का दर्शन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। मंदिर के पास में ही एक छोटा-सा गांव है। देव गांव, यहां के ग्रामीणों ने इस मंदिर की देखभाल के लिए कमेटी बना रखी है। कमेटी ने ही मंदिर को विशाल और सुंदर स्वरूप दिया है। प्रत्येक सोमवार को यहां पूजा अर्चना की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि यहां पूजा अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उक्त तथ्यों को मुस्लिम होते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम को अपना आदर्श मानने वाले नोवामुंडी क्षेत्र मे चर्चित समाजसेवी तथा राम तीर्थ मंदिर विकास समिति अधिशासी सदस्य निसार अहमद ने बताया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के पश्चिम सिंहभूम जिले जगन्नाथपुर अनुमण्डल में बैतरणी नदी तट पर एक शानदार, रामतीर्थ रामेश्वर मंदिर एक अद्भुत एव लोकप्रिय मंदिर है।इस मंदिर के बारे में कई रोचक किस्से मशहूर हैं। यहां भगवान राम के पैरों के निशान मौजूद हैं। इन पैरों का दर्शन कर धन्य हो सकते हैं ।इलाके में ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ जब 14 वर्षों के वनवास पर थे। तो समय यहां भी पहुंचे थे। तीनों ने बैतरणी नदी के इस तट पर आराम किया था। इसके बाद भगवान राम ने खुद अपने हाथों से यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। भगवान राम ने इस शिवलिंग की पूजा की थी। कुछ दिनों तक यहां विश्राम करने के बाद भगवान राम नदी पार कर आगे की यात्रा पर निकल गए थे। राम तीर्थ मंदिर विकास समिति अधिशासी सदस्य निसार अहमद राम तीर्थ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सनद प्रधान, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा के साथ साथ ग्रामीणों के द्वारा किए जा रहे विकास के प्रति प्रतिक्रिया देते हुए वर्तमान झारखण्ड सरकार द्वारा उक्त पर्यटन स्थल के सुविधाओं में विस्तार करनी चाहिए झारखण्ड के पूर्व गर्वनर सिब्ते रजी ने द्वारा भी मंदिर को उड़ीसा राज्य के चंपुआ से जोडने वाली पुलिया का निमार्ण का प्राक्कलन बना पुलिया निमार्ण में अग्रणी योगदान निभाई गई है।मंदिर को सजाने संवारने व विकसित करने में झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का योगदान ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है। राम तीर्थ मंदिर पर परिचर्चा करते समाजसेवी निसार अहमद ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा कहा जाता है कि भगवान श्री राम यहाँ से जाते समय अपना खड़ाऊं और पदचिह्न यहां छोड़ गए थे। बहुत दिनों बाद पास के देव गांव के एक देवरी को स्वप्न आया। तब इस स्थान के बारे में पता चला। इसके बाद स्थानीय लोगों ने यहां मंदिर का स्वरूप दे दिया। ग्रामीण बताते हैं कि यहां मंदिर का निर्माण 1910 में कराया गया।यह मंदिर पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में रामतीर्थ के नाम से मशहूर व चर्चित है। अब यहां चार मंदिर मौजूद हैं। इनमें रामेश्वर शिव मंदिर, सीताराम मंदिर, भगवान जगन्नाथ मंदिर और बजरंग बली मंदिर शामिल हैं। यह सभी मंदिर देखने में काफी आकर्षक हैं। यहां का प्राकृतिक वातावरण मन को काफी आनन्द व शांति देता है।

## रांची की खबरें

# मकर संक्रांति में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** मकर संक्रांति के अवसर पर आज रविवार दिनांक 14 जनवरी 24 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे राँची शहर में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगीं विशाल जालान एव पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 130 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे हिन्दुओं के महान पर्व मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो मे पुडी , भेजिटेबल पुलाव,आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी की केसरिया खीर, जलेबी एव मिक्चर का पैकेट एवं तिलकुट 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी,विशाल जालान,बिष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी, पवन पोद्दार,सुरेश भगत, विशाल जालान,ज्ञान प्रकाश शर्मा,मनीष सोनी, चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु महिला समिति की बिमला मिश्रा, उर्मिला पाडिया सुनीता अग्रवाल,अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द कायम होता है : डॉ नीरा यादव

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** रविवार को कोडरमा ध्वजाधारी धाम में कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार डॉ नीरा यादव द्वारा आयोजित दही चूड़ा कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नीरा यादव ने आश्रम अवस्थित मन्दिर में पूजा अर्चना कर किया। उसके बाद अपने हाथों से उन्होंने उपस्थित लोगों को दही, चूड़ा, तिलकुट, गुड़ और लजीज सब्जी को परोसते हुए प्रारंभ किया । मौके पर संदेश देते हुए उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम से आपसी सौहार्द कायम होता है। इसे राजनीति में नहीं लेना चाहिए। भगवान श्री राम सभी का कल्याण करे एवं लोग स्वस्थ वातारण में भाईचारे के साथ जीवन यापन करे। कार्यक्रम के दौरान स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप कोडरमा के द्वारा बहुत ही सुंदर भक्ति मय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका कार्यक्रम के दौरान साथ में लोगों ने संगीत का लुत्फ उठाया। जिसमे धीरज पांडे, दीपक कुमार, रंधीर मालाकार, नवीन पांड्या, स्वेता सिंह,समेत अन्य कलाकारों की सहभागिता रही । सभी लोग सही तरीके से दही चूड़ा तिलकुट गुड़ ग्रहण किए। साथ ही विधायक द्वारा सभी को नव वर्ष की शुभकामना के साथ नए कैलेंडर बांटे गए। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नापूर्णा देवी, पूर्व सांसद सह हुडको निदेशक रविंद्र कु राय, भाजपा जिला प्रभारी टुन्नु गोप, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अमरदीप यादव, जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, जूही दास गुप्ता अनूप जोशी, राजकुमार यादव, आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने किया हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**चांड़िल :** चांड़िल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 33 कान्दरबेड़ा रघुनाथ मुर्मू चौक पर रविवार को विधायक योजना से निर्मात हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर व स्विच ऑन कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा हाईमास्ट लाइट का निर्माण 7 लाख 74 हजार 3 सौ रुपये कि लागत से कराया गया। विधायक ने कहा चौक चौराहा पर हाईमास्ट लाइट रहने से राहगीरों को रात में आने जाने की परेशानियों से काफी राहत मिलेगी साथ ही काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, सोमनाथ हेंब्रम, मदन, नव किशोर हांसदा, कित्तीवास महतो, मंगल महतो समेत झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# पूर्णिमा शाही बनी मिसेज स्टार इंडिया



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पनाश इंटरप्राइजेज की ओर से शनिवार 2024 को आइडियल बैंक्विट हॉल कांके रोड में मिस्टर मिस मिसेज एंड किड्स स्टार इंडिया 2024 कॉन्टेस्ट का ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया।

शो में मुख्य अतिथि के तौर पर सी पी सिंह उपस्थित थे। शुरूआत में मॉडल ने झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित परिधान पहन कर झारखंडी गानों पर रैंप वॉक किया। जिसमे झारखंड की संस्कृति व परंपरा को दशार्या। इसके बाद मॉडल में फंकी राउंड पेश किया, फिर वेस्टर्न राउंड। इस शो में इंट्रोडक्शन राउंड तथा प्रश्न उत्तर राउंड भी था। शो में रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों जैसे बिहार, झारखंड ,उड़ीसा, बंगाल, राजस्थान से 62 मॉडलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कुल चार कैटेगरी में मिस्टर मिस मिसेज और किड्स सामिल हुए ।ग्रैंड फिनाले में जूरी की भूमिका जिम गुप्ता ,डॉक्टर मोहम्मद महबूब आलम डेजी सिन्हा, संजय कुमार मोहता , खुशी काकन ने निभाया। कोरियोग्राफी आकाश साव और नैना ने किया। टैलेंट राउंड, प्रश्न उत्तर राउंड, इंट्रो राउंड, बेस्ट लुक राउंड इत्यादि सारी चीजों को देखते हुए जजमेंट किया गया। इस कार्यक्रम में कई मां बेटी ने भी साथ-साथ हिस्सा लिया... शो मे विभिन्न ऑडिशन से सिलेक्ट हुए प्रतिभागियों को दो दिनों का ववर्कशॉप दिया गया जिसमें, ब्यूटी टिप्स, ग्रूमिंग , रैंप वॉक , प्रेस्नेलिटी डेवलपमेंट, हेल्थ केयर इत्यादि के बारे में प्रोफेशनल के द्वारा जानकारी दिया गया।वही शो के दौरान 'झारखंड श्री 2024' अवार्ड शो का पोस्टर का भी लॉन्च किया गयाफ्राइनल में जीतने वाले प्रतियोगीयो को मोमेंटो, क्राउन, ट्रॉफी तथा सर्टिफिकेट दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को वेब सीरीज, म्यूजिक एल्बम, शॉर्ट मूवी, एड शूट , एड फिल्म इत्यादि के लिए चुना गया, जिसमें वह अपना कैरियर आगे बना सकते हैं इसकी जानकारी शो के डायरेक्टर मधु सिंह और रोशन सिंह ने दी ।

# वानर सेना ने पूजित अक्षत चावल का किया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**कुडूः** वानर सेना जिलिंग के द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को घर-घर वितरण किया गया। वितरण करते हुए वानर सेवा के सदस्यों ने बतलाया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस दिन सभी लोग पंचमुखी हनुमान मंदिर मे सामूहिक पूजा पाठ के लिए पहुंचेंगे साथ ही अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करेंगे एवं उस दिन घरों में मांस मदिरा का सेवन नहीं करेंगे और उत्सव मनाएंगे। इस दौरान वानर जिलिंग के अध्यक्ष सरजू कुमार साहू इंद्रजीत गुप्ता अवधेश साहू लाल गुडडू नाथ शाहदेव चरकू महतो समोद साहू परमेश्वर राम मिट्ठू गुप्ता ब्रह्मदेव भारती एवं दर्जनों की संख्या में महिला एवं पुरुष राम भक्त उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंति पर बच्चों ने निकाली रैली

राष्ट्रीय खबर




कोडरमा : कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप चौक स्थित विवेकानंद विद्यालय से बच्चों की रैली के साथ हुई जो स्थानीय झंडा चौक पर जाकर जनसभा में तब्दील हो गई। महामंडल के किशोर बच्चों की विवेक वाहिनी यूनिट अपनी यूनिट की सुंदर यूनिफॉर्म में स्कार्फ और कैप के साथ ड्रम बजाते हुए चल रही थी। आगे आगे सुसज्जित गाड़ी में स्वामी विवेकानंद के कट आउट के साथ सुंदर झांकी चल रही थी। पीछे-पीछे विभिन्न स्कूलों के बच्चे जिसमें प्रमुख रूप से विवेकानंद विद्यालय, मोहन आधारशिला ज्ञानपीठ, बीआर इंटरनेशनल स्कूल, एवं विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल के बच्चे हाथ में स्वामी विवकानंद के संदेशों की तख्ती लिए रैली की शोभा बढ़ा रहे थे। झंडा चौक पर जनसभा की शुरूआत संघ मंत्र, स्वदेश मंत्र और मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, आए हुए अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के आदमकद चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की सचिव अजय पांडे ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि 12 जनवरी जो स्वामीजी की जयंती है को वर्ष 1984 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था। फुलवरिया से आए सुमन कुमार एवं आर्यन यादव ने, स्कूली छात्रा जिया पांडे एवं अनन्या सिंह ने स्वामी जी की जीवनी पर छोटे-छोटे भाषण प्रस्तुत किए। धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में स्वामीजी को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। हजारीबाग से आए हुए

### 1857 के क्रांतिवीर शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215वी जयंती समारोह सह विकास मेला 17 जनवरी को



रांची; 1857 के क्रांतिवीर शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215 वी जयंती समारोह सह विकास मेला में दिनांक 17 जनवरी 2024 ,दिन बुधवार को समय 11 बजे सुबह शहीद कि जन्मस्थली आदर्श ग्राम भौरो प्रखंड भंडरा जिला लोहरदगा में होगा।इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देश भक्ति गान नृत्य प्रस्तुत किया जाएगाकला सांस्कृतिक विभाग की ओर से शहीद के सम्म।न में कार्यक्रम होगा। सरकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों को जिला प्रशासन द्वारा लाभ दिया जाता है।

मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, झारखंड सरकार के मंत्री,पूर्व मंत्री, सांसद लोहरदगा, सांसद राज्यसभा, विधायक, पद्मश्री, समाजिक कार्यकर्ता, समाज के बुद्धजीवी, वरीय चिकित्सक गण, अधिवकता गण, विशिवद्यालय के कुलपति, प्रोफेस र, इंजिनियर, शिक्षक समाज,जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी कला प्रेमी, देश भक्त गांव के पंचायत के सभी पदाधिकारी पाहन, पुजार, बेल कटवार खास कर युवा वर्ग और विद्यार्थियो को विशेष रूप से आमंत्रित किए हैं।17 जनवरी 1809 में भौरो गांव में शहीद गणपत राय जी का जन्म हुआ था।21 अप्रैल 1858 को रांची स्थित शहीद चौक में एक कदम के पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी।

**आयोजन** श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजधानी पहुंचे स्वामी

# भय के कारण झूठ का चल रहा व्यापार : डॉ उमाकांतानंद

राष्ट्रीय खबर



रांचीः हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का यह आयोजन किया जा रहा है।

व्यास पीठ पर पवित्र ग्रंथ श्री रामायण का पूजन, वंदन, माल्यार्पण मुख्य यजमान राकेश भास्कर , सपत्नी ने किया।

ब्यास पीठ पर विराजमान स्वामी जी को चंदन ,वंदन ,माल्यार्पण और आरती के बाद महाराज जी कथा अमृत वर्षा का लाभ देते हुए महाराज श्री ने कथा प्रारंभ की।

उन्होंने हनुमान जी का ध्यान करते हुए मंगल भवन अमंगलहारी भजन प्रस्तुति के साथ कथा प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा तुलशी दास कहते है जिस दिन भगवान का जन्म हुआ सभी तीरथ अयोध्या चले गए। साधुत्व की रक्षा के लिए, धर्म के स्थापन ,अधर्म का नाश करने के लिए , असुरो के विनाश के लिए भगवान का अवतार हुआ है। अगर पवित्र हृदय से हम भगवान का नाम जपे, ध्यान करे तो समझे हमारा कल्याण होना है।जो श्रष्टि के कण कण में ब्याप्त है वो किस तरह किस रूप में कोई भी अवतार के रूप में कैसे आ जाते है। भगवान की कथा श्रवण पर उन्होंने कहा जिसके अंदर आत्मिक भावना ना हो उनके पास भागवत कथा का वर्णन ना करे अगर वो प्रसंग नही समझेंगे तो उसका उपहास उड़ायेंगे। क्योकि कई लोग श्रद्धा से कथा सुनने जाते है और कई लोग परीक्षण के लिए जाते है। साधुओ पर देश मे हो रहे अत्याचार , प्रहार पर भी उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ पूरे देश मे धर्म का जागरण हो रहा है क्योंकि लोगो की चेतना जग रही है। लेकिन दूसरी ओर साधुओ की पिटायी हो रही है।एक समय था जब साधुओ के शरण मे लोग रहते थे। अगस्त मुनि व महादेव के पूजन सहित भगवान शिव के आनंद अनुभूति के प्रसंग पर चर्चा की। डर और भय के कारण झुठ का ब्यापार चल रहा, क्योकि पानी भी दूध में मिला दिया जाय तो पानी भी दूध के भाव बिकता है। उन्होंने कहा आत्मा अमर है अगला जन्म आपके अनुसार ही हो ऐसा संभव नही शरीर कितना भी बदले पाप और पुण्य का फल इस जन्म में ओर अगले जन्म तक रहता है क्योंकि पुनर्जन्म को हम सत्य मानते है। आपको अपना कल सुधारना है तो आज की संध्या सुधारे।

अगला जन्म आपके अनुसार ही हो ऐसा संभव नही क्योकि अंतिम समय मे जो जैसी इक्छा होती है वैसा ही जन्म होता है। तारका सुर की चर्चा की इसके पूर्व मंच पर आज के यजमान व उनके परिवार के द्वारा व्यास जी की आरती की गई । इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश भास्कर, सांसद समीर उरांव ,राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह ,प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी, श्याम झा ,अरुण सिंह ,प्रेम मित्तल ,स्वामी बिमलेश सिंह ने गुरु जी को माल्यार्पण कर स्वागत ,अभिनंदन किया। यजमान राकेश भास्कर व सपत्नी के द्वारा सायं आरती की गई। आज के प्रसाद का भोग राम कुमार सिंह के द्वारा लगाया गया। कथा स्थल पर लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य रूप से इंद्रजीत यादव, गोपाल सोनी,रामचंद्र जायसवाल, राजीव चौधरी,पुनीत, नीरज शुक्ला, बिपिन सिंह, सहित कई लोगो ने अपनी सेवा दी। हजारो की संख्या में लोगों ने कथा का श्रवण किया पूरा पंडाल आज श्रोताओ से भरा था। बुजुर्गों व महिलाओं के लिए कुर्सियों की ब्यवस्था थी।

### आर्मी पब्लिक स्कूल मे पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित




**रांची** :आर्मी डे के उपलक्ष्य में एक रोमांचक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण दिन को समर्पित करते हुए, स्थानीय कला प्रेमियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला क्षमताओं को प्रदर्शित किया। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले कलाकारों ने आर्मी के वीर सैनिकों की बहादुरी और समर्पण को अपनी चित्रकला के माध्यम से व्यक्त किया। यह प्रतियोगिता समृद्धि और साहस की भावना को महसूस करने का एक सुंदर माध्यम साबित हुआ।विशेषज्ञ जजों मोहम्मद साबिर हुसैन तथा भावना कुमार के माध्यम से चयन किए गए विजेताओं ने आर्मी डे के अवसर पर सम्मानित किए जाने का आनंद लिया। उन्होंने अपने श्रेष्ठता से सिद्धांत और साहित्यिक दृष्टिकोण से आर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रतिष्ठापूर्वक प्रस्तुत किया। प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने इस प्रतियोगिता को सफलता के साथ समाप्त करने पर सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस समर्थन में सभी बच्चों का साथ होने से देश प्रेम और भी मजबूत हुआ है और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन समाज में साहित्यिक और कला साकारात्मकता को बढ़ावा देता है।

## न्यूज फटाफट

### महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रांची की टीम को तीसरा स्थान



**धनबाद :** ताइक्वांडो संघ के द्वारा धनबाद में महिला राज्य ताइक्वांडो 2023 24 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुरे झारखण्ड से 470 महिला प्लेयर्स ने भाग लिया प्रतियोगिता में रांची जिला टीम के महिला खिलाड़ियों ने जिला सचिव मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण 4 रजत 6 कास्य पदक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम अंकिता कुमारी ,संस्कृति गुरूंग ,अनुष्का खलखो , पूजा कुमारी, बबली कुमारी, रजत प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों के नाम अक्षिता जायसवाल वंदना कुमारी ,माही शंकर, आस्था कुमारी , कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम नताशा कुमारी,साक्षी मुंडा, रितिका मुंडा,रिया यादव, सिया, सुमंती तिर्की है टीम में प्रशिक्षक के रूप में अविनाश राम एवं मैनेजर के रूप में संजय मुंडा टीम के साथ थे टीम के अच्छा प्रदर्शन करने पर रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सभी पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक , अभिभावक गण ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### तूफान के कारण महाराष्ट्र-झारखंड मैच बीच में रोकना पड़ा



**पुणे :** महाराष्ट्र और झारखंड के बीच रणजी ट्रॉफी मैच को साइटस्क्रीन टूट जाने के कारण रोकना पड़ा। दरअसल, पुणे के गाहुन्जे इंटरनेशनल स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच एलिट ग्रुप-ए का मैच खेला जा रहा है। शनिवार दोपहर एक बजे तेज हवाओं के कारण साइटस्क्रीन टूट गई और मैच रोकना पड़ा। दोनों टीमों के बीच मैच करीब आधे घंटे तक रुका रहा। ग्राउंड स्टाफ ने साइटस्क्रीन को ठीक किया और फिर मैच शुरू हो सका। इनिंग ब्रेक के दौरान हुआ हादसा साइटस्क्रीन टूटने के दौरान कोई भी खिलाड़ी या ग्राउंड स्टाफ का मेंबर उसके पास नहीं था। शनिवार दोपहर एक बजे झारखंड की पहली पारी 403 रन पर ऑलआउट हुई थी। इनिंग ब्रेक चल रहा था, झारखंड टीम अपनी बॉलिंग के लिए तैयारी कर रही थी, उसी दौरान हादसा हो गया। हिल एंड की साइटस्क्रीन तेज हवाएं आने के कारण टूटी। ग्राउंड स्टाफ साइटस्क्रीन के पास पहुंचा और मामले को संभालने की कोशिश की। इस दौरान दोनों टीमों को थोड़ा लम्बा ब्रेक मिल गया। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण आया तूफान महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (टअउअ) के अधिकारी ने बताया, 'मैच के दूसरे दिन में दूसरे सेशन के दौरान हादसा हुआ। साइटस्क्रीन की फ्रेम टूट गई, जिसे सुधारने में टाइम लग गया। पिछले दिनों शहर में तेज बारिश हुई थी, जिस कारण शनिवार को तूफान आ गया।

जीत

194 रनों के मजबूत लक्ष्य को भेदकर

# टी20मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रनों से हराया

एजेंसियां

**हैमिल्टन :** फिन ऐलन की 76 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद ऐडम मिल्न के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 21 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली हैं। 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज सईम अयूब एक रन और मोहम्मद रिजवान सात रन बनाकर दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौट गये है। इसके बाद बाबर आजम और फखर जमान ने पाकिस्तान की पारी को संभाला। बाबर आजम ने सात चौकों और



दो छक्कों की मदद से 43 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। आजम का सियर्स ने साउदी के हाथों कैच आउट कराया। वहीं जमान ने तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 25 गेंदों में 50 रन बनाये। उन्हें मिल्स ने बोल्ड आउट किया। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 13 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुये। उन्हें मिल्स ने साउदी के हाथो कैच आउट कराया। पाकिस्तान के आठ बल्लेबाज दहाई अंक का आकंड़ा भी नहीं छू सके और पूरी टीम 19.3 ओवर में 173 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से ऐडम मिल्न ने चार विकेट लिये। टिम साउदी,बेन सियर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पाकिस्तान ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन के सात चौके और पांच छक्के की मदद से 41 गेंदों में 76 रन, विलियमसन के 26 रन और सैंटनर की 25 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आठ विकेट पर 194रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ऐलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। छठें ओवर में जमाल ने डेवन कॉन्वे 20 को जमान के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद कप्तान केन विलियमसन 26 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गये। डैरिल मिचेल 17 रन, ग्लेन फिलिप्स 13रन बनाकर आउट हुये। मिचेल सैंटनर ने तीन चौके और दो छक्कों की मदद 13 गेंदों में 25 रन बनाये।

वह 20वें ओवर में रन आउट हुये। टीम साउदी पांच रन बनाकर और बेन सियर्स एक रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 194 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने तीन विकेट लिये। अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। आमेर जमाल और उसाम मीर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बंगाल वॉरियर्स ने यूपी योद्धाज को 42-37 से हराया

एजेंसियां

**जयपुर :** प्रो कबड्डी लीग 2023-24 के 70वें मैच में माइटी मनिंदर सिंह के 14 अंक की अगुवाई में बंगाल वॉरियर्स ने यूपी योद्धाज को 42-37 से हरा दिया। शनिवार रात जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यूपी योद्धाज के परदीप ने 16 अंक लिए लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इसी के साथ बंगाल वॉरियर्स 12 मैचों में पांचवीं जीत के बाद 33 अंक के साथ सातवें नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, यूपी योद्धाज को 13 मैचों में मिली नौवीं हार के बाद टीम 10वें नंबर पर है। बंगाल वॉरियर्स और यूपी योद्धाज के बीच शुरुआती मिनटों में कड़ी टक्कर देखी गई। दोनों टीमें



शुरुआत में 6-6 की बराबरी पर थी। इसके बाद बंगाल ने लगातार अंक अर्जित करते हुए पहले 10 मिनट के खेल में चार प्वाइंट की बढ़त बनाई और स्कोर को 11-7 का कर दिया। बंगाल वॉरियर्स के पास यूपी को ऑल आउट करने का मौका था लेकिन टीम इसे भुना नहीं पाई। मनिंदर ने हालांकि इस दौरान 100 रेड प्वॉइंट पूरा कर लिये और इसके साथ ही वह ऐसा करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। मनिंदर ने 13वें मिनट में सुपर रेड करके यूपी को ऑल आउट की कगार पर पहुंचा दिया। यूपी योद्धाज ऑल आउट हुई और बंगाल ने सात अंक की बढ़त के साथ स्कोर को 17-10 का कर दिया। ऑल इन होने के बाद परदीप ने 15वें मिनट सुपर रेड कर दिया और यूपी योद्धाज फिर से मुकाबले में लौटने लगी।

## चोट के कारण बेरेटिनी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर



एजेंसियां

**मेलबर्न :** इटली के टेनिस खिलाड़ी मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गये है। बेरेटिनी अब पिछले वर्ष के यूएस ओपन में मैच के बीच में रिटायर हर्ट होने के अलावा विभिन्न कारणों से 2022 के बाद से चार बड़ी प्रतियोगिताओं से हट चुके है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के बयान में कहा गया है, ''मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गए हैं। ड्रॉ में उनकी जगह जिजौ बर्ग्स लेंगे।'' बेरेटिनी का ब्लॉकबस्टर फर्स्ट-राउंड में मौजूदा उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होना था। अब इस राउंड में सोमवार को जिजौ बर्ग्स, यूनान के सितसिपास से मुकाबला करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हाथ में चोट के कारण बेरेटिनी रोलैंड गैरोस और कोविड-19 के साथ विबलडन में नहीं खेल पाये थे। 27 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में 125वीं रैंकिंग हैं।

## खेल जगत अपडेट्स

### इंग्लैंड के खिलाफ विकेटकीपिंग नहीं करेंगे राहुल



**मुम्बई :** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में केएल राहुल विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। उन्हें प्लेइंग इलेवन में बतौर बैटर ही शामिल किया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ विकेटकीपिंग नहीं करेंगे राहुल:स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में टेस्ट खेलेंगे; भरत या जुरेल को मिल सकता है मौका केएल राहुल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में विकेटकीपिंग की थी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में केएल राहुल विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। उन्हें प्लेइंग इलेवन में बतौर बैटर ही शामिल किया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम में केएल राहुल सहित दो विकेट कीपर केएस भरत और ध्रुव जुरेल को जगह दी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो केएल राहुल इस सीरीज में बतौर बल्लेबाज खेलेंगे और भारतीय टीम एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के साथ उतरेगी। रिस्क नहीं लेना चाहती मैनेजमेंट सूत्र ने कहा, राहुल बतौर बल्लेबाज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। उनसे कीपिंग करवा कर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। विकेट के पीछे चोटिल होने की संभावना ज्यादा है।

जन्मदिवस के अवसर पर

## बचपन से ही कैफी आजमी में थी शायर बनने की प्रतिभा

एजेंसियां

**मुंबई :** मशहूर शायर और गीतकार कैफी आजमी की शेरो-शायरी की प्रतिभा बचपन ही दिखाई देने लगी थी। उत्तर प्रदेश मे आजमगढ़ जिले के मिजवां गांव में 14 जनवरी 1919 को जन्में सैयद अतहर हुसैन रिजवी उर्फ कैफी आजमी के पिता जमींदार थे। पिता हुसैन उन्हें ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे और इसी उद्देश्य से उन्होंने उनका दाखिला लखनऊ के प्रसिद्ध सेमिनरी सुल्तान उल मदारिस में कराया था।कैफी आजमी ने महज ग्यारह वर्ष की उम्र से ही मुशायरों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां उन्हें काफी दाद भी मिला करती थी लेकिन बहुत से लोग जिनमें उनके पिता भी शामिल थे,



सोचते थे कि कैफी आजमी मुशायरों के दौरान खुद की नहीं बल्कि अपने बड़े भाई की गजलें सुनाते हैं। एक बार पुत्र की परीक्षा लेने के लिये कैफी के पिता ने उन्हें गाने की एक पंक्ति दी और उस पर गजल लिखने को कहा । कैफी आजमी ने इसे एक चुनौती के रूप मे स्वीकार किया और उस पंक्ति पर एक गजल की रचना की। उनकी यह गजल उन दिनों काफी लोकप्रिय हुआ और बाद मे सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका बेगम अख्तर ने उसे अपना स्वर दिया। गजल के बोल कुछ इस तरह थे इतना तो भजदगी में किसी की खलल पड़े,.ना हंसने से हो सुकून ना रोने से कल पड़े।कैफी आजमी महफिलों में शिरकत करते वक्त बड़े प्यार से नज्म सुनाया करते थे। इसके लिये उन्हें कई बार डांट भी सुननी पड़ती थी जिसके बाद वह रोते हुये अपनी वालिदा के पास जाते और कहते, अम्मा देखना एक दिन मै बहुत बड़ा शायर बनकर दिखाऊंगा। कैफी आजमी कभी भी उच्च शिक्षा की ख्वाहिश नहीं रखते थे । सेमिनरी मे अपनी शिक्षा के दौरान वहां की कुव्यवस्था को देखकर कैफी आजमी ने छात्र संघ का निर्माण किया और अपनी मांग पूरी नहीं होने पर छात्रों से हड़ताल पर जाने की अपील की। उनकी अपील पर छात्र हड़ताल पर चले गये और इस दौरान उनका धरना करीब डेढ़ साल तक चला। इस हड़ताल के कारण कैफी आजमी सेमिनरी प्रशासन के कोपभाजन बने और धरने की समाप्ति के बाद उन्हें सेमिनरी से निकाल दिया गया। इस हड़ताल से कैफी आजमी को फायदा भी पहुंचा और इस दौरान उस समय के कुछ प्रगतिशील लेखकों की नजर उन पर पड़ी जो उनके नेतृत्व को देखकर काफी प्रभावित हुए थे। कैफी के अंदर उन्हें एक उभरता हुआ कवि दिखाई दिया और उन्होंने उन्हें हरसंभव सहायता देने की पेशकश की। इसके बाद एक छात्र नेता अतहर हुसैन के अंदर कवि कैफी आजमी ने जन्म ले लिया। वर्ष 1942 मे कैफी आजमी उर्दू और फारसी की उच्च शिक्षा के लिये लखनऊ और इलाहाबाद भेजे गये लेकिन उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण करके पार्टी कार्यकर्ता के रूप मे कार्य करना शुरू कर दिया और फिर भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हो गये। इस बीच मुशायरों में कैफी आजमी की शिरकत जारी रही। इसी दौरान वर्ष 1947 में एक मुशायरे मे भाग लेने के लिये वह हैदराबाद पहुंचे जहां उनकी मुलाकात शौकत आजमी से हुयी और उनकी यह मुलाकात जल्दी ही शादी मे तब्दील हो गयी। आजादी के बाद उनके पिता और भाई पाकिस्तान चले गये लेकिन कैफी ने भहदुस्तान में ही रहने का निर्णय लिया। शादी के बाद बढ़ते खर्चों को देखकर कैफी आजमी ने एक उर्दू अखबार के लिये लिखना शुरू कर दिया जहां से उन्हें 150 रुपये मासिक वेतन मिलता था। उनकी पहली नज्म ..सरफराज.. लखनऊ में छपी। शादी के बाद उनके घर का खर्च बहुत मुश्किल से चल पाता था।

## ऑस्कर ने मेहंदी लगा के रखना का वीडियो शेयर किया



एजेंसियां

**मुंबई :** वैश्विक स्तर पर सबसे प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार ऑस्कर ने सोशल मीडिया पर शाहरूख खान-काजोल की सुपरहिट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएं'गे के गाना 'मेहंदी लगा के रखना' का वीडियो शेयर किया है।

यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' वर्ष 1995 में रिलीज हुयी थी। यश चोपड़ा निर्मित और आदित्य चोपड़ा निर्देशित इस फिल्म ने बॉक्स बॉफिस पर सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये। ऑस्कर के लिए वोटिंग हाल ही में शुरू हुई। इसी बीच एकेडमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएं'गे के गाने 'मेहंदी लगा के रखना' का एक वीडियो शेयर किया है। गाने का वीडियो देखकर शाहरूख-काजोल के फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।

## 2023 में दो फिल्मों ने कमाए 1135 करोड़

एजेंसियां

**मुम्बई :** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कलेक्शन किया था। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म के सफल होने के बाद रणबीर ने अपनी फीस हाइक कर ली है। एक रिपोर्ट की मानें तो एनिमल की सफलता को देखते हुए रणबीर ने अपनी फीस 30 करोड़ रुपए से बढ़ाकर सीधा 65 करोड़ रुपए कर ली है। हालांकि, अभी तक इस पर एक्टर या उनकी टीम की तरफ से कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है। साल 2023 में रणबीर की दो फिल्में रिलीज हुईं। दोनों ने ही कमाल का बिजनेस किया। जहां मार्च में रिलीज हुई ह्यतू झूठी मैं मक्कार ने 220 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। वहीं एनिमल अब तक वर्ल्ड वाइड 915 करोड़ रुपए कमा चुकी है। रणबीर की फैमिली को भी नहीं पता उनकी फीस डिटेल्स रणबीर से जुड़े एक करीबी की मानें तो उनकी वाइफ आलिया और उनकी मां नीतू कपूर को भी नहीं पता कि एनिमल के बाद रणबीर अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए कितनी फीस ले रहे हैं। 8 करोड़ से बढ़कर 50 करोड़ हुई सनी की फीस रिपोर्ट्स की मानें तो हर एक्टर अपनी फिल्म की सफलता के बाद अपनी फीस बढ़ाता है। इससे पहले सनी देओल ने भी गदर-2 के बाद फीस हाइक की थी। फिल्म रिलीज होने के पहले एक्टर मात्र 8 करोड़ रुपए चार्ज करते थे। अब चर्चा है कि एक्टर प्रति फिल्म 50 करोड़ रुपए चार्ज कर रहे हैं।

पुण्यतिथि के अवसर पर

## चित्रगुप्त ने संगीतबद्ध गीतों के जरिये श्रोताओं के दिलों में पहचान बनायी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड में चित्रगुप्त का नाम एक ऐसे संगीतकार के रूप में याद किया जाता है, जिन्होनें अपने संगीतबद्ध सदाबहार और रूमानी गीतों से श्रोताओं के दिल पर अमिट पहचान बनायी। बिहार के गोपालगंज जिले में 16 नवंबर 1917 को जन्में चित्रगुप्त श्रीवास्तव की रूचि बचपन से ही संगीत के प्रति थी।चित्रगुप्त ने अर्थशास्त्र तथा पत्रकारिता में स्नाकोत्तर की डिग्री प्राप्त की।इसके बाद वह पटना में व्याख्याता के रूप में काम करने लगे लेकिन उनका मन इस काम में नही लगा और वह बतौर संगीतकार फिल्म इंडस्ट्री में अपना कैरियर बनाने के लिये मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद चित्रगुप्त को काफी संघर्ष करना पड़ा।इस दौरान उनकी मुलाकात संगीतकार एस.एन.त्रिपाठी से हुई और वह उनके सहायक के तौर पर काम करने लगे। वर्ष 1946 में प्रदर्शित फिल्म 'तूफान क्वीन' से चित्रगुप्त ने बतौर संगीतकार अपने कैरियर की शुरूआत की लेकिन फिल्म की विफलता के कारण वह अपनी पहचान बनाने में असफल रहे।इस बीच चित्रगुप्त ने अपना संघर्ष जारी रखा।अपने वजूद की तलाश में चित्रगुप्त को फिल्म इंडस्ट्री में लगभग 10 वर्ष तक संघर्ष करना पड़ा। वर्ष 1952 में प्रदर्शित फिल्म 'सिंदबाद द सेलर' चित्रगुप्त के सिने करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुईं।इस फिल्म ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये।चित्रगुप्त की मुलाकात महान संगीतकार एस.डी.बर्मन से हुयी जिनके कहने पर उन्हें उस जमाने के मशहूर बैनर एवीएम की फिल्म शिव भक्त में संगीत देने का मौका मिला। फिल्म शिव भक्त की सफलता के बाद चित्रगुप्त ए.वी.एम बैनर के तले बनने वाली फिल्मों के निर्माताओं के चहेते संगीतकार बन गये।वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म भाभी की सफलता के बाद चित्रगुप्त सफलता के शिखर पर जा पहुंचे।इस फिल्म में उनके संगीत से सजा यह यह गीत चल उड़ जा रे पंछी कि अब ये देश हुआ बेगाना श्रोताओं के बीच आज भी काफी लोकप्रिय है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी चित्रगुप्त ने संगीत निर्देशन के अलावा अपने पार्श्व गायन से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कई फिल्मों के लिये गीत भी लिखे।चित्रगुप्त ने हिंदी फिल्मों के अलावा भोजपुरी,गुजराती और पंजाबी फिल्मों के लिये भी संगीत दिया और सभी फिल्में सुपरहिट साबित हुईं। सत्तर के दशक में चित्रगुप्त ने फिल्मों में संगीत देना काफी हद तक कम कर दिया क्योंकि उनका मानना था कि अधिक फिल्मों के लिये संगीत देने से अच्छा है, अच्छा संगीत देना।उन्होंने लगभग चार दशक के अपने सिने कैरियर में 150 फिल्मों को संगीतबद्ध किया।अपने संगीतबद्ध गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले महान संगीतकार चित्रगुप्त 14 जनवरी 1991 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

## प्रदेश >> अपडेट

**अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश**

**चंडीगढ़** :पंजाब के एसबीएसनगर में एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुये पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह गिरोह पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में सक्रिय थे। आरोपियों के पास से 300 ग्राम हेरोइन, चार कारें, छह मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आभूषण आदि जब्त किये।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**कोटा जिले में अवैध खनन के लिए कार्रवाई के निर्देश**

**कोटा** : राजस्थान में कोटा के कलेक्टर रवीन्द्र गोस्वामी ने अवैध खनन के मामले में जीरो टोलरेंस की नीति की सख्ती से पालन करने का निर्देश दिए हैं। श्री गोस्वामी की अध्यक्षता में अवैध खनन पर रोकथाम के लिए शनिवार को खान, राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग की गठित एसआईटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अवैध खनन के लिए सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करेगी और समस्त वैधानिक तरीकों से 24 घंटे प्रशासनिक एवं पुलिस तंत्र को अवैध खनन की रोकथाम के लिए चौकन्ना रहने की आवश्यकता है।

**महाराष्ट्र: विस्फोट से चार बच्चे घायल**

**नासिक** : महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को विस्फोट होने से चार बच्चे घायल हो गये जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने आज बताया कि दुर्घटना सुरगना तालुका के हुनुमंतमल गांव में कल शाम तब हुयी जब एक लड़के ने अपने मुंह में बैटरी जैसी वस्तु डालने की कोशिश की और उसमें विस्फोट हो गया। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना में सात से नौ साल की उम्र के बच्चे घायल हुये हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**मकर संक्रांति का पर्व वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दिन है : देवनानी**

**अजमेर** : राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि मकर संक्रांति का पर्व बहुत बड़ा वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दिन है। श्री देवनानी रविवार को यहां पत्रकार कालोनी विवेकानंद स्मारक पर राजस्थान पत्रिका और वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्काइट फेस्टिवल में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका जीवन गुड़-तिल की तरह मिठ्ठास से भरे और हरेक का जीवन ऊंचाइयों से आगे बढ़े, यही मकर संक्रांति का संदेश भी है। उन्होंने कहा आज नया वातावरण, नयी ऊर्जा के साथ डबल इंजन की सरकार बनी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को श्रीराम का मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ नया काम होने जा रहा है। इस मौके पर मौजूद राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने भी सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए अजमेर-पुष्कर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

**विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर मिला लटका**

**बांदा** : उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बबेरू थाना क्षेत्र में रविवार को शादी के 04 वर्ष बाद एक विवाहिता का शव फंदे में लटका बरामद किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू राजवीर सिंह ने बताया कि चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के टिटिहरा गांव की 27 वर्षीया चुन्नी देवी की शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व बबेरू थाना क्षेत्र के बेर्राव गांव निवासी रमेश के पुत्र देव कुमार के साथ हुई थी। ससुराली जनों द्वारा बीती रात्रि चुन्नी देवी द्वारा घर के छज्जे में नायलॉन की रस्सी में लटक कर फांसी लगाई जाने की सूचना पर आज तत्काल मौका मुआयना कर शव बरामद किया गया।

**संघर्ष** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका ने लगाया है नरसंहार का आरोप

# इजरायली हमलों में तीस से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए



राष्ट्रीय खबर

**राफा:** गाजा पट्टी में शनिवार रात भर इजरायली बमबारी में छोटे बच्चों सहित 30 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए, अधिकारियों ने कहा, जबकि यमन में ईरान समर्थित विद्रोहियों के खिलाफ एक नए अमेरिकी हमले ने इजरायल के प्रति भय बढ़ा दिया है। -हमास का युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है। हमास और अन्य गाजा आतंकवादियों द्वारा दक्षिणी इजराइल पर 7 अक्टूबर को किए गए घातक हमले के कारण युद्ध की शुरूआत के बाद से व्यापक संघर्ष की आशंकाएं स्पष्ट हो गई हैं। नए मोर्चे तेजी से खुले, ईरान समर्थित समूह - यमन में हौथी विद्रोही, लेबनान में हिजबुल्लाह और इराक और सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया - कई तरह के हमले कर रहे हैं। शुरूआत से ही, अमेरिका ने तनाव बढ़ने से रोकने के लिए इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी। लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के हौथी अभियान के बाद, अमेरिका और ब्रिटेन ने शुक्रवार को विद्रोहियों के खिलाफ कई हवाई हमले किए, और अमेरिका ने शनिवार को एक और साइट पर हमला किया। युद्ध के एक अन्य परिणाम में, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इस सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के आरोपों पर सुनवाई की कि इजराइल ने फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार किया है। शिकायत में गाजा के नागरिकों की बढ़ती मौत की संख्या और कठिनाइयों का हवाला दिया गया, साथ ही इजरायली नेताओं की भड़काऊ टिप्पणियों को दक्षिण अफ्रीका द्वारा नरसंहार के इरादे के सबूत के रूप में उद्धृत किया गया। शुक्रवार को जवाबी दलील में इजराइल ने कहा कि मामले को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया जाए। इजराइल के बचाव में तर्क दिया गया कि इजराइल को अपने विनाश पर आमादा दुश्मन के खिलाफ लड़ने का अधिकार है, कि दक्षिण अफ्रीका ने हमास का बमुश्किल उल्लेख किया था और उसने इस बात को नजरअंदाज कर दिया कि इजराइल नागरिक क्षति को कम करने के प्रयासों को क्या मानता है। गाजा में, जहां हमास ने इजराइल के जोरदार हवाई और जमीनी अभियान का कड़ा प्रतिरोध किया है, युद्ध बेरोकटोक जारी रहा। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में 135 फिलिस्तीनी मारे गए, जिससे युद्ध में मरने वालों की कुल संख्या 23,843 हो गई। गिनती में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं किया गया है, लेकिन मंत्रालय ने कहा है कि मृतकों में लगभग दो-तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं। मंत्रालय ने कहा कि युद्ध में घायलों की कुल संख्या 60,000 से अधिक हो गई है। शनिवार सुबह होने से पहले इजरायली हवाई हमले के बाद, गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो में बचावकर्मियों को टॉर्च की रोशनी में गाजा शहर में एक इमारत के टूटे हुए मलबे में खोज करते हुए दिखाया गया है। फुटेज में उन्हें कंबल में लिपटी एक युवा लड़की को ले जाते हुए दिखाया गया है जिसके चेहरे पर चोट लगी है, और कम से कम दो अन्य बच्चे मृत दिखाई दे रहे हैं।

## सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः राजनाथ सिंह



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रविवार को कहा कि वन 'रैंक वन पेंशन' योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार प्रदान करने तक सरकार देश के वयोवृद्ध लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। श्री सिंह ने आठवें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर वायु सेना स्टेशन, कानपुर में एक वेटरन्स रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारे सैनिक परिवार, जाति और पंथ से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाते हैं क्योंकि वे इस तथ्य को जानते हैं कि यदि राष्ट्र सुरक्षित है, तो सब कुछ सुरक्षित है। इससे उन्हें हर चुनौती का सामना करने की नैतिक शक्ति मिलती है।'' उन्होंने कहा कि जहां सरकार देश की प्रगति के लिए और अधिक प्रयास कर रही है, वहीं लोगों की भी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सैनिकों और उनके आश्रितों को अपने परिवार की तरह मानें और यह सुनिश्चित करें कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहें। श्री सिंह ने लोगों से सेवानिवृत्त और सेवारत सैनिकों के सम्मान में अपनी इच्छाशक्ति को और मजबूत करने की अपील की। रक्षा मंत्री ने कहा,'' भारतीय सैनिकों की बहादुरी, कटिबद्धता और मानवीय मूल्यों का न केवल पूरा देश, बल्कि पूरी दुनिया सम्मान करती है।प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने वाले हमारे सैनिकों की बहादुरी को दुनिया भर में सम्मान के साथ याद किया जाता है। हम भारतीय भी न सिर्फ अपने बल्कि दूसरे देशों के सैनिकों का भी सम्मान करते हैं। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 90,000 से ज्यादा सैनिकों ने भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

## बाइस जनवरी का दिन दुनिया के लिए भी ऐतिहासिक - शर्मा

राष्ट्रीय खबर

**पन्ना:** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देश ही नहीं, दुनिया के लिए भी ऐतिहासिक दिन होगा। खजुराहो सांसद श्री शर्मा ने पन्ना जिला मुख्यालय पर श्रीबलदेव मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल होने के बाद मीडिया से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी ने आज से राज्य में मंदिरों की सफाई का अभियान शुरू किया है। हालांकि पन्ना में यह अभियान करीब एक सप्ताह पहले से चल रहा है। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेश में 21 जनवरी तक मंदिरों की साफ-सफाई करेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ, हवन और भंडारे होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है।

## दिल्ली, एनसीआर में शीत लहर की स्थिति जारी



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ( एनसीआर) के घने कोहरे की चपेट में रहने से रविवार को हवाई और रेल यातायात प्रभावित रहा। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली और एनसीआर में अगले चार दिनों (18 जनवरी) तक कोहरा छाया रहने का अनुमान है। रविवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान गिरकर 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लोधी रोड इलाके में पारा और भी नीचे गिरकर 3.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम है। पालम में न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.9, आयानगर में 4.0 और रिज में 4.4 दर्ज किया गया। एनसीआर क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में कोहरे की घनी चादर छाई रही, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारतीय रेलवे के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली लगभग 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं और घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर कई उड़ान संचालन भी प्रभावित हुए हैं।

## महाराष्ट्र के मंत्री विखे-पाटिल ने विधायक पर मुकदमा करने की धमकी दी



राष्ट्रीय खबर

**रत्नागिरी (महाराष्ट्र):** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटिल ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार समूह) के नेता रोहित पवार पर तलाथिस भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के उनके झूठे आरोपों को लेकर मुकदमा चलाने की धमकी दी। श्री पाटिल ने कहा कि अगर विधायक राज्य में चल रही तलाथिस भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के अपने आरोपों को साबित करने के लिए सबूत पेश करने में विफल रहे तो वह उन पर मुकदमा चलायेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ दस्तावेजों की मांग की गयी है और अगर पवार अपने आरोपों को साबित करने के लिए उन्हें पेश करने में विफल रहे तो वह उचित समय पर उनके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। रत्नागिरि में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य में भर्तियां पारदर्शी तरीके से की जा रही हैं और चल रही प्रक्रिया में कोई भ्रष्ट आचरण शामिल नहीं है। राजस्व विभाग की खेल प्रतियोगिता के लिए कोकण के दौरे पर आए मंत्री ने कहा कि भर्तियों के बारे में दोहरे आरोप लगाने के बाद श्री पवार ने उनसे सबूत मांगे। उन्होंने कहा कि श्री पवार इस संबंध में गलत काम का कोई सबूत नहीं दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि राकांपा (शरद पवार) को या तो आरोप साबित करना चाहिए, या परिणाम भुगतना के लिये तैयार रहना चाहिए। अगर भर्ती प्रक्रिया रुक गई तो यह लगभग 8.50 लाख युवाओं के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने कुल पांच हजार तलाथी पदों के लिए आवेदन दाखिल किया था। इस मुद्दे पर श्वेत पत्र की पवार की मांग पर उन्होंने कहा, हम तलाथी भर्ती मुद्दे के साथ-साथ लवासा भूमि सौदे पर एक श्वेत पत्र लाएंगे। मंत्री ने कहा कि पिछली रेत नीति में गलतियों के अध्ययन के साथ एक नयी रेत नीति की घोषणा एक सप्ताह के भीतर की जाएगी।

**हमला** यूक्रेन के मैदान में उत्तर कोरिया के मिसाइलों का प्रयोग कर रहा रूस

# यह स्थिति पूरे एशिया क्षेत्र के लिए गंभीरः किर्बी



राष्ट्रीय खबर

**सियोल:** व्हाइट हाउस ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह में दो बार यूक्रेन में उत्तर कोरिया द्वारा आपूर्ति की गई कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, जो मॉस्को के लिए प्योंगयांग के समर्थन में वृद्धि है, जिसका यूरोप में युद्ध और कोरियाई प्रायद्वीप की सुरक्षा दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में कहा कि उत्तर कोरिया निर्मित मिसाइलें 30 दिसंबर और 2 जनवरी को यूक्रेन पर दागी गईं। कियेब के अनुसार, वे नए साल की छुट्टियों के आसपास यूक्रेन पर दागी गई कम से कम 500 मिसाइलों और ड्रोनों में से एक थे। उन्होंने कहा, 30 दिसंबर के हमले में एक अकेली मिसाइल शामिल थी जो एक खेत में गिरी, जबकि रूस के 2 जनवरी के हमले में कई मिसाइलें शामिल थीं। किर्बी ने कहा कि 2 जनवरी को दागी गई मिसाइलों के प्रभावों का अभी भी आकलन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि वे बड़े पैमाने पर रूसी हमले का हिस्सा थे। किर्बी ने ब्रीफिंग में कहा, हमारे प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रणों के कारण, रूस विश्व मंच पर तेजी से अलग-थलग हो गया है और उन्हें सैन्य उपकरणों के लिए समान विचारधारा वाले राज्यों की ओर देखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जैसा कि हम सार्वजनिक रूप से चेतावनी देते रहे हैं, उनमें से एक राज्य उत्तर कोरिया है। किर्बी और विश्लेषकों ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध में उत्तर कोरियाई हथियारों की शुरूआत का असर कोरियाई प्रायद्वीप के 7,500 किलोमीटर (4,600 मील) पूर्व में होगा। यह रूस के लिए डीपीआरके के समर्थन में एक महत्वपूर्ण और चिंताजनक वृद्धि है, किर्बी उत्तर कोरिया के आधिकारिक नाम, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए कहा। किर्बी ने कहा, हमें उम्मीद है कि रूस और उत्तर कोरिया इन प्रक्षेपणों से सीखेंगे। विश्लेषकों ने उस भावना को दोहराया, कहा कि यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर उत्तर कोरियाई मिसाइलों का उपयोग प्योंगयांग को डेटा दे सकता है जो उसे परीक्षण कार्यक्रम से नहीं मिल सकता है, जिसमें नेता किम के मिसाइल कार्यक्रम के तहत पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों हथियार दागे गए हैं। रक्षा और सैन्य विश्लेषण के अनुसंधान सहयोगी जोसेफ डेम्पसी ने कहा, यह देखना दिलचस्प होगा कि ये मिसाइलें अधिक परिचालन वातावरण में और उत्तर कोरिया की प्रचार मशीन के बाहर, विशेष रूप से सटीकता के किसी भी संकेत और वास्तव में उपयोग की जाने वाली मार्गदर्शन प्रणालियों में कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि पिछले चौबीस घंटे में रूसी हमलों में से अधिकांश को बेकार कर दिया गया है। वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने 13 जनवरी को राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा कि यूक्रेन पर रूस के सुबह के हमले में छह किंजल हाइपरसोनिक मिसाइलों में से तीन सहित 20 से अधिक हथियार अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे। इहनाट के अनुसार, आने वाली मिसाइलें या तो खुले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गईं, हवा में विस्फोट हो गईं, या यूक्रेनी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से प्रभावित हुईं। उन्होंने यह भी कहा कि यह संभव है कि कुछ मिसाइलें नकली थी और यूक्रेनी सेना को भरमाने के लिए थी।

## न्यूज फटाफट

**इजरायल: जीत तक हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखेगा**

**तेल अवीव** : इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश हमास के खिलाफ जीत के अंत तक युद्ध जारी रखेगा। श्री नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में दक्षिण अफ्रीका के आरोपों की निंदा करते हुए, शनिवार देर शाम इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि अफ्रीका कहता है कि उनका देश गाजा पट्टी में नरसंहार कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम जीत की राह पर हैं और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम जीत हासिल नहीं कर लेते।" उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा था कि यह सिर्फ इजरायल का युद्ध नहीं है बल्कि अमेरिका का भी युद्ध है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका द्वारा आईसीजे में शिकायत की आलोचना की और पूछा, वे किसका समर्थन करते हैं? हत्यारे, बलात्कारी, बच्चों को जलाने वाले? कितनी शर्मिंदगी है? उन्होंने कहा कि इजरायली आईडीएफ और सुरक्षा बल नैतिक एवम न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहे हैं, इसलिये दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय निंदा अभियानों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**सीमाओं पर ड्रोन और मिसाइल तैनात कर रहा है ईरान**

**तेहरान** : ईरान की सेना देश की सीमाओं पर नई ड्रोन और मिसाइल इकाइयां तैनात कर रही है। ईरान की थल सेना (ग्राउंड फोर्सेज) के कमांडर किउमर्स हैदरी ने यह जानकारी दी। कहा है कि ईरान की थल सेना देश की सीमाओं पर नई ड्रोन और मिसाइल इकाइयां तैनात कर रही हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, श्री हैदरी ने शनिवार को आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने देश की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने बलों के नवीनतम कदमों और उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "सीमाओं पर पांच ड्रोन प्लाटून और पांच मिसाइल इकाइयों की तैनाती की जा रही है।" उन्होंने कहा कि इकाइयों की तैनाती का मतलब यह नहीं है कि देश के समक्ष कोई खतरा है, बल्कि इसका मकसद अपनी सेना को तैयार रखने के साथ ही खुफिया प्रभुत्व और देश की सीमाओं पर दबदबा बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि थल सेना ने पहले से ही सीमाओं पर 11 लड़ाकू ब्रिगेड तैनात कर दिए हैं। कमांडर ने कहा कि उनकी सेना ने दो नई प्रकार की मिसाइलों का विकास पूरा कर लिया है और उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा।

**हाउती हमलों को लेकर अमेरिका ने ईरान को निजी तौर पर संदेश भेजाः बिडेन**

**वाशिंगटन** :अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि उनके प्रशासन ने लाल सागर में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) के हमलों के संबंध में ईरान को निजी तौर पर एक संदेश भेजा था। संवाददाताओं द्वारा शनिवार को यह पूछे जाने पर कि क्या वह क्षेत्र में हाउती गतिविधियों के बीच ईरान की सरकार को कोई संदेश देना चाहेंगे, श्री बिडेन ने कहा, मैंने संदेश भेजा था, हमने निजी तौर पर यह भेजा था, और हमें विश्वास है कि हम अच्छी तरह से तैयार हैं। नवंबर 2023 में हाउती ने इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने के अपने इरादे की घोषणा की तथा अन्य देशों के जहाजों से अपने चालक दल को वापस बुलाने का आग्रह किया। हाउती ने तब तक अपने हमले जारी रखने का संकल्प लिया है जब तक कि इजरायल गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई समाप्त नहीं कर देता। गौरतलब है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 19 दिसंबर को लाल सागर को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन मिशन में भाग लेंगे।

**कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हुई, 20 घायल**

**बोगोटा** : कोलंबिया के चोको प्रांत में हुए भीषण भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गयी है, जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं। कोलंबियाई पत्रिका सेमाना ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। देश के पश्चिम में शुक्रवार को कारमेन डे अट्राटो नगर पालिका में क्विब्डो और मेडेलिन शहरों के बीच सड़क पर भूस्खलन हुआ। कोलंबियाई मीडिया ने बताया कि भूस्खलन ने सड़क के पास एक घर को नष्ट कर दिया, जिससे उसमें मौजूद लगभग 50 लोग मलबे में फंस गये। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस घटना को एक 'भयानक त्रासदी' बताया है और अधिकारियों से आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई (यूएनजीआरडी) ने कल एक बयान में बताया था कि घायल हुए कम से कम 35 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। उसने बताया कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स (एफएसी) ने घायलों को ले जाने के लिए एक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया और 82 बचाव इकाइयां प्रभावित क्षेत्र में भेजी गयीं। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आपदा से पहले, लगभग 50 लोग एक घर में तेज बारिश से बचने के लिए शरण ले रहे थे, जो अचानक भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आ गया। यूएनजीआरडी ने बताया कि बचाव के प्रयास जारी हैं और पीड़ितों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

**अमेरिकी नौसेना के दो जवान अरब सागर में डूबे**

**मोगादिशु** : अमेरिकी नौसेना के दो जवान एक जहाज पर चढ़ने की कोशिश के दौरान सोमालिया के तट के पास अदन की खाड़ी में डूब गये। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि सोमालिया के तट पर एक अभियान के दौरान, अमेरिकी नौसेना के दो जवान अरब सागर में डूब गए। जवानों का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है।

## आज का इतिहास

- 1759 : लंदन के मोंटेगुवे हाउस में मानवीय इतिहास और सभ्यता पर आधारित दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
- 1784 : विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल हो गया।
- 1934 : बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आए जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत।
- 1949 : के. एम. करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1956 : बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्म।
- 1965 : भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।
- 1970 : मुअम्मर गद्दाफी ने लीबिया की सत्ता पर कब्जा किया।
- 1975 : पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1986 :थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के. एम. करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।
- 1986 : इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया।
- 1988 : भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।
- 1992 : बुल्गारिया ने बाल्कन के देश मैसिडोनिया को मान्यता दी।
- 1998 : भारत के पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का निधन।
- 2008 : खगोलविदों ने धरती से 25 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगा पर जीवन के लिये जरूरी तत्व खोजने का दावा किया।
- 2009 : दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता तपन सिन्हा का निधन।
- 2012 :भारत की प्रथम महिला फोटो पत्रकार होमी व्यारल्ला का निधन।
- 2013 :सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी पर रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत, 150 लोग घायल।
- 2016 :पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत।

## नई टीम ने लिया शपथ

रांची: मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में सामाजिक संस्था जेसीआइ रांची का 64वां शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि रांची के आईजी पुलिस अखिलेश कुमार झा ने कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने अपनी नई युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए उन्होंने आने वाले वर्षों में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया और अपनी टीम को 'न्यू विजन, न्यू डायरेक्शन' की प्रेरणा दी।

कार्रवाई 1250 करोड़ के अवैध खनन का मामला

# ईडी ने एक साथ 30 लोगों को जारी किया समन

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड के साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में ईडी ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। ईडी ने कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को समन जारी कर एजेंसी के रांची स्थित दफ्तर में तलब किया है।साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में ईडी की जांच और तेज कर दी गई है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एजेंसी ने एक साथ 30 लोगों को समन जारी किया है। एजेंसी ने साहिबगंज के कारोबारी कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को एक साथ समन किया है। कन्हैया के विभिन्न ठिकानों पर ईडी के द्वारा रेड की गई थी, जिसमें नगद सहित दर्जनों बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे।ईडी के रेड के दौरान जो बेनामी बैंक खाता से संबंधित जानकारी मिली थी उसी को लेकर ईडी ने समन जारी किया है। 17 जनवरी से कन्हैया सहित अन्य 30 लोगों से पूछताछ की जाएगी। सभी बेनामी अकाउंट धारी व्यक्तियों को एक साथ समन किया गया है। जो अकाउंट ईडी के रडार पर आए हैं उनसे करोड़ो रूपए के ट्रांजेक्शन किए गए हैं।साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में ईडी ने 3 जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। ईडी ने बुधवार की सुबह सात बजे एक साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, मुख्यमंत्री के दोस्त विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर रेड किया था। छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिए निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं। बरामदगी के आधार पर ही ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

# एक ही जमीन की दोबारा रजिस्ट्री नहीं करने पर रजिस्ट्रार और कर्मियों से बदसलूकी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** एक ही जमीन को दोबारा रजिस्ट्री नही करने पर रजिस्ट्रार और कर्मियों से बदसलूकी का मामला सामने आया है। मामला खूंटी जिले के अवर निबंधक (रजिस्ट्रार) कार्यालय का है। मामले को लेकर खूंटी के रजिस्ट्रार बाल्मीकि साहू ने शनिवार को खूंटी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।इनमें रांची जिले के धुर्वा निवासी हरिनारायण मिश्रा, असम के सोनीतपुर जिला के नहारानी टीई निवासी सुरेश ग्रेरवा कुमार और धुर्वा निवासी मृत्युंजय कुमार सिन्हा के विरुद्ध प्राथमिकी (कांड संख्या 09/24) आईपीसी की धारा 341/ 323/ 353/ 379/ 504/ 506/ 34 में दर्ज की गई है।मिली जानकारी के मुताबिक कर्रा के गोसो गांव की 1.81 एकड़ जमीन है जिसका 8 नवम्बर 2023 को निबंधन हो चुका है। डीसी और एसपी ने मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। अब आरोपी इसी जमीन को दोबारा रजिस्ट्री के लिये दबाब बना रहा है। इन लोगों पर आरोप है कि रजिस्ट्रार ने जब उक्त जमीन की दोबारा रजिस्ट्री करने से इनकार किया तो तीनों आरोपियों ने प्रधान सहायक अभिराम नायक से धक्का-मुक्की कर जबरन सरकारी दस्तावेज छीनने लगे। आरोपियों ने कहा कि हमारा निबंधन नहीं होगा तो किसी का नहीं होगा। इस दौरान हरिनारायण मिश्र ने रजिस्ट्रार को परिणाम भुगतने की भी धमकी दे डाली। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# विधायक प्रतिनिधि की हत्या में निशि पांडेय की भूमिका संदिग्ध, सीआईडी ने की कार्रवाई की सिफारिश

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या में निशि पांडेय की भूमिका संदिग्ध है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने हत्या की आपराधिक साजिश रचने के मामले में निशि पांडेय पर कार्रवाई की सिफारिश की है। बता दें कि निशि पांडेय गिरोह के किशोर पांडेय (मृतक) की पत्नी हैं। फिलहाल निशि पांडेय राजनीतिक दल भारतीय जनतंत्र मोर्चा से जुड़ी हैं।बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या 25 फरवरी 2023 को तीन अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने कर दी थी। सीआईडी एसपी ने अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि निशि पांडेय और जेल में बंद विकास तिवारी द्वारा संचालित पांडेय गिरोह ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बितका बाउरी की हत्या की थी। रामगढ़ जिले में पतरातू के खदान क्षेत्रों में निशि पांडेय और विकास तिवारी द्वारा कोयले के पूरे कारोबार को नियंत्रित किया जाता है, जिसका विरोध स्थानीय विधायक और कार्यकर्ता करते हैं। मृतक बितका बाउरी स्थानीय विधायक के प्रतिनिधि थे और सौंदा बस्ती संघर्ष फाउंडेशन नाम की संस्था बनाकर कोयले के अवैध व्यवसाय का विरोध किया करते थे।सीआईडी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में भी टेलीग्राम एप के जरिये विकास तिवारी और निशि पांडेय गिरोह का संचालन कर रहे हैं। 13 फरवरी 2023 को पतरातू बस्ती में बैठक कर बितका बाउरी को मारने की योजना बनायी गई थी। सीआईडी की जांच में बताया गया है कि स्थानीय पुलिस निशि पांडेय के खिलाफ कार्रवाई से हिचकती है।

## यूएसए की लगातार दूसरी जीत



**रांची:** एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में यूएसए ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में भारत को हराने के बाद दूसरे मैच में इटली को 2-0 से हराकर पूल बी में टॉप पर पहुंच गई। मुकाबले के शुरूआत से यूएसए की टीम हावी रही। मैच का पहला गोल 20 वें मिनट में आया। यूएसए की एश्ले सेस्सा ने इटली के डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। दूसरा गोल यूएसए की कप्तान एश्ले हॉफमैन ने किया। 48 वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को उन्होंने गोल में तपदील किया। पूरे मैच में यूएसए को 8 और इटली को 3 पेनाल्टी कॉर्नर मिले।

# रविंद्र गंझू दस्ते के खिलाफ अभियान शुरू, समर्थक हो रहे चिन्हित

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पुलिस और केन्दीय सुरक्षाबलों की ओर से गुमला और लोहरदगा इलाके में नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान 15 लाख का इनामी माओवादी रविंद्र गंझू, रंथू उरांव और उसके दस्ते की तलाश की जा रही है। बता दें कि चार दिन पूर्व गुमला में हुई आगजनी की घटना के बाद छोटानागपुर रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे और सीआरपीएफ डीआईजी ने घटना स्थल का दौरा किया था। नौ जनवरी को गुमला और आसपास जिले के एसपी के साथ बैठक भी की गई, इस दौरान माओवादियों के खिलाफ 15 दिनों का विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान रविंद्र गंझू, रंथू उरांव और उसके दस्ते के लोगों को दबोचने का निर्देश दिया गया है। बैठक में शामिल सभी एसपी को सख्त हिदायत गई कि वे और डीएसपी अभियान को खुद लीड करें। रविन्द्र गंझू पुलिस के अभियान से घबरा कर लातेहार छोड़ इन दिनों कुछ लोकल युवाओं को अपने साथ जोड़ कर वारदातों को अंजाम दे रहा है। सूचना है कि उसके कुछ समर्थक इसमें उसकी मदद कर रहे हैं। जिसके बाद नक्सलियों के समर्थकों पर भी पुलिस शिकंजा कसने की तैयार में है। अभियान के दौरान पुलिस की टीम को घटना से जुड़ी कई अहम जानकारी मिली है। पता चला है कि नक्सलियों के समर्थकों ने ही घटना को अंजाम देने के लिए उन्हें बाइक उपलब्ध करायी थी। उन समर्थकों से उपलब्ध करायी गई बाइक से ही नक्सलियों ने आठ जनवरी की रात अगलगी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस की टीम ने नक्सलियों के समर्थकों की भी सूची तैयार कर ली है। उनकी गतिविधि पर भी पुलिस की टीम नजर रखे हुए है। जानकारी के अनुसार रविन्द्र गंझू ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए आधा दर्जन नए लोगों को अपने दस्ते में जोड़ा है। आठ जनवरी की रात रविन्द्र के दस्ते ने गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में आठ जनवरी की रात बाक्साइड का परिवहन के लिए लगी आधा दर्जन गाड़ियों में आग लगा दी थी। साथ ही एक गाड़ी में विस्फोट भी किया था।

## उर्दू यूनिट खत्म करने की कोशिश हुई तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन

**रांची:** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने संघ की ओर से लिए गये निर्णय की जानकारी दी। कहा कि यदि उर्दू यूनिट खत्म करने की जरा भी कोशिश की गई तो राज्यव्यापी और व्यापक आंदोलन होगा। जिसका बुरा नतीजा आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भी सामने आयेगा। केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि राज्य सरकार एक साजिश के तहत झारखंड से सभी उर्दू यूनिट को खत्म करना चाहती है। इसकी जिम्मेदारी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने उठा रखा है। इसलिए तरह-तरह के हथकंडे अपना कर उर्दू के सभी यूनिट को ही खत्म करने की साजिश हो रही है।

# बढ़ने लगी कंपकंपी, अगले कुछ दिनों में फिर होगी बारिश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी समेत राज्यभर में इन दिनों से ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह सूरज निकलने से पहले और शाम होते ही ठंड इतना सताने लगती है कि लोगों का अपने-अपने घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकि सुबह के समय धूप खिलने के बाद लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिलती है। मगर इस बीच भी लोगों को ठंड हवाओं की परेशानी झेलनी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से ठंड इतनी बढ़ी है कि लोग हर वक्त ठंड से बचने का उपाय करते दिखते है। विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों राज्य में बहने वाली सर्द हवाओं के प्रवाह को पश्चिमी विक्षोभ ने रोक दिया था लेकिन अब यह विक्षोभ खत्म हो गया है जिसके कारण उत्तर दिशा से बहने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाओं से अब राज्य के तापमान में गिरावट आई है। वजह यहीं है कि राज्य में इन दिनों कंपकंपी ठंड बढ़ गई है। जो लोगों को सता रही हैं। मौसम विभाग चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि राज्य में अगले 3 से 4 दिनों तक राज्य के न्यूनतम तापमान में किसी तरह के कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस बीच आने वाले कुछ दिनों राजधानी रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों (जिलों) में हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। विभग ने बताया है कि 17 और 18 जनवरी को रांची और राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए विभाग ने यह भी बताया है कि राज्य के तापमान में 15 जनवरी (सोमवार) के बाद से धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इस बीच मौसम विभाग केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि राजधानी रांची समेत राज्य में इस वक्त जिस तरह का मौसम है उससे बचने के लोगों को अपना खास ख्याल रखने की आवश्यकता है।




विकास झारखंड सरकार ने छह रोड कॉरिडोर निर्माण के लिए काम करना तेजी से शुरू

# झारखंड के 4 नये इकोनॉमिक रोड कॉरिडोर व दो टूरिस्ट कॉरिडोर से बदलेगी तस्वीर, घटेगी दूरी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड सरकार ने छह रोड कॉरिडोर निर्माण के लिए काम करना तेजी से शुरू किया है। इन सभी का डीपीआर तैयार कराया जा रहा है, जमीन की उपलब्धता का आकलन किया जा रहा है। इनमें कॉरिडोर ऐसे हैं जो झारखंड को सभी ओर से जोड़ते हैं और आर्थिक गलियारा के रूप में काम करेगा। चारों कॉरिडोर के बनने से सामान्यता उस रूट में वर्तमान में जो दूरी लगता है वह काफी कम हो जायेगी। समय की काफी बचत होगी। लॉजिस्टिक खर्च घटेगा।ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर बनने से गढ़वा से दुमका जाने की दूरी 117 किमी कम हो जायेगी। वहीं, झारखंड ईर्स्टन कॉरिडोर बनने से साहेबगंज से चांडिल आने में 126 किमी की दूरी की बचत होगी। नार्थ-साउथ कॉरिडोर बनने से हजारीबाग के बिशुनगढ़ से चाईबासा आने में 79 किमी की दूरी कम तय करनी होगी तो वहीं, झारखंड सेंट्रल कॉरिडोर के निर्माण से रांची से डोभी जाने में 50 किमी का फासला कम होगा। वर्तमान में डोभी जाने के लिए जीटी रोड का उपयोग करते हैं, या फिर रांची से कुडू-बालुमाथ, चतरा-हंटरगंज-डोभी निकलते हैं लेकिन इस रूट से काफी लंबा समय लग जाता है, नये कॉरिडोर से 50 किमी दूरी सीधे घट जायेगी।वहीं, दो कॉरिडोर को चिह्नित किया गया है, जो पर्यटन की दृष्टि से बेहतर होंगे। इनके बनने से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। पथ निर्माण विभाग ने इसके अलावा रांची से साहेबगंज तक के लिए भी 325 किमी एक्सप्रेस- वे निर्माण की योजना बनायी है, जिसका प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

**ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर:** मुरीसेमर एनएच 75, नियर यूपी बॉर्डर-चतरा-बरही-बेंगाबाद-मधुपुर-सारठ-पालाजोरी-दुमका। इस कॉरिडोर के निर्माण से मुरीसेमर से दुमका आने-आने में 117।00 कमि की बचत होगी एवं आवागमन बहुत ही सुगम हो जायेगा। यह कॉरिडोर लगभग ग्रीनफील्ड से गुजरेगी।

**झारखंड ईर्स्टन कॉरिडोर:** साहेबगंज-जामताड़ा- निरसा-सिंदरी-चंदनक्यारी-चांडिल= इस कॉरिडोर के निर्माण से साहेबगंज से चांडिल आने-जाने में 126।00 किमी की बचत होगी, आवागमन भी सुगम होगा।

**नार्थ-साउथ कॉरिडोर:** झुमरीतिलैया एनएच 31, बिशुनगढ़-पेटरवार-कसमार-बारलंगा-सिल्ली-रड़गांव-सरायकेला- चाईबासा। इस कॉरिडोर के निर्माण से झुमरीतिलैया से चाईबासा आने-जाने में 79 किमी की बचत होगी। आवगमन सुगम होगा। यह भी लगभग ग्रीनफील्ड होगा।

**झारखंड सेंट्रल कॉरिडोर:** रांची में कांठीटांड-ठाकुरगांव-बुढ़मू-टंडवा- चतरा-हंटरगंज-डोभी। इस कॉरिडोर के बनने से रांची झारखंड से डोभी बिहार आने-जाने में 50 किमी की बचत होगी। आवागमन सुगम होगा।मिलन चौक सिल्ली-रंगामाटी रोड- सरजमडीह-तमाड़-खूंटी-गोविंदपुर-सिसई-घाघरा-नेतरहाट-गारू-सरयू-लातेहार-हेरहंज-बालुमाथ-मैक्सुलस्कीगंज-चामा मोड़। इस कॉरिडोर के बनने से कई टूरिष्ट प्लेस को जोड़कर एक टूरिष्ट सर्किट का निर्माण किया जायेगा जिससे पर्यटकों को काफी सुविधा होगी एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**बिरसा-लुंगुबुरू- पारसनाथ-बाबाधाम होली कॉरिडोर:** यह रोड रांची-ओरमांझी-गोला-रजरप्पा- लुंगुपहाड़ी- पेंक, डुमरी-गिरिडीह-बुढई- देवघर रोड को जोड़ेगा। यह कॉरिडोर कई टूरिष्ट प्लेस को जोड़कर टूरिष्ट सर्किट के रूप में काम करेगा।